रांची
शुक्रवार
16.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 08
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**

सफलता की राह में बहुत गलतियां तो होगी लेकिन गलतियों को देखकर रुक जाना अलग बात है और उनसे सीखकर निरंतर आगे बढ़ते रहना एक अलग बात।

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-310 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण, चीन समेत आधी दुनिया रेंज में

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने चीन-पाकिस्तान समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेने वाली परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का गुरुवार देर

- चीन-पाकिस्तान समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेगी मिसाइल
- भारतीय सेना और वायुसेना को मिलने से पहले ही खौफजदा चीन ने उठाये सवाल

शाम सफल रात्रि परीक्षण किया। पांच हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम मिसाइल की नई तकनीकों और उपकरणों को मान्य करने के लिए यह परीक्षण किया गया है। इस परीक्षण ने अग्नि-5 मिसाइल की मारक क्षमता बढ़ाने की क्षमता को साबित कर दिया है। सबसे शक्तिशाली और गेम चेंजर अग्नि-5 को सेना में शामिल



करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारत ने इससे पहले 27 अक्टूबर को परमाणु सक्षम अग्नि-5 मिसाइल का पहला उपयोगकर्ता परीक्षण करके इतिहास रच दिया था। भारत को अग्नि-1 मिसाइल से लेकर अब अग्नि-5 मिसाइल तक का सफर पूरा होने में 20 साल लगे हैं। 2002 में लॉन्च हुई मध्यम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 की मारक क्षमता 700 किलोमीटर थी और इससे 1000 किलो तक के परमाणु हथियार ढोए जा सकते थे। उसके बाद अग्नि-2, अग्नि-3 और अग्नि-4 मिसाइलें आईं। ये तीनों इंटरमीडिएट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, जिनकी मारक क्षमता 2000 से 3500 किलोमीटर है। अब भारत ने 5,000 किलोमीटर रेंज की अग्नि-5 का पहला परीक्षण करके दुश्मनों को खौफ में डाल दिया है।

रक्षा सूत्रों के अनुसार 5,000 किमी. रेंज की यह मिसाइल एक लॉन्च में कई लक्ष्यों को नष्ट करने की क्षमता रखती है। अग्नि-5 के बाद भारत की गिनती उन 8 देशों में हो गई है, जिनके पास इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल यानी आईसीबीएम है। चीन-पाकिस्तान समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेने वाली यह मिसाइल अभी सेना और वायुसेना को नहीं मिली है लेकिन इससे पहले ही चीन में खौफ पैदा हो गया है। चीन की चिंता इसलिए भी है, क्योंकि पांच हजार किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम मिसाइल की रेंज में उसका पूरा देश आ रहा है। चीन का ऐसा कोई शहर नहीं है, जो इस मिसाइल के रेंज में न हो।

रक्षा सूत्रों ने कहा कि अग्नि-5 मिसाइल का आज किया गया परीक्षण इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह कई वारहेड ले जाने में सक्षम मल्टीपल इंडिपेंडेंट रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) से लैस है। इस तकनीक से मिसाइल को प्रक्षेपण के बाद कई अलग-अलग लक्ष्यों तक परमाणु हथियारों को स्वतंत्र तरीके से भेजा जा सकता है। आज का परीक्षण नई तकनीकों और उपकरणों को मान्य करने के लिए किया गया है। इस परीक्षण ने अग्नि-5 मिसाइल की मारक क्षमता बढ़ाने की क्षमता को साबित कर दिया है। इस मिसाइल का 2018 में हैट्रिक प्री-इंडक्शन ट्रायल किया गया था। डीआरडीओ के अनुसार लगभग 17 मीटर लंबी, 2 मीटर चौड़ी, तीन चरणों वाली ठोस ईंधन वाली मिसाइल 1.5 टन का पेलोड ले जा सकती है और इसका वजन लगभग 50 टन है। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, फ्रांस, इजरायल और उत्तर कोरिया के बाद भारत अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल रखने वाला आठवां देश हो गया है। अग्नि-5 मिसाइल का इस्तेमाल बेहद आसान है। इसे जल, थल और नभ में कहीं से भी दागा जा सकता है। देश के किसी भी कोने में इसे तैनात कर सकते हैं जबकि किसी भी प्लेटफॉर्म से युद्ध के दौरान इसकी मदद ली जा सकती हैं।

**तबादला : झारखंड में आईएएस अधिकारियों का फेरबदल**

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक बने मुकेश कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का गुरुवार देर शाम तबादला किया गया है। साथ ही कई अधिकारियों को अपने कार्यों के साथ अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। आईपीआरडी के नए निदेशक मुकेश कुमार बने वहीं कोडरमा के उप-विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा आदिवासी कल्याण आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। कार्मिक विभाग ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।

ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह अपने कार्यों के साथ पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे।

परिवहन सचिव राजेश कुमार शर्मा को अब श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण कौशल विभाग में सचिव बनाया गया है।श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**खतियानी जोहार यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने गोड्डा का किया दौरा, कहा -**

# राज्य के प्रत्येक गांवों में दवा दुकान उपलब्ध कराने की हमारी योजना

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोड्डा।** खतियानी जोहार यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को गोड्डा का दौरा किया। जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ सीएम ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। गोड्डा कॉलेज ग्राउंड में हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आए और उन्होंने जीप पर बैठकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए मेला मैदान की ओर प्रस्थान किया। मेला मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि राज्य को मजबूत करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत करना होगा। सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ कर रही है। जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक राज्य का विकास नहीं हो सकता। उन्होने कहा कि पूरे राज्य में गांव-गांव, पंचायत-पंचायत दवा दुकान उपलब्ध कराने की हमारी योजना है। गांव के पढ़े लिखे युवाओं को इस योजना में अवसर दिया जाएगा। विपक्ष ने 20 साल शासन कर जितनी गंदगी फैलाई है, उसे आपकी सरकार साफ कर रही है। उन्होने जनता से पूछा के क्या 1932 खतियान पास कराना गलत है?



खतियान वालों को बांग्लादेशी बोला जाता है। हमारे राज्य को ठग प्रदेश बोला जाता है। हमारी जमीन, हमारी मिट्टी में खड़ा होकर झारखंडवासियों को ही गाली दिया जाता है। इसे झारखंडी कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। झारखंड वीर शहीदों की धरती है। महान क्रांतिकारियों की धरती है। जो खतियान का विरोध करेगा, वह झारखण्ड का विरोध करेगा। हमारे वीर शहीदों का विरोध करेगा। आप सभी को इन झारखंड विरोधियों से सावधान होगा। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री आलमगीर आलम, राजमहल के सांसद विजय हांसदा, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडे आदि भी शामिल थे।

### सीएम ने गोड्डा में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम व मॉडल स्कूल का किया निरीक्षण



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने गुरुवार की देर शाम गोड्डा में निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। सीएम ने उपायुक्त को निर्देश दिया कि इंडोर स्टेडियम निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, कोई कोताही न हो। श्री सोरेन ने बताया कि उन्हें पूर्व में अन्य जगह इंडोर स्टेडियम निर्माण के बारे में शिकायत मिली थी जिसका समाधान किया गया था। मुख्यमंत्री ने गोड्डा में निमार्णाधीन मॉडल स्कूल का भी निरीक्षण किया। स्कूल के निर्माण में कोई कोताही न हो इस बाबत उन्होने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए । मुख्यमंत्री ने गोड्डा में आदिवासी कल्याण छात्रावास में युवाओं से भी मुलाकात की। सीएम ने कहा कि पूर्व सरकारों में छात्रावासों का कभी जीर्णोद्धार ही नहीं किया गया। हमारी सरकार छात्रावासों का जीर्णोद्धार कर रही है। उन्होने उपायुक्त को निर्देश दिया कि इस छात्रावास का पूर्णतः जीर्णोद्धार कर स्थिति को बेहतर बनाया जाय।

## सशक्तिकरण : राज्य में स्वयं सहायता समूहों की संख्या में छह गुना वृद्धि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की परिकल्पना अब धीरे- धीरे आकार ले रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जहां एक ओर ग्रामीणों के अनुरूप योजनाओं का सृजन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर, सखी मंडल की महिलाओं की आजीविका समृद्धि के लिए उन्हें मजबूत आधार मिलने लगा है। विगत तीन वर्ष में इसके लिए अथक प्रयास हुए, जिसका प्रतिफल है कि सामुदायिक निवेश प्राप्त स्वयं सहायता समूहों की संख्या में छह गुना वृद्धि दर्ज की गई है। 2012 से 2019 तक की अवधि में ऐसे समूहों की संख्या 31,496 थी, जबकि 2020 दिसंबर माह के बाद से अबतक इसकी संख्या 1,83,451हो गई। 2019-20 में 304, 2020-21 में 80,299, 2021-22 में 72051 एवं 2022-23 में अबतक यह संख्या 30,797 दर्ज की गई है। दिसंबर 2019 से लेकर अबतक सिर्फ सामुदायिक निवेश प्राप्त स्वयं सहायता समूहों की संख्या में ही वृद्धि दर्ज नहीं हुई है, बल्कि स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त चक्रीय निधि और सामुदायिक निवेश की राशि में भी वृद्धि हुई है। चक्रीय निधि के तहत स्वयं सहायता समूहों को 2012-19 के बीच 12437.1 लाख रुपए निर्गत हुए, वहीं विगत तीन वर्ष में दिसंबर 2019 से अबतक 27,949.9 लाख रुपए प्राप्त हुए।

इस तरह करीब ढाई गुना अधिक राशि तीन वर्ष में विभिन्न समूहों को निर्गत किया गया। 2012-2019 तक 12437.1 रुपए निर्गत हुए। जबकि 2019-20 में 3560.4 लाख, 2020-21 में 17684.73 लाख, 2021-22 में 3542.59 लाख एवं 2022-23 में 3162.18 लाख रुपए चक्रिय निधि के तहत स्वयं सहायता समूहों के बीच अबतक वितरित किया गया है। सामुदायिक निवेश की राशि की में भी चार गुना वृद्धि विगत तीन वर्ष में आई है। 2012 से 2019 तक 20524.48 लाख रुपए सामुदायिक निवेश के तहत प्रदान किया गया था। वहीं, दिसंबर 2019 से अबतक 86,816.52 लाख रुपए स्वयं सहायता समूहों को दिया गया। इस तरह 2019-20 में 152 लाख, 2020-21 में 36,367.67 लाख, 2021-22 में 34,378.6 लाख एवं 2022-23 में 15,918.25 लाख रुपए सामुदायिक निवेश के तहत स्वयं सहायता समूहों को निर्गत हुआ है।

## खाना खाने के 15 मिनट बाद टहलने से कई फायदे



**-आरपी सिंह**

**नयी दिल्ली।** खाना खाने के 15 मिनट बाद टहलने से कब्ज, टाइप 2 डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा जैसे रोग पर काफी हद तक लगाम लगता है। कई शोध में पाया गया है कि कब्ज, टाइप टू मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर तथा मोटापा ऐसी बीमारियां हैं, जो इंसान को लग जाती हैं तो जल्दी जाती नहीं हैं। लेकिन खाना खाने के 15 मिनट बाद टहलने से इन बीमारियों पर लगाम लगाने में मदद मिलती है। लेकिन सावधानी यह भी रखनी होगी कि खाना खाने के तुरंत बाद नहीं टहलें। तुरंत टहलने से अपच, डायरिया, जी मिचलाना, गैस व पेट फूलने जैसी परेशानी हो सकती हैं। खाना खाने के लगभग 15 मिनट बाद चलने से पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है। चलने की स्पीड धीरे-धीरे बढ़ानी चाहिए। लेकिन इतना भी तेज नहीं चलना चाहिए कि सांस फूलने लगे। खाना खाने के बाद चन्द्र मिनट से आधे घंटे तक आपकी जितनी सहनशक्ति हो उतना टहल सकते हैं। लेकिन परेशानी हो तो किसी योग्य वैद्य, चिकित्सक से सलाह ले लेना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने तक पुलिस अधिकारियों को ईडी ना करें तलब, ईडी को सरकार ने भेजा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मैं अवैध खनन मामले के बड़हरवा केस के अनुसंधान से जुड़े पुलिस अफसरों को पूछताछ के लिए समन नही भेजने को लेकर झारखंड सरकार की तरफ से एक पत्र एड़ी को भेजा गया है। पत्र में यह लिखा गया है कि मामले को लेकर सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है ऐसे में जब तक सुप्रीम कोर्ट का कोई फैसला नहीं आता है तब तक किसी भी पुलिस अधिकारी को नोटिस जारी किया जाए।

**क्या है मामला** जानकारी के अनुसार अपर गृह सचिव राजीव अरूण एक्का ने पुलिस मुख्यालय के जरिये गुरुवार को एक पत्र ईडी कार्यालय को भेजा है। पत्र में ईडी को बताया गया है कि झारखण्ड सरकार बड़हरवा टॉल प्लाजा केस के अनुसंधान में ईडी को परिवादी बनाए जाने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ एसएलपी में सुप्रीम कोर्ट गई हैं। ऐसे में इस मामले में तब तक पुलिस अफसरों को समन कर ईडी कार्यालय न बुलाया जाए, जबतक सुप्रीम कोर्ट इस संबंध में कोई फैसला नहीं दे देता।

### हाजिर नहीं हुए प्रमोद मिश्रा

बड़हरवा के तत्कालीन डीएसपी प्रमोद मिश्रा को ईडी ने पंकज मिश्रा और आलमगीर आलम को 24 घंटे के भीतर क्लीनचिट देने के मामले में पूछताछ के लिए दूसरा समन भेजा था। दूसरे समन में उन्हें 15 दिसंबर की सुबह 11 बजे तक एजेंसी के रांची जोनल आफिस में पहुंचने का निर्देश दिया गया था। लेकिन वह नहीं पहुंचे। मामले को लेकर प्रमोद मिश्रा ने बताया कि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का इंतजार कर रहे हैं उसके बाद ही वह आईडी के दफ्तर जाएंगे। गौरतलब है कि पहली बार प्रमोद मिश्रा को 12 दिसंबर को हाजिर होने को कहा गया था। इस समन पर भी वह उपस्थित नहीं हुए थे। इस मामले में पांच दिसंबर को ईडी के केस के अनुसंधान पदाधिकारी मो सरफुद्दीन खान का बयान दर्ज किया था। वहीं साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दूबे से ईडी ने पंकज मिश्रा के न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान बातचीत व मुलाकात के मामले में पूछताछ की थी।

## खूंटी में दो पीएलएफआई उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के जोनल कमांडर सुखराम गुड़िया दस्ते के दो सक्रिय उग्रवादियों को पुलिस ने बुधवार को रनिया थाना क्षेत्र के जाराकेल जंगल से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 315 बोर के दो कारतूस, पीएलएफआई का पर्चा, 10,500 रुपये नकद, दो बाइक और दो मोबाइल बरामद किये गये हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में गुरुवार की शाम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि रनिया में ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए पीएलएफआई के जोनल कमांडर सुखराम गुड़िया दस्ते के उग्रवादी उड़ीकेल, जाराकेल, कोयनारा आदि क्षेत्रों में भ्रमणशील है। सूचना के सत्यापन के बाद एसपी के निर्देश पर तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल का गठन किया गया और जाराकेल जंगल से दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बोकारो में वेदांता इलेक्ट्रोस्टील स्टील प्लांट में हादसा, चार मजदूर झुलसे

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड में बोकारो जिले के चन्दकियारी प्रखंड के सियालजोरी में अवस्थित वेदांता ग्रुप के इलेक्ट्रो स्टील प्लांट के एक विभाग में ट्रांसफार्मर में विस्फोट होने से चार मजदूर झुलस गए। प्रबन्धकीय सूत्रों ने बताया कि हादसे में चार मजदूर बुरी तरह से झुलसे है। हादसे के बाद स्टील प्लांट का अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मजदूरों को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में दो की हालत नाजुक है। बताया जाता है कि एल



बी इंजीनियरिंग नामक ठेका कम्पनी के मजदूर प्लांट के एम आर एस एस सब स्टेशन के वेक्यूम सर्किट ब्रेकर में सट डाउन लेकर मेंटेनेंस का काम कर रहे थे, इसी कार्य के दौरान जोरदार फ़्लैश के साथ धमाका हुआ और तेजी से आग फैल गई । घायल मजदूरों में प्रीतम मांझी (26 वर्ष), पलाश पाल (20 वर्ष), साहिब भुंइया (23 वर्ष) तथा अनिर्बान मैत्री (19 वर्ष) शामिल है। घायल मजदूर पश्चिम बंगाल के बताए जा रहे है। इस बीच जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**रांची में 17 से आयोजित होगा 5वां झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2022 जिफ़्फा**

# 32 देशों की फिल्मों का होगा प्रदर्शन, बॉलीवुड सितारों का सजेगा कारवां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल जिफ्फा और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर, मोरहाबादी, रांची में 17 और 18 दिसंबर को 5 वां झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2022 जिफ़्फा आयोजित किया जाएगा। जिफ्फा के कार्यकारी अध्यक्ष सह प्रवक्ता सुनील सिंह बादल, संयोजक विनय मेहता, सह संयोजक पंकज कुमार और समन्वयक सुजीत उपाध्याय ने आज यहां संवाददाताओं को संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। इस मौके पर सेलिब्रेटी




मैनेजमेंट के प्रमुख डॉ आरिफ नासिर बट और सात्विक आनंद भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय परिसर, मोरहाबादी, रांची में 17 दिसंबर को 5 वां झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2022 का भव्य उद्घाटन यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में सुबह 11.30 बजे झारखंड के कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन करेंगे। झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर तथा बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में भारत सहित 32 देशों से आई 134 फिल्मों में से चयनित 53 फिल्मों को 225 दर्शकों की क्षमता वाले विश्वविद्यालय के हॉल में 5 एलईडी स्क्रीन के माध्यम से निशुल्क प्रदर्शित किया जाएगा। 17 दिसंबर की संध्या प्रसिद्ध लोककलाकार भिखारी ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर रूपांतर नाट्य मंच, गोरखपुर की ओर से भिखारी ठाकुर पर केंद्रित सुनील जायसवाल निर्देशित नाटक कहन भिखारी का मंचन होगा।

15 लघु और डॉक्युमेंटरी फिल्मों के अलावा नागपुरी, खोरठा और झारखंड की संथाली भाषा की फि ल्में भी दोनों दिन शो केस होंगी। इसमें स्कूलों से छात्रों को भेजने का भी अनुरोध किया गया है। पूर्व की भांति भारत सरकार के सौजन्य से प्राप्त बच्चों की 6 फिल्मों की विशेष रूप से स्क्रीनिंग शेड्यूल कार्यक्रम स्थल पर रखा जाएगा। झारखंड के कलाकारों के साथ झारखंडी व्यंजनों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता बढ़ाने के लिए झारखंड फूड स्टॉल और झारखंड लोक नृत्य की प्रस्तुति भी होगी। श्री बादल ने बताया कि झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस 18 दिसंबर को एवार्ड संध्या का उद्घाटन शाम 6.30 बजे करेंगे और मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। नदिया के पार फेम सचिन, राजपाल यादव, महिमा चौधरी, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बिस्किट लाने जा रहा बच्चा पर तेंदुए ने किया हमला, मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया/गढ़वा।** जिला अंतर्गत भंडरिया थाना क्षेत्र के रोदो गांव में हृदय विदारक घटना में 9 साल के बच्चे को तेंदुए ने मार डाला। तेंदुए ने बच्चे को मार कर घुटने के ऊपर के हिस्से को खा गया। मामला गुरुवार को सुबह सामने आया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर प्रशासनिक विभाग के पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। बताया जाता है स्थानीय गांव निवासी ब्रह्मदेव तुरी का 9 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार तुरी गांव में ही दुकान में बिस्कुट लाने गया था। उसी दौरान रास्ते में तेंदुए ने हमला कर दिया। उसके शरीर के कई अंगों को खा गया। जिससे घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। रात भर उसके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित

रांची। अनुसूचित जाति समन्वय समिति सभी पदाधिकारी सदस्यों एवं महानगर में निवास करने वाले सभी अनुसूचित जाति के लोगों से विनम्र आग्रह है कि गुरुवार संध्या 4:00 बजे कांके रोड में पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया है चुनाव आयोग के द्वारा रोस्टर के माध्यम से रांची नगर निगम की मेयर सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने पर हेमंत सरकार के द्वारा टीएसी एवं कैबिनेट की अचानक बैठक बुलाकर संविधान को ताक पर रखकर इस रोस्टर को खत्म कर रांची नगर निगम की मेयर सीट को पुण: एसटी सीट करने का काम किया जो झारखंड मे रहनें वाले 50 लाख अनुसूचित जाति के लोगों को अपमानित करने का काम किया इसका विरोध में आज संध्या 4:00 बजे कांके रोड में हेमंत सरकार का पुतला दहन किया जाएगा आप सभी समय पर उपस्थित होकर अपना विरोध प्रदर्शन करें और अपनी हक की लड़ाई लड़ने के लिए एकत्रित हो वरना इसी तरह आगे भी एक-एक कर हर जगह से आपको वंचित करने का काम करेगी।

### नामकुम के लाली बरटंडा जंगल में सड़ा हुआ शव

नामकुम। नामकुम के लाली के बरटंडा जंगल के पहाड़ी की तलहटी में एक व्यक्ति पूरी तरह से सड़ा हुआ शव को पुलिस ने बरामद किया है। मृतक का नाम सुरेन्द्र मुण्डा (45) पिता बुधराम मुण्डा गांव टुंगरी टोली लाली का रहने वाला है। मृतक के परिवार में एक बूढ़ी मां के साथ रहता था। मृतक के मां ने बताया कि उसका पुत्र सुरेन्द्र अत्यअधिक शराब का सेवन कर घर से चा से पांच दिनों तक घर से गायब रहता था। वह गांव में लवारिस की तरह पूरे गांव में घूमा करता था। मृतक 11 दिन पूर्व अपने घर निकला था। ग्रामीणों द्वारा शव मिलने की सूचना मिली। स्थानीय लोगों के अनुसार शराब के अधिक सेवन करने के कारण जंगल की ओर जाने पहाड़ की ओर जाने के गिर गया होगा जहां पर उसकी मौत हो गई होगी। गुरूवार की सुबह स्थानीय लोगों की सूचना मिलने के बाद सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

### कोयला खनन वाले क्षेत्र की बेहतरी के लिए केंद्रीय मंत्री से मिले रांची सांसद

# खलारी में केंद्रीय विद्यालय पुनः आरंभ करने का आग्रह



**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली / रांची।** रांची सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने खलारी के राय शिशु मंदिर विद्यालय से डकरा चौक तक सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने के लिए आभार जताया। वहीं खलारी में बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय का संचालन पुनः आरंभ करने का आग्रह भी केंद्रीय मंत्री से किया। सांसद ने उनसे कहा कि यह कोयला खनन प्रभावित क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में इस व्यवसाय से जुड़े लोग रहते हैं। बच्चों के पठन-पाठन के लिए क्षेत्र में कोई अच्छा विद्यालय भी नहीं है। इस दृष्टि से यह केंद्रीय विद्यालय का संचालन अति आवश्यक है। वहीं सांसद ने केंद्रीय मंत्री से कोयला खनन वाले क्षेत्र के नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर हो सके, इस हेतु कई सुझाव दिए। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को डीएमएफटी से संबंधित मुद्दे और इससे हो रहे कार्यों से भी अवगत कराया। उनसे कहा कि डीएमएफटी की राशि उस क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए खर्च हो, इस दिशा में प्रशासन को दिशा निर्देश दिया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त खलारी व आसपास के क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हो सके, उस क्षेत्र का समुचित विकास हो, इसके लिए भी सांसद ने कई सुझाव केंद्रीय मंत्री को दिए। श्री सेठ ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि कोयला खनन वाले क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण भी हो सके, इस दिशा में भी हम सबको काम करना चाहिए, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक पहल करने की बात कही।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एंगर फ्री क्लास रूम व नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित




रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में एंगर फ्री क्लास रूम और नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित की गई। 14 दिसम्बर 2022 को रांची सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स द्वारा सी.बी.पी.- एंगर फ्री क्लास रूम और 15 दिसम्बर 2022 को सी.बी.एस.ई. सी.ओ.ई. पटना के द्वारा पीआरपी प्रोग्राम- नई शिक्षा नीति 2020 आयोजित की गयी। पीआरपी कार्यक्रम में सी.बी.एस.ई. सी.ओ.ई. सेक्षन ऑफीसर श्री रंजीत कुमार उपस्थित थे। सीबीपी मे सहोदया विद्यालय के अध्यक्ष और उप जिला प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर श्री समरजीत जाना, जवाहर विद्या मंदिर रांची के प्रधानाचार्य, सहोदया स्कूल कॉन्प्लेक्स के कोषाध्यक्ष श्री नीरज सिन्हा, फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ायी। एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग, दिल्ली के जनरल सेक्रेटरी डॉ. संदीप कुमार और ब्लू बेल्स इंटरनेशनल, दिल्ली की स्पेषल एजुकेटर डॉ मुदिता यादव कार्यशाला की विशेषज्ञ थी। झारखंड और बिहार के लगभग 55 प्रतिष्ठित स्कूलों के 120 से अधिक प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों ने इन सत्रों में भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने सत्र को सुचारू रूप से समापन करने के लिए विद्यालय के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा की।

### देबूका देबूका नर्सिंग होम ने किया हड्डी दर्द निवारण के लिए एक दिवसीय कैंप का आयोजन

रांची। बुंडू आनंद मेडिकल डॉक्टर एकांश देबूका देबूका नर्सिंग होम के बैनर तले जनसेवा के लिए पुनः हड्डी जोड़ों के दर्द निवारण के लिए एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई श्रीमान सारंगी और श्री पांडा जी ने डॉक्टर देबूका को बुके देकर सम्मानित किया इस कैंप में 137 मरीजों को पंजीकृत किया गया। सर्वविदित है डॉक्टर एकांश देबूका जो यू के से पढ़कर वतन लौटे हैं और इन्हें अपने वतन से इतना लगाव है कि सेवा करना मुनासिब समझा टाटीसिल्वे मानसू मेडिकल में 1 दिन कैंप कर सैकड़ों गरीब लोगों की जांच और उपचार किया है। एक भेंटवार्ता में इन्होंने बताया कि मैं झारखंड के हर क्षेत्र में कैंप कर ऐसे लोगों की सेवा करूंगा जो गरीब लाचार वह बेबसी से पीड़ा झेलते हुए अपना जीवन बिता रहे हैं यदि ऐसे लोगों के लिए कुछ कर सका तो सारा श्रेय मेरे माता-पिता को जाएगा जो दोनों ही डॉक्टर हैं। इलाज के साथ डॉक्टर देबूका ने लोगों के बढ़ते उम्र के पड़ाव प्रभाव पर सचेत करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिया और जागरूक किया।

## हेमंत सरकार पिछड़ी व दलितों के विरोधि : समन्वय समिति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को अंनु0 जाति/पिछड़ी/ अल्पसंख्यक समाज के प्रमुख लोगों लोगों ने सामूहिक रूप से कांके रोड सीएमपीडीआई रांची में उपेन्द्र कु. रजक के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। बैठक में हेमंत सरकार द्वारा मंत्रीपरीषद के बैठक कर संविधान व रोस्टर प्रणाली के तहत अंनु0 जाति के लिए आरक्षित रांची आदित्यपुर, हजारीबाग आदि मेयर पद को अंनु. जनजाति करने पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि हेमंत सरकार संविधान व चुनाव आयोग के निर्देश को धजिया उड़ा रहे हैं वह सता के नसा में अंनु. जाति व पिछड़ी जाति के संविधानिक अधिकारों से वंचित करने का संयंत्र रच रहें हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार अपस में टकराव करना चाहती है। उपेन्द्र रजक, विजय राम, रंजन पासवन, राजेश रौशन, रामलगन राम,फिरोज अंसारी, राजु राम, नवल साहु, अधिवक्ता प्रभात कुमार संतोष रबि सुबोध पासवान राजेंद्र वर्मा राजेश गुप्ता ने कहा कि सरकार दलित बिरोधि है सरकार दलितों के समाने थाली परोशकर थाली छिनने का काम किया है पहले टीएसी के माध्यम से चुनाव टालने का प्रयास किया और अब कैविन्ट के बैठक के माध्यम से लोगों का अझुराने का काम किया है। साथही सरकार अंनु0जाति व पिछड़ी जाति के संविधानिक अधिकार समाप्त कर रहा है।उन्होने कहा कि तीनों समाज मिलकर इस सरकार के खिलाफ सड़क से सदन तक बिरोध करेंगे* समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र रजक ने कहा कि हेमंत सरकार के तुगलकी फरमान के खिलाफ आज आदित्यपुर, हजारीबाग, रामगढ़, गढ़वा, डालटेनगंज, चतर आदि जगह पर अनुसूचित जाति समन्वय समिति के लोगों ने हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। बैठक में उपस्थित थे- नीरज पासवान, विकास कुमार रवि, योगेंदर लाल, प्रेमजित कुशवाहा, संतोष कुमार रवि नवल किशोर साहू, महेश कुमार मनीष, युराज पासवान, मोनू रजक, रूप लाल रजक, प्रदीप रजक, दिलीप रजक आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अगले आदेश तक रहेगा जारी : बादल

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के किसानों के आर्थिक स्वावलंबन के लिए कटिबद्ध हैं। सरकार सुखाड़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना पर लगातार प्रभावित किसानों के आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। राज्य के कृषि मंत्री बादल ने आज कहा कि जब तक राज्य के सुखाड़ से प्रभावित अंतिम कृषक को राहत योजना का लाभ नहीं मिल जाता है तब तक मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना पोर्टल पर किसानों का निबंधन जारी रहेगा। श्री बादल ने कहा कि अब तक राज्य में 17लाख 50हजार 814 लाभुकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है उनमें से 9,13,410 ऐसे किसान हैं जिन्होंने अब तक बुवाई नहीं की है। इसके अलावा 6,69,007 किसान ऐसे हैं जिनकी फसल क्षति 33 फीसदी से ज्यादा है। 1 लाख 68 हजार 397 भूमिहीन कृषक मजदूरों में पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। सबसे ज्यादा पलामू , देवघर और गढ़वा के किसानों ने राहत के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदनों के भूमि दस्तावेजों के सत्यापन में तेजी लाएं ताकि राज्य के ज्यादा से ज्यादा किसानों को राहत पहुंचाई जा सके।

### पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत डीएसपी प्रमोद समेत तीन की पोस्टिंग

**रांची।** राज्य सरकार ने पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत तीन डीएसपी स्तर के अधिकारियों की पदस्थापना कर दी है। ईडी के रडार पर आए बड़हरवा के पूर्व डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा को सीटीसी मुसाबनी में डीएसपी में तैनात किया गया है। वहीं पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत नीरज कुमार को एटीएस व अशोक कुमार-2 को एसीबी में बतौर डीएसपी पदस्थापित किया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### नामकुम में अफीम खेती को किया विनष्ट



**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र के हेसो, गरूड़पीढ़ी, खुदागड़ा, पोस्ताबेड़ा, हिसाबेड़ा के सुदूरवर्ती गांवों में अवैध रूप से अफीम की खेती को विनष्ट किया गया। इस अभियान में बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार, नामकुम थाना प्रभारी सुनील तिवारी, दशम फॉल प्रभारी विष्णु कांत, सब इंस्पेक्टर अनिमेष शांतिकारी, एसआई रवि कुमार केशरी,एसआई अकाश कुमार सहित अन्य टीम शामिल थी।

### झारखण्ड में बेहतर कार्य के लिए मनोज व दिनेश को किया गया सम्मानित



नामकुम। झारखण्ड में मानव अधिकार के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए नामकुम के बरगांवा निवासी अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश चीफ मनोज सिंह व झारखंड मानवाधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा को दिल्ली में अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हवा सिंह तंवर, चीफ प्रदीप कुमार बुबना व राजेश तंवर के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष को झारखण्ड मानवाधिकार संघ की ओर से चांडिल योजना के प्रभावित विस्थापितों के न्याय के लिए ज्ञापन सौपा है। इस संबंध में मनोज सिंह सिंह व दिनेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते बताया कि कि 1979, 1980 मे तत्कालीन बिहार सरकार द्वारा बहुउद्धेश्य योजना के तहत चांडिल मे दम निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। जिसमें विस्थापितों के लिए पुनर्वास नीति बनाई गई थी, इसके तहत 32 गांव पूरी तरह से विस्थापित हुए थे। जबकि 52 गांव आंशिक प्रभावित थे। अभी वर्तमान मे 116 गांव प्रभावित है। उक्त विस्थापितो को अब तक पुनर्वास नीति के तहत मुआवजा भी मिला है, विस्थापित परिवार हताश और निराश हो चुके है।

### मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनायेगा एमपावर और मेडिक्स

रांची। वैश्विक स्वास्थ्य प्रबंधन कंपनी, मेडिक्स ने आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल एवं भारत में मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी, एमपावर के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। मेडिक्स 300 से अधिक इन-हाउस चिकित्सकों की टीम और दुनिया के 4,500 से अधिक अग्रणी स्पेशलिस्ट्स के वैश्विक गुणवत्ता मान्यता प्राप्त नेटवर्क के साथ लाखों ग्राहकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्रभावी तरीके से पूरा करता है और एमपावर के पास 600 से अधिक अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स की मजबूत क्षमता है जिसने वैज्ञानिक दृष्टि से प्रामाणिक, विश्वस्तरीय हस्तक्षेप तकनीकें उपलब्ध कराकर 121 मिलियन से अधिक लोगों की जिंदगी को सकारात्मक रूप में प्रभावित किया है। इस साझेदारी के जरिए, एमपावर और मेडिक्स भारत में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए एकीकृत और उन्नत तकनीकी समाधान पेश करेंगे। एमपावर और मेडिक्स साथ मिलकर भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी संवाद में बदलाव लाने हेतु काम करेंगे और इस हेतु सहायता पाने के नए तरीकों को बढ़ावा देंगे।


## e- Procurement Cell

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender**

**(Very Short Notice)**

ई- प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-04/BCD/CIR-02/RANCHI/,Div/2022-23 Date:-15-12-2022

| 1 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| (I) | **Construction of Didi Kitchen Canteen in the Campus of FFP Building at HEC, Dhurwa, Ranchi** | रू0 **54,09,708.00** | 04 महीने |
| 2 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **22-12-2022** | |
| 3 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | **26-12-2022** को अपराह्न **3:00** बजे | |
| 4 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | **27-12-2022** को दोपहर **12:00** बजे तक | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | **27-12-2022** को अपराह्न **3:00** बजे | |
| 6 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0-2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 7 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | **9931152315** | |
| 8 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | **0651-3512691** | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 285056 Building Dept Circle - 2(22-23)D



## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 35/2022-23

दिनांक 14/12/2022

मद का नाम :- जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरकट्ठा | राजकीय बालका मध्य विद्यालय, बरकट्ठा का उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 11357600.00 | 10000.00 | 228000.00 | नौ माह |
| 2 | बरकट्ठा | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुर्कबाद का उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 10941100.00 | 10000.00 | 219000.00 | नौ माह |
| 3 | बरकट्ठा | पंचायत कोनहराखुर्द, ग्राम मेरमगढ़ा, टोला केन्दुआटांड के बरदबोही नदी में पुल का निर्माण। | 8278900.00 | 10000.00 | 166000.00 | एक वर्ष |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 21.12.2022
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 22.12.22 से 29.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 30.12.2022 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.12.2022 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546 261406 ई-मेल - districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 285129 (District) 22-23 (D)



## Government of Jharkhand
## Rural Works Department
## JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)

3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

SHORT NOTICE INVITING TENDERS (**VERY SHORT NOTICE**)

(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

Re-e-Tender No.- 56/2022-23 Dated:

**PR no- 283800 dated 30.11.2022 (2nd Call)**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered in appropriate class with Road Construction Department and Rural Works Department of GoJ for post five year Maintenance of works (list of Schemes shall be displayed in the website : pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

**Maintenance- NIT - 56 / 2022-23**

| Sl. No. | District | Block | Package No. | Road Name | Road Length (in Km) | Amount (in Lakh) | Earnest Money (in lakh) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | Palamau | Hariharganj | JH-M-PAL-33 / 2021-22 | PMGSY - P.W.D. Road to Bhawar | 3.100 | 77.02 | 0.80 | 30th March 2023 |

Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | **16.12.2022 at 10.30 AM** | **23.12.2022 upto 5.00 PM** | **23.12.2022 at 5.30 PM** | To be informed later |

**Note :-**

1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) shall be deposited online in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d). Online payment through RTGS/ NEFT should not be made through SBI.
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, RCD or any Department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / have made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in**. Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.

All other details including details of schemes of Maintenance works to be executed can be seen in the bidding document which will be available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** from **23.12.2022** as per schedule mentioned above.

**Chief Engineer**
**JSRRDA, Ranchi**

PR 285115 (Rural Work Department) 22-23 (D)



## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## मुख्य अभियंता का कार्यालय
## 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या:- 170/2022-23/RWD/RANCHI दिनांक :- 14.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ RANCHI/35/ 2022-23 | ग्राम बलसोकरा मिडिल स्कूल से चन्दावर भाया बिडरा एवं बलसोकरा एन0एच0-75 अंसारी मुहल्ला एवं बड़ी मस्जिद होते हुए पाहन टोला तक पथ निर्माण कार्य (लं- 5.000 कि0मी0) | 4,04,33,000.00 | चार करोड़ चार लाख तैंतीस हजार रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ RANCHI/36/ 2022-23 | ब्यासी पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से सिसई ग्राम तक पथ निर्माण कार्य (लं- 3.950 कि0मी0) | 3,61,83,700.00 | तीन करोड़ इकसठ लाख तेरासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 3. | RWD/ RANCHI/37/ 2022-23 | दोवारू से कदमबेड़ा तक पथ निर्माण कार्य (लं- 2.200 कि0मी0) | 2,98,53,300.00 | दो करोड़ अनठानवे लाख तिरपन हजार तीन सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ RANCHI/38/ 2022-23 | पतराहातु से दुलमीडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं- 2.600 कि0मी0) | 2,90,22,900.00 | दो करोड़ नब्बे लाख बाईस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 5. | RWD/ RANCHI/39/ 2022-23 | बुढ़मू चकमें मुख्य पथ के सतपारा स्थित जग्गु साव के घर से मण्डाटांड़ होते हुए पंचायत सचिवालय होते हुए चकमें तालाब के चारों ओर डाड़ीडहर होते हुए अजय प्रसाद साहु के घर तक पुनः राजकीय मध्य विद्यालय के मुख्य गेट से चकमें शमशान घाट तक पथ निर्माण एवं डाड़ीडहर के पास आर0सी0सी0 पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण कार्य (लं- 2.300 कि0मी0) | 2,84,06,600.00 | दो करोड़ चौरासी लाख छः हजार छः सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 6. | RWD/ RANCHI/40/ 2022-23 | बड़कीटांड़ से केन्दुवाडीह भाया खेदाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं- 2.500 कि0मी0) | 2,60,47,000.00 | दो करोड़ साठ लाख सैंतालीस हजार रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- **27.12.2022**
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- **06.01.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:- **10.01.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- **11.01.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **राँची** के पक्ष में एवं **राँची** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मन्ट सेल

**PR 285086 Rural Work Department(22-23).D**

## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त रांची ने किया प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण, दिये अवशयक निर्देश

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को तमाड़ एवं बुंडू प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया। उपायुक्त ने तमाड़ प्रखंड के सलगाडीह में एकलव्य मॉडल विद्यालय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भ्रमण किया। तमाड़ में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और सीएचसी में आने वाले मरीजों के लिए व्यवस्था के बारे में उपायुक्त द्वारा विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त द्वारा बेहतर व्यवस्था के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बुंडू प्रखंड क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय बुंडू और न्यूटन छात्रावास का निरीक्षण किया गया। बुंडू प्रखंड क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा अनुमंडल अस्पताल, बुंडू पहुंचे तथा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्था की जानकारी ली । उपायुक्त द्वारा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### पेंशन अदालत का आयोजन किया गया

**रांची ।** गुरुवार को रांची रेल मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, हटिया के सभागार में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अपर मण्डल रेल प्रबन्धक मनीष कुमार ने कहा कि ह्लसेवानिवृति के बाद यदि आपको पेंशन से संबन्धित कोई समस्या आती है तो आप उसे लेकर पेंशन अदालत में आ सकते हैं । आपके समस्याओं के समाधान हेतु रेल प्रशासन सदैव प्रयासरत है। इस मौके पर वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर ने सभी का स्वागत किया और पेंशन अदालत में प्रस्तुत सभी प्रकार के मामलों पर विचार विमर्श कर उनका समाधान किया गया। मण्डल के मण्डल लेखा अधिकारी के प्रवीण कुमार भी इस मौके पर उपस्थित थे। सेवानिवृत पेंशनधारकों में जगजीत सिंह बहल, चंचल सिंह, राणा प्रताप चौबे, गदाधर कैवर्त्य, रामकृष्ण उपाध्याय, एम रामचंद्रा, बी सी पटनायक, एसबी राय एवं अन्य उपस्थित थे।

### आपसी विवाद में दंपति ने आत्महत्या करने की कोशिश की, रिम्स में भर्ती

**रांची।** पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाला लाजपत राय नगर के रहने वाले एक दंपति ने आत्महत्या करने की कोशिश की । बताया जा रहा है कि दोनों ने आपसी विवाद में जहर खा लिया है। दोनों को गंभीर हालत में रिम्स में भर्ती कराया गया है। दोनों की पहचान 36 वर्षीय सोनू अग्रवाल और 35 वर्षीय मलोबिका सरकार के रूप में हुई है। दोनों के शरीर में पॉइजन के अंश मिले हैं। बरियातू पुलिस के साथ-साथ पुंदाग ओपी को भी मामले की सूचना दे दी गई है।

# बेहतर आमदनी व पोषण सुरक्षा में मशरूम की खेती उपयोगी : डॉ. ओंकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मशरूम उच्च पोषक पदार्थ से युक्त तथा स्वास्थ्य सुधार में बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। शाकाहारी लोगों के बीच मशरूम सेवन का प्रचालन तेजी से बढ़ा है। शहर के साथ-साथ गाँवों में भी मशरूम का सालो भर बेहद मांग है। राज्य के अनेकों किसानों ने कृषि क्षेत्र में मशरूम की व्यावसायिक खेती को अपनाकर सम्पन्नता हासिल की है। इसे घरेलु उद्यम के रूप में अपनाकर महिलाएँ पारिवारिक आय में बढ़ोतरी और पोषण सुरक्षा प्रदान कर सकती है। उक्त बातें कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने बटन मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। वे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय अधीन कार्यरत पौधा रोग विभाग के मशरूम उत्पादन यूनिट द्वारा अक्टूबर से दिसंबर माह में आयोजित 28 दिवसीय तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह




के अवसर पर कही। कुलपति ने कहा कि झारखण्ड की जलवायु मशरूम की खेती के लिए काफी उपयुक्त है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को घरेलु एवं व्यावसायिक तौर पर मशरूम उत्पादन शुरू करनी चाहिए। साथ ही आयोजक को प्रशिक्षाणार्थियों की समस्यायों का समाधान और उत्पादन में प्रगति का फीडबेक लेनी चाहिए। ताकि राज्य में मशरूम उत्पादन से आजीविका एवं पोषण सुरक्षा को गति मिले। विशिष्ट अतिथि डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल ने कहा कि विवि के मशरूम उत्पादन यूनिट द्वारा आयोजित तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शोधकर्त्ता, स्वयंसेवी संगठन, महिलाओं एवं किसानों की भागीदारी एक सुखद संदेश है। अन्य मशरूम की अपेक्षा बटन मशरूम की खेती में काफी अधिक लाभ है। प्रशिक्षाणार्थियों को बाकी बचे दो - तीन महीनों में प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर बटन मशरूम का उत्पादन कर लाभ लेनी

> शंकर साहू ने यूटुब से प्रेरणा लेकर प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण दौरान ही अपने रातू गाँव में 50 क्विंटल खाद का निर्माण एवं विवि से मशरूम बीज (स्पांन) खरीदकर बिजाई कर व्यावसायिक तरीके से बटन मशरूम की खेती की।

चाहिए। मौके पर प्रशिक्षाणार्थियों में शंकर साहू, ज्योति सिंह एवं स्वाति झा ने 28 दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुभवों को साझा किया। शंकर साहू ने यूटुब से प्रेरणा लेकर प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण दौरान ही अपने रातू गाँव में 50 क्विंटल खाद का निर्माण एवं विवि से मशरूम बीज (स्पाँन) खरीदकर बिजाई कर व्यावसायिक तरीके से बटन मशरूम की खेती की शुरूआत की है। एनजीओ प्रतिनिधि ज्योति सिंह ने इस कार्यक्रम उपरांत अधिकाधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की बात कही। रांची विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग की छात्रा ने प्रशिक्षण एवं शोध कार्य के उद्देश्य से कार्यक्रम में भाग लेने की बात कही। अक्टूबर से दिसंबर माह तक आयोजित 28 दिवसीय तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रांची, रामगढ, सिमडेगा, सरायकेला, पाकुड़, हजारीबाग, गढ़वा, देवघर, चतरा, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के कुल 34 लोगों ने भाग लिया। मौके पर सभी प्रशिक्षाणार्थियों को कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह, डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाल एवं मशरूम यूनिट प्रभारी डॉ नरेंद्र कुदादा द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। स्वागत भाषण में मशरूम प्रोडक्शन यूनिट प्रभारी डॉ नरेंद्र कुदादा ने बटन मशरूम उत्पादन का महत्त्व एवं 28 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मशरूम की खेती में मात्र रु। 75/- की लागत से रु। 200-250 तक शुद्ध लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### 17 दिसंबर को रांची में भारत जोड़े यात्रा

**रांची ।** झारखंड राज्य में चल रही भारत जोड़े यात्रा का समापन राजधानी रांची में होगा। राजधानी रांची में 17 दिसंबर को यात्रा की शुरूआत शहीद चौक से की जाएगी और बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर एक जनसभा के साथ समापन किया जाएगा। रांची जिला महानगर अध्यक्ष और रांची ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष ने यात्रा की रूपरेखा की पूरी जानकारी साझा की।रांची जिला महानगर अध्यक्ष और रांची ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया है कि रांची में भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक होगी। जिस तरह से राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा चलाई जा रही है और यात्रा ने अपना 100 दिन पूरा कर लिया है। इस यात्रा के माध्यम से देश में बेरोजगारी,महंगाई,भ्रष्टाचार के मुद्दे पर देश के लोगो को जगाने की प्रयास राहुल गांधी कर रहे है। इसी को सफल बनाने के लिए सभी राज्य भी भारत जोड़ो यात्रा चला रहे है।

## रेलखंड पर फाटक के स्थान पर नॉर्मल हाईट सबवे के निर्माण कार्य को लेकर ट्रेनें प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आद्रा मंडल के आद्रा-मेदिनीपुर रेलखंड पर मानव सहित समपार फाटक के स्थान पर नॉर्मल हाईट सबवे के निर्माण कार्य हेतु ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा अतः रांची रेल मण्डल से परिचालित कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

**ट्रेनें रद्द रहेंगी :** ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर झ हटिया एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 20/12/2022 को खड़गपुर से रद्द रहेगे। ट्रेन संख्या 18036 हटिया झ खड़गपुर एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 20/12/2022 को हटिया से रद्द रहेगी।

ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी : 1. ट्रेन संख्या 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 20/12/2022 को अपने निर्धारित मार्ग



कोटशिला-बोकारो स्टील सिटी- चन्द्रपुरा-महुदा-आद्रा-खड़गपुर के स्थान पर कोटशिला-पुरुलिया -चांडिल-टाटानगर-खड़गपुर होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 20/12/2022 को अपने निर्धारित मार्ग खड़गपुर-आद्रा-महुदा-चन्द्रपुरा - बोकारो स्टील सिटी-कोटशिला के स्थान पर खड़गपुर-टाटानगर-चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी।

### मैथिली मंच के कैलेंडर का विमोचन 18 को

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच के मैथिली पंचांग सह कैलेंडर का विमोचन 18 दिसंबर को होगा। इसका विमोचन हरमू स्थित विद्यापति दालान में किया जाएगा। इस मौके पर कैलेंडर विमोचन के साथ कई अन्य कार्यक्रम भी किए जाएंगे। विद्यापति दालान में मैथिली मंच की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। महासचिव बैद्यनाथ झा ने बताया कि कार्यक्रम अपराह्न 2:30 बजे से शुरू होगा। कैलेंडर में मिथिलांचल की विभूति के साथ-साथ वहां की सांस्कृतिक धरोहर, प्राचीन मंदिर और अन्य महत्वपूर्ण स्थल की झलक देखने को मिलेगी। वहीं, विद्यापति स्मारक समिति अपने कैलेंडर सह मैथिली पंचांग का विमोचन 25 दिसंबर को करेगी।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल व स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुवंश झा की पुण्यतिथि मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में गुरुवार को लौह पुरूष व पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुवंश झा की पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने मजबूत इच्छाशक्ति एवं बुलन्द इरादों के कारण आजादी के बाद स्वदेशी राज्यों का भारत में विलय कर पूरे देश को एकात्मता के सूत्र में पिरो दिया। वक्ताओं ने कहा कि आज जब पूरा देश क्षेत्रवाद, भाषावाद, जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद की भावना से ग्रसित है। इन विषम परिस्थितियों में राष्ट्र भावना को अपनाने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य प्रासंगिक एवं अनुकरणीय है। वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल गृहमंत्री के रूप में भी भारत के चहुंमखी विकास के लिए जीवनपर्यन्त प्रयत्नशील रहे। उनके नेतृत्व में देश सामरिक दृष्टिकोण से मजबूत हुआ जिसका नतीजा था कि देश की जनता ने उनके द्वारा लिए गए निर्णय पर उन्हें लौह पुरूष की उपाधि से सम्मानित किया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुवंश झा की व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि 1930 से कांग्रेस के सक्रिय सदस्य रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से योगदान देने के कारण 1930, 32 एवं 1941 में जेलयात्रा भी की थी। 1942 से 1945 के बीच ह्यभारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत थे। वे देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर 1930 में रांची आयें। उन्होंने खादी प्रचार-प्रसार के साथ-साथ रांची जिला में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिये।



## न्यूज गैलरी

### बेड़ो के सीओ को एसडीओ बनाए जाने पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष ने दी बधाई

**बेड़ो।** बेड़ो में पदस्थापित अंचलाधिकारी सीओ सुमंत तिर्की को एसडीओ बनाए जाने पर गुरूवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक प्रखंड के समाजसेवी मोतीलाल गुप्ता सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय समेत प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की ने अपने एसडीओ बनाए जाने पर अंचल समेत प्रखंड कर्मियों के बीच खूब मिठाई बाटी। मौके पर पंचायत स्वयं सेवक रामदयाल प्रजापति, गोविन्द भगत, बोलवा उरांव, सीमा कुमारी, दिलीप लोहरा, सरोज लकड़ा और प्रदीप उरांव ने समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सिमडेगा सेंट्रल अंजुमन एवं यूथ सेंट्रल द्वारा केलाघाघ समीप खड्डे का किया मरम्मत

**सिमडेगा।** सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया एवं यूथ सेंट्रल की ओर से गुरुवार की दोपहर में केलाघाघ मोड़ समीप बने खड्डे को श्रमदान करते हुए मरम्मत कराया गया। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सेंट्रल अंजुमन के सदर मोहम्मद ग्यास ने बताया कि खड्डे की वजह से पिछले दो बार हाल के दिनों में सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की यही पर मौत हो गई लेकिन अभी तक किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इधर सेंट्रल अंजुमन की ओर से इसे पाल करते हुए मिट्टी डालकर उसे मरावद कराया गया है ताकि दोबारा उक्त स्थल पर कोई भी दुर्घटना ना हो।मौके पर सेंट्रल अंजुमन के सदर मो ग्यास , हाजी जावेद , यूथ विंग के सदर सलमान आरिफ , अनस , आफताब आलम आदि लोग शामिल हुए।

### सीसीएल कर्मचारी के घर अपराधियों ने की गोलीबारी, घटना सीसीटीवी में कैद

**चतरा ।** चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गांव स्थित सीसीएल कर्मी मोहम्मद असलम के घर में अज्ञात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर क्षेत्र मे दहशत फैलाया।जानकारी के अनुसार बुधवार की रात तीन बाईक पर आये छः हथियारबंद अपराधियो ने सबसे पहले घर का दरवाजा खोलने का प्रयास किया,लेकिन सफल नही होने पर अपराधियो ने अंधाधुंध फायरिंग कर राजधर साईडिंग मे टाटा पावर कम्पनी का काम बन्द करने की चेतावनी देते हुए भाग गये।घटना के वक्त असलम घर पर नही था।अपराधियो का यह उत्पात घर मे लगे सीसीटीवी कैमरा मे कैद हो गई है।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार तुरंत मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।घटना स्थल से पुलिस ने कई खोखा भी बरामद किया है।इस घटना से असलम के परिवार और बहेरा गांव मे दहशत का माहौल है।वहीं स्थानीय पुलिस के द्वारा असलम के घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

### एसएससी जीडी ओपन टेस्ट सीरीज के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**सिमडेगा।** जिले के विद्यार्थियों के लिए सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जिसमे बैंक एसएससी रेलवे जेएसएससी जेपीएससी जीडी के लिए ओपन टेस्ट सीरीज प्रारंभ की गई हैं जिसमे जिले के काफी संख्या में विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं और अपनी तैयारी को परख रहें हैं। संस्थान के संचालक ने जानकारी देते हुए कहा कि टेस्ट सीरीज में जिले के कोई भी विद्यार्थी भाग ले सकते है, उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सीरीज जिले में प्रारंभ होने से विद्यार्थियो को क्वेश्चन का लेवल कैसा होता हैं और एग्जाम के समय टाइम मैनेजमेंट कैसे करना हैं ये सारी चीजे विद्यार्थियो को सीखने का मिल रहा हैं। यह टेस्ट सीरीज प्रत्येक पंद्रह दिनों में अलग अलग परीक्षाओं की ली जाएंगी। रविवार 18 दिसंबर को एसएससी जीडी टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हैं। इच्छुक विद्यार्थी प्रिंस चौक के निकट इलाहाबाद बैंक के ऊपरी तल्ले में स्थित सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के कार्यालय में संपर्क कर शनिवार तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### धान क्रय केन्द्र का उद्घाटन

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत सोंस पंचायत में धान क्रय केन्द्र (लैंप्स) का उद्घाटन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गोपाल रामदास द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गोपाल रामदास ने प्रखंड के किसानों को कहा कि आप धान को सरकारी मूल्य पर सही वजन के साथ इस केन्द्र में लेकर दलालों से खुद को सुरक्षित रखें। मौके पर जिला परिषद सदस्य पश्चिमी आदिल अजीम, मुखिया बिमला देवी, तनवीर आलम, चटवल पंचायत के मुखिया शिव उरांव, अबरार आलम सहित अन्य मौजूद थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत

**बसिया।** बुधवार की शाम बसिया के लोंगा गांव के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दोनों रांची से कोलेबिरा की ओर जा रहे थे तभी अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गए। मृतकों की पहचान रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के दीपक नायक और राजू नायक के रूप में की गई है।

### विधायक ने बेड़ो और लापुंग में तीन चेक डैम निर्माण का शिलान्यास किया

# भंगी नदी में दो करोड़ की लागत से बनेगा चेकडैम



नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग / बेड़ो ।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा पंचायत में भंगी नदी तथा बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी खुरहा टोली गांव के घघारी नाला में जल संसाधन विभाग झारखंड सरकार के लघु सिंचाई प्रमंडल रांची के तहत बनने वाली दो अलग अलग चेक डैम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बेड़ो प्रखंड के खुरहा टोली में समाजसेवी राजकमल गोप तथा विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र वर्मा के प्रयासों से बन रहे चेकडैम की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय के साथ मिलकर पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लघु सिंचाई योजना के तहत चैक डैम निर्माण कार्य के पूरे होने पर ग्रामीणों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी । चेकडैम निर्माण से क्षेत्र में पानी की कमी दूर होगी। किसानों को खेती खेती करने में सुविधा मिलेगी। इससे किसानों की आय में बढोत्तरी होगी । उन्होंने ने कहा कि बहुत दिनों से यहां के ग्रामीणों की मांग थी कि यहां एक चेक डैम का निर्माण कराया जाय । ग्रामीणों के इसी मांग पर यहां चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा इस नाला से सालों भर पानी का बहाव होता रहता है। चेक डैम के निर्माण हो जाने पर किसानों को लाभ होगा। दोनों और सैकड़ों एकड़ जमीन पर खेती भी की जा सकेगी।इसके साथ ही गर्मी के दिनों में जहां ग्रामीण नहाने का उपयोग करेंगे, वहीं गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों को पानी मिल सकेगा। इस मौके पर समाजसेवी राजकमल गोप, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, समाजसेवी मनोज कुमार साहु, करमा उरांव, मुखिया लक्ष्मी कोया, सुनील कच्छप, नकुल सिंह, अनिल साहु, कंचन साहु, बुधराम लोहरा, सोमरा लोहरा, महाकाल लोहरा, पहान ठेमका मुंडा व बुधवा मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा में भंगी नदी में ढाई करोड़ की लागत से दो चेक डैमों के निर्माण की आधारशिला रखते हुए मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इसकी गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता नहीं होनी चाहिए। डैम की क्वालिटी अच्छी होगी तो किसानों को अधिक दिनों तक उसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर संवेदक घनश्याम पांडेय, कृष्णा सिंह, बलदेव साहु सहित लापुंग प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, कांग्रेस के अध्यक्ष जयन्त बरला, नकुल सिंह , बोकरन्दा मुखिया सरोज मुंडा, समाजसेवी चरकु साहु सहित दर्जनों विशिष्ट लोग मौजूद थे।

## बीरू स्थित लैंपस में धान अधिप्राप्ति का जिप सदस्य ने किया उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** बीरू पंचायत स्थित बीरू लेम्पस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा के द्वारा किया गया। साथ ही साथ धान खरीद भी प्रारंभ कर दी गई। किसानों द्वारा धान बिक्री करने पर उन्हें प्रति क्विंटल 2050 भुगतान किया जाएगा। एक किसान अधिकतम 200 क्विंटल टल धान लेम्पस में बिक्री कर सकते हैं। जिला परिषद सदस्य ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है की बीरू लेंम्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया। इससे किसानों को फसल का सही मूल्य मिल पाएगा। किसानों को धान बिक्री करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा बीरू, आरानी जोगबहार, बड़ाबरपनी, पंचायत के किसान सही मूल्य प्राप्ति के लिए लेंम्स में आकर धान बिक्री करें। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी, भाजपा नेता तुलसी कुमार साहू, लेम्स अध्यक्ष ज्योति बाः, सचिव जोनस बाड़ा, पूर्व अध्यक्ष अलेक्सियुस बाघवार, पंचायत समिति सदस्य, बीरू लेम्स के सदस्यगण और बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मारुति मंगल परिवार ने 5100 लोगों के बीच बांटा कंबल

## सामाजिक कुरूतियों को दूर करने पर हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नवाटोली गांव स्थित मारुति धाम परिसर में गुरुवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक व सामाजिक संस्था के द्वारा प्रखंड के 5100 बुजुर्गों, जरूरतमंदों, विधवा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही संस्था द्वारा बुजुर्गों के बीच खिचड़ी का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच धार्मिक और सामाजिक कुरूतियों को दूर करने के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से सेवा करके समाज को सुधारने में लगे हुए है। समाज के कुरुतियों को दूर हटाने के प्रति संस्था कृत-संकल्प है। हमारी संस्था का यही प्रमुख उद्देश्य है कि समाज से सभी कुरुतियाँ खत्म हों और समाज का कल्याण हो। उन्होंने कहा संस्था रांची जिले के प्रत्येक प्रखंड में ठंढ के मौसम में कंबल वितरण करती है। जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा संस्था के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा। समाज के सभी कुरूतियों का मूल कारण अशिक्षा है। अगर लोग शिक्षित होंगे तो समाज में स्वतः सुधार आएगा। संस्था के सचिव सुमेश महतो ने कहा संस्था के सदस्य विभिन्न गांवों में जाकर लोगों के बीच सामाजिक कुरूतियों, नशापान, जुआ,दहेज प्रथा, बाल विवाह व शिक्षा के महत्व सहित कई विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक भी करते हैं। जिससे लोगों का आर्थिक और सामाजिक पतन नहीं हो। इस कार्यक्रम में पूर्व मुखिया संतोष तिर्की,मनोज लकड़ा,एतवा उरांव,संदीप उरांव,मुनेंद्र लोहरा, चिंतामणि सिंह मनधीरण गोप सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकुंद महतो ,भोला कोइरी, कामेश्वर महतो,इंद्रजीत गोप,संजय कुमार समेत मारुति मंगल परिवार के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

### पदाधिकारियों ने बानो एसएस प्लस टू का किया निरीक्षण

## भूगोल से सम्बंधित विद्यार्थियों से पूछे कई सवाल, शिक्षकों के उपस्थिति पंजी की जांच



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा एवं अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज गुरुवार को बानो पहुंचकर एसएस प्लस 2 विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों का उपस्थिति एवं छात्रों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच किया इस दौरान उन्होंने कई निर्देश दिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कक्षा का निरीक्षण कर कक्षा में पढ़ाई जा रही विषय भूगोल से सम्बंधित विद्यार्थियो से कई सवाल कर उसके जवाब पूछे। बच्चो को अपने शिक्षक से अपने पढ़ाई से सम्बंधित खुल कर बात करने की सलाह दिए । वही उन्होंने कामर्स आर्ट्स की चल रही सभी कक्षाओं का निरीक्षण कर जानकारी लिया। वही अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने आर्ट्स कक्षा एवं अंग्रेजी की कक्षा का निरीक्षण कर विद्यार्थियो को अंग्रेजी से सम्बंधित कई जानकारी देते हुए उसके महत्व को बताए एवं सम्बंधित सवाल जवाब किया। इस दौरान विद्यालय में बन रहे मध्याहन भोजन का अवलोकन कर रसोइया से मेन्यू एवं उनको मिलने वाले मानदेय के विषय में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के प्रयोग शाला प्रतिदिन खोलने व साफ रखने की बात कहा।,जांच के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अनन्त किशोर पण्डा, डॉ संजय कुमार , वरुण कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य चूड़ामणि यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## हिन्दीगिर गांव में जंगली हाथी ने पटककर किसान को किया घायल



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में इन दिनों जंगली हाथियों का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों जंगली हाथियों के द्वारा एक व्यक्ति को कुचल कर मार दिया था ।वहीं दूसरी ओर वन क्षेत्र पदाधिकारी को भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वहीं इसके अलावा बुधवार की देर शाम अपने खलिहान में काम कर रहे हैं हिन्दीगिर निवासी शांतिएल खेस को गंभीर रूप से हमला करते हुए घायल कर दिया ।इधर स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में उसे भर्ती कराया जहां पर उसकी इलाज चल रही है।बताया गया कि शांतिएल खेस बुधवार की देर रात अपने खलिहान में मवेशी के सहारे धान मिसनी कर रहा था। इसी दौरान हाथी ने पीछे से आकर उसपर हमला कर दिया। साथ ही शांतिएल को उठाकर दूर फेक दिया।इससे शांतिएल गम्भीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पाकरटांड जीप सदस्य देर रात सदर अस्पताल पहुंच हाथी के हमले से घायल ग्रामीण का हाल चाल लिया। साथ ही सीएस डॉ नवल कुमार को घायल ग्रामीण का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, निरोज बाड़ा भी उपस्थित थे।

### पश्चिमी सिंहभूम में धान अधिप्राप्ति का कार्य हुआ आरंभ

**चाईबासा ।** खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के तहत गुरुवार से पश्चिमी सिंहभूम जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ किया गया। जिले में अवस्थित 24 लैम्प्स के माध्यम से धान अधिप्राप्ति कार्य की शुरूआत की गई। इस वित्तीय वर्ष में पश्चिमी सिंहभूम जिले में कुल 4 लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित है। धान अधिप्राप्ति के तहत साधारण धान का मूल्य 2050 प्रति क्विंटल तथा 1 ग्रेड के धान का मूल्य 2070 प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य रखा गया है।

### शराब पीकर विद्यालय जाने के आरोप में शिक्षक निलंबित

**भवनाथपुर।** शराब पीकर स्कूल जाने के आरोप में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाडी का शिक्षक बबन सिंह को निलंबित कर दिया गया। उक्त मामले की पुष्टि करते हुए बीपीओ रविन्द्र मेहता ने बताया कि शिक्षा सचिव के रवि कुमार द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में उक्त कार्रवाई हुई है। बताया कि निलम्बन अवधि में शिक्षक बबन सिंह को बीआरसी नगर उंटारी में उपस्थिति दर्ज करने का निदेश दिया गया है। विदित हो कि भवनाथपुर प्रखंड की शैक्षिक गतिविधि निरीक्षण को लेकर बीते 21 नवंबर 2022 को शिक्षा सचिव का आगमन भवनाथपुर हुआ था। विद्यालय निरीक्षण के क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाडी के शिक्षक एवं बच्चों के साथ ग्रामीणों ने भी शिक्षक बबन सिंह द्वारा शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत की थी।

### खरौंधी में उपप्रमुख ने ब्रेकरी शॉप का किया उद्घाटन

खरौंधी(गढ़वा)। खरौंधी बाजार में गुरुवार को गोल्डेन बेकरी खोला गया। जिसका उद्घाटन उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य के द्वारा फीता एवं केक काटकर किया गया।मौके पर उपप्रमुख ने कहा कि खरौंधी जैसे छोटे शहरों में बेकरी की काफी डिमांड है। इस दुकान के खुलने से लोगों को पिज्जा एवं बर्गर जैसे फास्ट फूड खाने के शौकीन लोगों को सुविधा होगी। प्रोपराइटर गोल्डन कुमार ने बताया कि लोगों की मांग पर यहां बेकरी खोला गया है। खरौंधी वासियों की मांग के अनुसार यहां फास्ट फूड तैयार किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि दुकान में बर्थडे केक, कुकीज, पीज्जा, बर्गर, पैन केक, डोनाल्ड, ब्राउनी एवं बर्थडे गिफ्ट सहित अन्य सामान उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि बच्चों के टेस्ट एवं डिमांड का विशेष रूप से ख्याल रखा जाएगा। ग्राहकों को बेहतर सेवा एवं सुविधा देने की बात कही गयी। मौके पर विनोद यादव,हिफाजत अंसारी,देवबंश गुप्ता,सिया राम, वीरेंद्र जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मंझिआंव में कार्यपालक पदाधिकारी ने अलाव की करायी व्यवस्था

**मंझिआंव/गढ़वा।** प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र में ठंड के बढ़ते ग्राफ बढ़ चुका है। इधर चल रही ठंडी हवाओं एवम सीतलहरी से आम जनजीवन त्रस्त है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों को ठंड से निजात दिलाने हेतु मंझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला के द्वारा मुख्य बाजार क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव का व्यवस्था किया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले लोग सुबह शाम अलाव जलाकर ठंड से बच रहे हैं। गौरतलब है कि ठंड से बचने के लिए लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। सुबह होते ही लोगे धूप का आनंद ले रहे हैं। ज्ञात हो कि कड़ाके की ठंड से हाट बाजार में शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है। मौके पर संजय विश्वकर्मा, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा नाजिर अमित कुमार पाठक अनूप तिवारी एवं नगर पंचायत के कई कर्मी उपस्थित थे।

### डा. बी शर्मा के द्वारा संचालित संजीवनी क्लिनिक का कारनामा

## खेत में लेटाकर कैंसर पीड़ित मरीज कर रहे हैं इलाज



नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव (गढ़वा)।** जिला उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश के बावजूद झोलाछाप डाक्टरों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को मझिआंव सुंडीपुर मुख्य पथ पर संजीवनी क्लिनिक के संचालक डा. बी शर्मा की ओर से खेत में लेटाकर मरीज का इलाज करने का मामला प्रकाश में आया था। जिस स्थल पर मरीज का इलाज किया जा रहा था। वहां समीप में कचरे का ढेर भी लगा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र से रेफर मरीज नगर पंचायत क्षेत्र के अखौरीताहले गांव निवासी स्वर्गीय सुदामा राम के पुत्र अरविंद कुमार चंद्रवंशी को अपने दलालों के माध्यम से अपनी संजीवनी क्लीनिक में बुलाया था और चोरी-छिपे खेत लेटाकर कैंसर पीड़ित मरीज का इलाज कर रहा था। उस दौरान मरीज को दो लोग हाथ पैर पकड़े हुए थे। मरीज कष्ट की व्याकुलता से कभी-कभी चिल्ला उठता तो कभी सुस्त पड़ जाता है। आते-जाते राहगीरों को इसकी जानकारी होने पर मामला पूरे प्रखंड क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। तत्पश्चात मामला अंचल पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के संज्ञान में आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर अंचल निरीक्षक धनलाल उरांव को भेजकर घटनास्थल की जांच कराकर चिकित्सक को लगाई फटकार भी लगाई थी और डॉक्टर

> डॉक्टर बी शर्मा के द्वारा जरूरी कागजात जमा किया गया है। और उसकी जांच कराई जाएगी। चिकित्सीय प्रमाण पत्र का जिक्र नही किया गया।
>
> **-सीओ, मझिआंव।**

बी शर्मा को अधिकृत डिग्री सर्टिफिकेट दिखाने का निर्देश 24 घंटे के अंदर दिया था। साथ ही करवाई करने की बात कहीं गई थी।

#### डीसी के आदेशों की अवहेलना

बताते चलें कि उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार 9 फरवरी 2022 को सभी अवैध रूप से क्लिनिक संचालित करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया था। उस दौरान सभी को उपायुक्त द्वारा सख्त चेतावनी दी गई थी। परंतु उपायुक्त के निर्देश की अवहेलना करते हुए संजीवनी क्लीनिक के संचालक डा. बी शर्मा द्वारा मनमानी करते मरीज को बरगला कर क्लिनिक के बगल के खेत में मरीज को लेटाकर कैंसर का ईलाज किया जा रहा इलाज।

#### भेजा गया नोटिस

अंचलिधिकारी के द्वारा नोटिस भेजा था की क्या आप कैंसर चिकित्सक है, चुकि आपके द्वारा दिनांक 12.12.2022 को सुण्डीपुर मार्ग पर अवस्थित अपने चिकित्सालय के बगल के खेत में कैंसर पिड़ीत का ईलाज किया जा रहा था। आप उक्त सक्षम चिकित्सीय प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 14.12.2022 को समय 3:00 बजे अपराह्न में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि आप ससमय चिकित्सीय प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित नहीं होते है तो आपके विरूद्ध भारतीय शल्य चिकित्सा एक्ट के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## मरम्मत के अभाव में दम तोड़ रहा जलमीनार



#### क्या कहते है कनीय अभियंता

मांडर के कनीय अभियंता सुमेलाल उरांव ने कहा कि लगभग साढ़े चौदह करोड़ की योजना एनएचएआई वालों के कारण बर्बाद हो गई।किन्तु पीएचडी विभाग वैसे समय में जानकर टेंडर प्रक्रिया को क्यों कराया जब कुछ दिन बाद ही सड़क का चौड़ीकरण होना था।क्या जनता नहीं जानती है कि उनके पैसे से ही सरकार, मंत्री, संतरी तथा सारे विकास के कार्य कराए जाते हैं फिर भी निर्भय होकर अपने स्वार्थ के लिए बिना पानी के जनता के पैसों को पानी में बहाने पर एक जांच की आवश्यकता तो माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी जरुर बनती है।

नवीन मेल संवाददाता

**मांडर।** मांडर प्रखंड में पीएचडी विभाग को ग्रामीण पानी हमेशा दुर्लभ विभाग के नाम से संबोधित करते हैं। नल जल योजना को पता नहीं किस प्रकार धरातल पर उतारने की झूठी शान बघार रहें हैं। विभागीय अधिकारी ये तो वही बता सकते हैं। मांडर के हेसमी स्थित दो में से एक पुराना जलमीनार तो बिना जल की मच्छली की तरह जीर्ण शीर्ण होकर मरम्मत के अभाव में दम तोड़ ही दिया है। पम्प हाउस, फिल्टरेशन टैंक, स्टाफ क्वाटर सभी बिना देख रेख व अधिकारियों की लापरवाही की वजह से कबाड़ बन गए हैं। लाखों की लागत से बने की भवन जिनकी बनाने की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि जिस विभाग द्वारा किसी एक भी घर तक एक बूंद पानी नहीं तो फिर इस विभाग में भवन, अधिकारी व कर्मचारियों की आवश्यकता आखिर क्यों ?जनता के पैसों को आखिर क्यों बेवजह सरकार बेफजूल बर्बाद कर रही है? स्थित कुछ भी हो कई दशक से इस क्षेत्र के ग्रामीण विकास को विनाश में बदलते देखते आ रहे हैं,फोर लेन बनने के कुछ दिन पूर्व ही काफी ताम झाम के साथ हेसमी, मांडर व बंझिला में भव्य जलमीनार, आवासीय परिसर, एवं पाइपों का जाल बिछाया गया।पाईप बिछाने के बाद जब पानी प्रवाहित कर जांच की गई तो कई जगह लीकेज की वजह एवं सही तरीके से पाईप के नहीं बिछाने की वजह से जल उचित स्थान तक नहीं पंहुचा। इसी के साथ ही सड़क चौड़ीकरण की आंधी आई और एनएच75पर बिछी पाईप गधे की सींग की तरह गायब हो गए।

## न्यूज गैलरी

### विधानसभा के प्रत्येक बूथ का शीघ्र करूंगा दौरा : विनोद यादव



**बरही।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव जवाहरलाल महथा के हजारीबाग पहुंचने पर कांग्रेसियों ने उनका जोरदार स्वागत किया । इस क्रम में प्रदेश महासचिव ने जिला महासचिव विनोद कुमार यादव से केबी सहाय आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक किया । जानकारी देते हुए बरही कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने बताया कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का बेहतर प्रदर्शन कैसे हो इस पर गहन मंथन किया गया। उन्होंने बताया कि बहुत ही जल्द बरही विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक किया जाएगा । इसके लिए कार्यक्रम का विस्तृत रूपरेखा तैयार किया जा रहा है। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा में आठ छात्राओं ने पाई सफलता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के मध्य विद्यालय कल्हाबाद के आठ छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। सफलता हासिल करनेवालों में तीन छात्राएं रानी कुमारी, रानी भारती, पूजा कुमारी एवं पांच छात्र अमन कुमार, सौरभ कुमार, उत्पल कुमार भारती, ऋषि कुमार तथा सूरज कुमार शामिल हैं। वही प्रधानाध्यापक शशि भूषण प्रसाद ने बताया कि 2022 के नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में इस विद्यालय से दो छात्र श्रुति राज एवं महिमा सिंह ने सफलता हासिल की थी। विदित हो कि मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक प्रति वर्ष बारह हजार रुपए मिलने का प्रावधान है। वहीं विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### प्रखंड के एक वृद्ध व एक विवाहिता ने किया विषपान, वृद्ध की मौत

**बरही।** आत्महत्या एक जघन्य अपराध है। इससे न केवल एक व्यक्ति की क्षति होती है, बल्कि पूरा परिवार तबाह हो जाता है । बाबजूद आत्महत्या के ग्राफ में कोई कमी नजर नही आ रहा है। गुरुवार को एक बार फिर बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विषपान के दो विभिन्न मामले सामने आए। जिसमे एक 65 वर्षीय वृद्ध धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी महावीर महतो पिता स्व रूपन महतो तो दूसरा केदारुत निवासी 26 वर्षीया माया कुमारी पति सुनील कुमार का है । जिन्हे उनके परिजनों के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनका चिकत्सकों ने प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए हजारीबाग भेजा दिया। इनमें वृद्ध की मौत होने की सूचना मिली है। जानकारी के अनुसार दोनो विषपान का मुख्य कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है। पर यह एक सोचनीय विषय है कि क्या मामूली से विवाद में अपनी इहलिला समाप्त कर घर परिवार को परेशान और तबाही की राह पर खड़ा करना कितना उचित है । मानव जीवन बहुमूल्य है । डिप्रेशन का समाधान सिर्फ आत्महत्या ही नहीं है। डिप्रेशन की स्थिति में अपनी पीड़ा को दूसरे के बीच बांटने की आवश्यकता है । इस बढ़ती ग्राफ को रोकने के लिए प्रशासन सहित बरही के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को भी आगे आने की आवश्यकता है।

### केटीपीएस में सफाई मजदूरों की हड़ताल 8वें दिन भी जारी

**कोडरमा।** बांझेडीह केटीपीएस के गेट नंबर 1 के समक्ष मेसर्स सुरेश यादव के सफाई मजदूरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 8वां दिन भी जारी रहा। अभी तक ना तो डीवीसी कोई पहल कर रहा है और ना ही उक्त ठीकेदार द्वारा पहल किया जा रहा है। सफाई कर्मचारी केंद्र सरकार द्वारा बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता का अविलंब भुगतान करने, बढ़ोतरी पैसा का एरियर भुगतान करने तथा नवंबर महीने का पेमेंट करने की मांग कर रहे हैं। सफाई मजदूर 8 दिसम्बर से बांझेडीह पावर प्लांट के गेट नंबर 1 के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए सीपीआई के नेता सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कॉमरेड महादेव राम उपस्थित हुए तथा एटक यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी मजदूरों के समर्थन में आई। इस दौरान सीपीआई के जिला कार्यकारिणी के सदस्य वीरेंद्र यादव, डीवीसी कामगार यूनियन के नेता दशरथ पासवान, रंजीत भारती, एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान तथा सैकड़ों सफाई मजदूर उपस्थित थे।

### बोरसी तापने के दौरान बुजुर्ग महिला झुलस कर हुई घायल

**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो थाना अंतर्गत बरियाडीह के पास बोरसी तापने के दौरान एक बुजुर्ग महिला झुलस कर घायल हो गई। महिला की पहचान रागिनी देवी (उम्र 65 वर्ष, पति फागू रजक ग्राम गुरहा बरियाडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने घर में गुरुवार की सुबह बोरसी तपाने के दौरान अचानक कपड़े में आग लगने से बुजुर्ग महिला झुलस गई। इसके बाद आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### बरही विधायक अकेला यादव ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष का स्वागत किया

**कोडरमा।** झारखंड सरकार के विधानसभा निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव से उनके निवास स्थान चौपारण में कांग्रेस के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने मुलाकात की। सभापति उमाशंकर अकेला ने स्वागत एवं अभिनंदन किया साथ ही आशीर्वाद दिया। कहा कि कोडरमा जिला कांग्रेस सशक्त हो, श्री पासवान के नेतृत्व में मजबूती मिले महिला पुरुष युवा जुड़े एवं कोडरमा विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार हो। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मण यादव, अशोक सिंह, राम लखन पासवान, अर्चना सिंह, अनिल यादव, केदार यादव, गोविंद यादव, धरी यादव, दिलीप पासवान, भोला दास मौजूद थे।

### दिव्यांग बच्ची के लिए ट्वीट कर मांगी मदद, मंत्री चंपई सोरेन ने लिया संज्ञान

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड क्षेत्र के अमीषा कुमारी पिता मोहन यादव, ग्राम बेहराडीह, प्रखंड जयनगर जिला कोडरमा निवासी का समाजसेवी मुकेश कुमार एवं राजद युवा नेता प्रवीण यादव ने ट्वीट कर बच्ची के लिए मदद मांग किया। जिसके बाद मंत्री चंपई सोरेन ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए संज्ञान लिया है। इस बाबत राजद युवा नेता कोडरमा प्रखंड के लरियाडीह निवासी प्रवीण यादव एवं जयनगर निवासी मुकेश कुमार ने परिवहन मंत्री को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।

# उप विकास आयुक्त ने विभागवार योजनाओं का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने गुरूवार को अपने कार्यकाल कक्ष में भवन प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, आरईओ एवं पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने विभागवार संचालित योजनाओं का जायजा लिया एवं सभी कार्यपालक अभियंताओं एवं सहायक अभियंता में को लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता आरईओ को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने 2022-23 के दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अब तक लोगों को दिए गए लाभ की जानकारी ली एवं ज्यादा से ज्यादा योग्य लोगों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्रखंडों में शिविर लगाकर लोगों को योजना का लाभ देने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग रामगढ़, कार्यपालक अभियंता आरईओ रामगढ़, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### शीतकालीन सत्र में पोषण सखी के मुद्दे को उठाने के लिए विधायक को ज्ञापन सौंपा

**कोडरमा।** नौकरी वापसी को लेकर पोषण सखियों ने गुरुवार को विधायक नीरा यादव को ज्ञापन सौंपकर 19 दिसम्बर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा की शीतकालीन सत्र के दौरान पोषण सखी के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने का आग्रह किया। ज्ञात हो कि कुपोषण अभियान के तहत वर्ष 2015 - 16 में झारखंड के छह जिलों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 10388 पोषण सखी की बहाली हुई थी। वर्ष 2018 से केंद्र सरकार के द्वारा दिया जाने वाला वित्तीय सहायता बंद कर दिए जाने के कारण इसी वर्ष अप्रैल माह से झारखंड सरकार ने इन पोषण सखियों को कार्य से हटा दिया। अचानक नौकरी छिन जाने के कारण काफी आर्थिक संकट से गुजर रही है। इन लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका भी दायर किया है। अपनी मांगों को लेकर जिला से राज्य तक लगातार ये लोग संघर्ष कर रही है, लेकिन इन्हें आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिल रहा है। ज्ञापन सौंपने में पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) की जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान, जिला सचिव जरीना खातुन, अंजुम प्रवीण, राखी सिंह, मुन्नी देवी, पिंकी देवी, प्रीति कुमारी, शाहीना प्रवीण, मुनेशा खातुन, कुमारी पुनम, गुड़िया देवी, पुनम कुमारी एवं पिंकी कुमारी शामिल थी।

### कांकेबार पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

## धान अधिप्राप्ति केंद्र आरंभ होने से किसान होंगे लाभान्वित : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कांकेबार पैक्स में गुरूवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी एनी रिंकू कुजूर द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर किसानों को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार महतो ने कहा कि यहां किसानों को पैक्स के माध्यम से मिलने वली सुविधाओं का लाभ मिलेगा। क्षेत्र के किसान अधिक से अधिक संख्या में पैक्स से जुड़ें एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सहकारिता किसानों के जीवन स्तर में आर्थिक परिवर्तन लाने में सशक्त माध्यम है। क्षेत्र के लोगों के आर्थिक विकास के लिए पैक्स का सही तरीके से संचालन करने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वर महतो,आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, पार्षद प्रभारी अरविंद महतो, पैक्स प्रबंधक नुनूलाल महतो, अध्यक्ष यशोदा देवी, सुरेश महतो, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, चन्द्रमौली, प्रखंड सहकारिता प्रभारी राजेन्द्र कुमार सिंह,जनसेवक सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह, गिरधारी महतो, सीता देवी, तारा देवी, ओमप्रकाश महतो आदि उपस्थित थे।

## छह सहायक अध्यापकों को न्यायालय ने दिया जमानत, वर्तमान सरकार वायदा निभाने में फेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** वर्तमान झारखंड सरकार एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के साथ किए वायदों को निभाने में अब तक असफल रही है। अपने हक की लड़ाई लड़ने के क्रम में रघुवर सरकार ने 2018 में पारा शिक्षकों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। इस प्राथमिकी के कारण कई शिक्षकों को जेल भी जानी पड़ी थी। वर्तमान सरकार ने मोर्चा को मामले को वापस लेने का आश्वासन दिया गया था। जो तीन वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका। गुरुवार को मोर्चा के सभी छः अगुआ साथी संजय कुमार दुबे, हषिकेश पाठक, प्रद्युम्न कुमार सिंह (सिंटू), प्रमोद कुमार, मोहन मंडल एवं विकास कुमार यादव ने अपने अधिवक्ता के साथ प्रथम न्यायाधीश श्रद्धा भूषण के कोर्ट में सरेंडर करते हुए जमानत की अर्जी पेश किया। जिन्हे मैजिस्ट्रेट ने स्वीकृत करते हुए जमानत दिया। हालांकि इस मामले में मोर्चा के अधिकारियो व सदस्यो में सरकार के वायदाखिलाफी के कारण रोष है ।सदस्यो ने बताया कि शीघ्र ही मोर्चा का शिष्टमंडल मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मिलकर केस को अविलंब वापस लेने तथा टेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को तत्काल तथा प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को आकलन परीक्षा के पश्चात वेतनमान देने की मांग करेगा। जमानत लेने आए साथियों में अजय प्रजापति, सुभाष मेहता , कुलदीप कुमार, विकाश कुमार, रामनरेश महतो, जुबेर आलम, सत्यनारायण तिवारी, प्रणय कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, रविशंकर तिवारी आदि शामिल है।

### करियर काउंसलिंग को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**कोडरमा।** समर्पण और टीडीएच के द्वारा डोमचांच प्रखंड अंतर्गत ढाब के सूचना केंद्र में युवाओं के जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य और कैरियर काउंसलिंग को लेकर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉक्टर आशीष कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों के मानसिक समस्याओं का इलाज भी किया। जिसमें मुख्य रुप से नींद नहीं आना, भूख नही लगना, चिढ़चिढ़ापन, अत्यधिक गुस्सा आना, सर में दर्द रहना आदि समस्याएं शामिल थी। ऐसे पीड़ित प्रतिभागियों का इलाज एवं समुचित काउंसलिंग किया गया। गिरिडीह से आए प्रशिक्षक संतोष पाण्डेय ने युवाओं को जीवन कौशल, दैनंदिन विकास प्रक्रियाओ, पोषण, स्वास्थ्य, नेतृत्व जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने इन विषयों से संबंधित कई गतिविधियां भी करवाई। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को काफी फायदा होता है। उन्हें जीवन के हकीकत और जमाने में हो रहे बदलाव और उसमें उनकी भूमिका के बारे में पता चल पाता है। वे अपने करियर के चुनाव को लेकर चिंतित रहते हैं उनके पास संसाधनों की कमी भी रहती है। ऐसे में काउंसलिंग की बेहद आवश्यकता होती है।

### नगर परिषद क्षेत्र के भरेचनगर सांडी में कम्बल का वितरण

## जरूरतमंदों की मदद ही हमारा लक्ष्य : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के भरेचनगर में गुरूवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से लोगों बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ने बताया कि नगर परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को गरीब असहाय व वृद्ध लोगों के बीच वितरण किया गया है। कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। जबकि उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत चार साल से लगातार नगर परिषद क्षेत्र के असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करते आ रहे हैं। जिन्हें इस कंपकपाती ठंड में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हैं। लेकिन यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व वेवश होते हैं। कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है । क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं । लेकिन गरीब तबके के लोगों के पास संसाधन कम होते हैं जिस कारण वे अपने लिए गर्म कपड़े खरीद नही पाते हैं। मौके पर मुख्य रूप से जयकिशोर महतो, राजेन्द्र सोरेन, मुंशी मांझी, रामावतार भारती, शुष्मा देवी, पुष्पा देवी, मनोज मांझी,चौता मांझी सहित अन्य मौजूद थे।

## अभिभावक बच्चों को ड्रेस में ही विद्यालय भेजें : बीईईओ



**बरकट्ठा।** प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय गुंजरा में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार व झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता की उपस्थिति में पहला एवं दूसरा वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रदत दो-दो सेट पोशाक, जूता-मौजा व स्वेटर वितरण किया गया। मौके पर बीईईओ किशोर कुमार ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय साफ-सुथरे ड्रेस में ही भेजें।वहीं प्रमोद गुप्ता ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की हेमंत सरकार के द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार एवं शैक्षणिक विकास के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।बच्चों को पोशाक वितरण के अलावे कई अन्य सुविधा मुफ्त में झारखंड सरकार मुहैया करा रही है। मौके पर प्रधानाध्यापक जय प्रकाश प्रसाद, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रोहित प्रसाद,सहायक अध्यापक मनोज प्रसाद और अभिभावक सुरेश प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## झारखंड जोन के लिए डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी बरही को मिला एक स्वर्ण व तीन रजत पदक

### वर्षा का झारखंड क्रिकेट अंडर 15 टीम में चयन

**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के पांच छात्राओं ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड जोन में विद्यालय के छात्राओं ने एक स्वर्ण और तीन रजत पदक प्राप्त किया है। जानकारी देते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सीबीएसई द्वारा आयोजित इस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन आरएनएस दिल्ली पब्लिक स्कूल आरा (बिहार) में किया गया था। जिसमें बॉक्सिंग में रौशनी नायक व मनीष कुमार, लम्बी कूद में सुहानी साहू, तीरंदाजी में साई विशाल को रजत पदक और तीरंदाजी में ही आरशीथा को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ । सभी विजेता खिलाड़ी 29, 30, 31 दिसंबर को नेशनल स्पोर्ट्स टीवी यूनिवर्सिटी जालंधर पंजाब में आयोजित होने वाले स्पोर्ट्स में शामिल होंगे । इसके साथ ही विद्यालय की एक छात्रा वर्षा कुमारी का झारखंड क्रिकेट अंडर 15 के लिए बतौर विकेटकीपर और बल्लेबाज भी चयन हुआ है । प्राचार्य ने गुरुवार को विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विजेताओं सहित झारखंड क्रिकेट में चयन हेतु खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य ने सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी। इस सफलता के लिए उन्होंने खेल शिक्षक राजेश कुमार सिंह और रविंद्र कुमार पांडे के मेहनत और प्रयास की भी भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर परिणाम लाने में सफल होंगे। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षक नरसिंह शर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह, रमेश कुमार, मुकेश कुमार, रेखा सिंह अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाइयां देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### डोमचांच में माले की प्रखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न

डोमचांच। भाकपा माले प्रखण्ड कमिटी डोमचांच की आवश्यक बैठक ग्राम फुलवरिया मे गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड सचिव विनोद पाण्डेय ने की। बैठक में पार्टी के 11वें महाधिवेशन की तैयारी को लेकर सदस्यता अभियान एवं रिनिवल पर निर्णय लिया गया। जिला सचिव कॉ राजेन्द्र मेहता, जिला कमिटी सदस्य भागीरथ सिंह घटवार ने कहा कि डोमचांच प्रखण्ड मे सभी किसानों एवं मजदूरों से संपर्क कर पार्टी सदस्य बनाया जाएगा। बैठक मे कॉ भागीरथ सिंह घटवार, प्रखण्ड कमिटी सदस्य मोहम्मद सेराज, सरोज मेहता, लाल बिहारी मेहता, राजेन्द्र साव, शंकर पासवान, पवन पासवान, रंजीत कुमार, कृष्ण कांत मेहता आदि उपस्थित हुए।

### पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने ग्राहक सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

डोमचांच। कोलगरमा पंचायत के बैजलाडीह में गुरुवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि निश्चित तौर पर आज लोग बैंकों से अधिक से अधिक जुड़ रहे हैं। बैंकों में भी काम की अधिकता बढ़ गई है जिससे बैंक में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी भी व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से ग्राहकों को सुलभ सेवा देने के लिए कटिबद्ध है। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक गणेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशि निकासी एवं जमा करना एवं बैंक ऑफ इंडिया से सबंधित ग्राहक सेवा केंद्र ग्राहकों की सेवा में सदैव तत्पर रहेगा। मौके पर कोलगरमा पंचायत के मुखिया लाखो कुमारी, पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि जागेश्वर प्रसाद, उप मुखिया पप्पू यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार साव, माले नेता भागीरथ सिंह, खीरू दास, मनोज कुमार, संतोष प्रसाद, किशोर राणा, महादेव दास, दिलीप राणा, धनेश्वर साव, पवन यादव, कयूम अंसारी, राजेंद्र साव मौजूद थे।

### ग्रामीणों के साथ बैठक कर डीसी ने योजनाओं की दी जानकारी

**कोडरमा।** गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने चंदवारा प्रखंड के कोटवारडीह व थाम कुम्हार टोला का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया। उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बहुत सारे योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उन योजनाओं का लाभ लें और अपनी आजीविका के स्रोत बढ़ायें। इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव में ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे कार्यों को जाना और उनकी प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने क्षेत्रभ्रमण के दौरान चंदवारा प्रखंड अंतर्गत उत्तक्रमित +2 उच्च विद्यालय ढाब, चंदवारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने विद्यालय के छात्र, छात्राओं से बात-चीत कर उनके पठन-पाठन की जानकारी ली। उपायुक्त ने छात्राओं को सरकार की महत्वकांक्षी योजना सवित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बारे में बताया। वहीं उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से कहा कि सभी सुपात्र बच्चियों को इस योजना का लाभ दें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट इम्पैक्ट व प्रोजेक्ट रेल के तहत सभी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे और ससमय टेस्ट लेना भी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बच्चों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं से अच्छादित करें। इसके अतिरिक्त महोदय ने कहा कि सभी बच्चे, शिक्षक ससमय स्कूल पहुंचे, इसका ख्याल रखेंगे। विद्यालय हमेशा साफ-सुथरा रखे। बच्चों को सर्वांगिग विकास के लिए स्कूल के प्रभारी और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

### साइबर अपराध सुरक्षा पर डिवाइन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## साइबर क्राइम से सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गगंपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में साइबर अपराध के रोकथाम व सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम निदेशक आई पी भारती तथा प्राचार्य भानु प्रताप सिंह की देखरेख में की गई। इस निमित्त मुख्य अतिथि बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने मौलिक कर्तव्यों के बारे में जागरूक होने, पुस्तकों को पढ़ने की आदत डालने, नशा पान से दूर रहने, साइबर क्राइम से सुरक्षा हेतु जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने फायरवॉल, ट्विटर हैंडल आदि पर व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए भी बताया। आई पी भारती ने कहा कि लोगों द्वारा अपने दैनिक जीवन में इंटरनेट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। इसलिए इन प्लेटफार्मों के सुरक्षित उपयोग के लिए छात्रों को जागरूक करना आवश्यक है। कार्यक्रम में सीनियर वर्ग के सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में रामनन्दन कुमार, काशीनाथ महतो, संजय यादव, प्रीति प्रभा, अनिल उपाध्याय आदि शिक्षकों ने भाग लिया।

### मध्य विद्यालय चंदवारा में जूता व पोशाक वितरण किया

**चंदवारा।** चंदवारा पूर्वी पंचायत के आदर्श मध्य विद्यालय चंदवारा में मुखिया अनिता देवी, एवं प्रधानाध्यापक नीलम कुमारी ने कल्याण विभाग के द्वारा आवंटित सैकड़ों छात्र छात्राओं के बीच जूता एवं पोशाक का वितरण किया। मौके पर मुखिया अनिता देवी ने कहा कि झारखंड सरकार छात्र छात्राओं के पठन पाठन में सुधार के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है। उन्होंने सभी बच्चे को मन लगा कर पढ़ने और अपने एवं अपने माता पिता का नाम रौशन करने की अपील की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, सहायक शिक्षक सुखदेव राणा, राम सागर राणा, सकलदेव कुशवाहा, मनोज राणा, सुरेश रजक, स्कूल प्रबंधक संदीप कुमार, सुनीता देवी, सहित कई छात्र छात्राए मोजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त ने सेन्हा में पुस्तकालय का निरीक्षण किया, तीन दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने गुरूवार को सेन्हा प्रखण्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में बन रहे पुस्तकालय का निरीक्षण किया और अगले तीन दिनों के अंदर कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा उगरा पंचायत के टेंगरिया में लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निर्मित चेकडैम का निरीक्षण किया गया और आवश्यक निदेश अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा को दिये गये।मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, लघु सिंचाई प्रमण्डल अभियंता रामकुमार बेदिया समेत अन्य उपस्थित थे।

### होल्डिंग टैक्स वसूली में धांधली बंद हो : संदीप भगत

लोहरदगा। सामाजिक विचार मंच के संयोजक संदीप भगत ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि शहरी क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स वसूली के नाम पर धांधली की जा रही है उसे अविलंब रोका जाए, जिन व्यक्तियों का होल्डिंग टैक्स पिछले वर्ष तक का दिया हुआ है, जब वे चालू वित्तीय वर्ष का होल्डिंग टैक्स देने जा रहे हैं तो उनको कहा जाता है कि पिछले 4 साल 5 साल का आपका तीस हजार, चालीस हजार रूपया बकाया है, उसे जमा करें। इस पर सामाजिक विचार मंच नगर परिषद प्रशासन से मांग करती है कि जब पिछले वित्तीय वर्ष का रसीद उपभोक्ता के पास है तो फिर घर बैठे हुए किसी कंपनी या किसी व्यक्ति के द्वारा पूर्व में 4 साल या 5 साल का बकाया बताते हुए कि आपका एरिया कम नापा गया था तो पिछले 4 – 5 साल से जो टैक्स लिया जा रहा था और जिसने भी उस वक्त नापी किया था वह दोषीवार है। दूसरी ओर किसी गली मोहल्ले में गाड़ी पार्क करने के लिए शटर लगा दिया गया है तो उसको कहा जाता है कि आपका सटर लगा हुआ व्यवसायिक टैक्स दे जबकि वहां कोई व्यवसाय हो ही नहीं रहा है और कहीं ना कहीं टैक्स वसूली में धांधली भी की जा रही है, धमकी दी जा रही हैं .इसलिए प्रशासन इस ओर ध्यान दें कि घर बैठे हुए अपने से 5 साल पूर्व का बकाया बना कर ठोक देना उपभोक्ताओं पर यह कहां तक सही है।

### मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर में हुई भिड़ंत एक की मौत



बोलबा। ठेठाईटांगर थाना क्षेत्र के कोरोमिंया मैटकूपा गांव के पास देर शाम मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर में हुई भिड़ंत जिसमे एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गयी ग्रामीणों के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार सैहुंन कुल्लू एवं जीवन कुल्लू सलगापोंछ बाजार से लौट रहे थे जबकि एक ट्रैक्टर कोरोमिंया की ओर से सलंगापोंछ की ओर जा रहा था । इसी क्रम में दोनों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई जिसमें जीवन कुल्लू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि सैहुंन कुल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया बताया गया के दोनों व्यक्ति बोलबा प्रखंड के शमशेरा कुसुम टोली के रहने वाले थे तत्काल ही घटना की सूचना एंबुलेंस को दिया गया एंबुलेंस तुरंत ही घटनास्थल पर पहुंच गया मृतक एवं घायल को सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाया गया। इस मौके पर ठेठईटांगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन किया। वहीं घायल को बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजा गया एवं मृत व्यक्ति के शव का पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### उपायुक्त ने की स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा, कहा-

# ग्रामीण टास्क फोर्स टीम गर्भवती महिलाओं का करें प्रोपर मॉनिटरिंग

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने एएनसी पंजीकरण, एएनसी चेकअप, हीमोग्लोबिन जांच, जन्म के समय लिंग अनुपात, मातृ मृत्यु अनुपात, शिशु मृत्यु अनुपात, संस्थागत प्रसव, 0-11 माह के बच्चों का टीकाकरण, कुपोषण उपचार केन्द्र, मलरिया जांच, टीबी परीक्षण सहित एमआईएस के आधार पर कुपोषण उपचार केन्द्र में उपलब्धि से संबंधित कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रत्येक माह एएनसी रजिस्ट्रेशन पहली तिमाही लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश



दिया। ग्रामीण टास्क फोर्स टीम को गर्भवती महिला का प्रोपर मॉनिटरिंग करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन को कुपोषण उपचार केन्द्र में बच्चों के उपचार हेतु दिये जाने वाली खाद्य सामग्री की सूची सभी एमओआईसी को पत्र के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भी.एचएसएनडी, कुपोषण उपचार केन्द्र, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, समर अभियान, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पूरक पोषाहार, सेविका-सहायिका का चयन और

**◆सिविल सर्जन को कुपोषण उपचार केन्द्र में बच्चों के उपचार के लिए दिये जाने वाली खाद्य सामग्री की सूची सभी एमओआईसी को पत्र के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया।**

मानदेय भुगतान सहित पोषण माह की समीक्षा की।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम मनीषा सांचा, एमओईसी, स्वास्थ्य फेलो, डीपीएम सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका और जेएसएलपीएस की टीम के अलावे अन्य उपस्थित थे।

## देश की सांस्कृतिक विरासत के विकास में सहभागी बनें : सीआरपीएफ कमांडेंट



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जनजातीय समाज के 20 छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए सीआरपीएफ 158 बटालियन लोहरदगा द्वारा भोपाल (मध्य प्रदेश) भेजा गया । नेहरू युवा केन्द्र लोहरदगा ने 14वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए इन छात्र-छात्राओं का चयन किया है। सीआरपीएफ एक पुरुष स्कॉट व एक महिला स्कॉट सहित कुल 22 प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के लिए सीआरपीएफ 158 बटालियन लोहरदगा मुख्यालय से रवाना किया गया । इस मौके पर, सीआरपीएफ 158 बटालियन कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि आदिवासी युवाओं को उनके समृद्ध परम्परा और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता व अन्य राज्यों की परम्परा को समझने का अवसर प्राप्त होगा। भारत को संपूर्ण रूप में समझकर ही राष्ट्रीय मूल्यों और देश की एकता को मजबूत किया जा सकता है । देश के विभिन्न राज्यों - शहरों में हुई तकनीकी और औद्योगिक उन्नति से रूबरू हों इस अनुभव का लाभ उठाकर अपने नक्सल प्रभावित गाँव- जिले के विकास में योगदान करें। इस मौके पर संतोश कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, मनोज कुमार उप. कमा. -158 बटालियन के रि.पु.बल तथा नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के रामाशीष चौधरी, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, शशि कुमार और सीआरपीएफ बल समेत अन्य कार्मिक मौजूद थे।

## धान अधिप्राप्ति खरीद केंद्र का विधायक प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा ।** जिला में धान अधिप्राप्ति के लिए निंगनी लैम्पस में धान खरीद केंद्र के उद्घाटन विधायक सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर निशिथ जयसवाल ने कहा कि कैंपस के खुल जाने से किसानों में खुशी का माहौल है। धान अधिप्राप्ति होने से किसानों की धान का निर्धारित मूल्य मिलेगा एवं मुनाफा होगा लैंप्स के खुल जाने से अब किसानों को अपना उत्पादित धान बेचने में सहूलियत होगी। जिससे किसानों को काफी लाभ मिलेगी किसान अपनी फसल का सही मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कहा कि किसान अपनी धान लैम्प्स केंद्र में रजिस्ट्रेशन करा के लैंप्स में ही दे और लाभ ले। अब किसान बिजोलिया मुक्त धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ध्यान देंगे अपनी मेहनत का सही दाम लेंगे। धान की खरीदारी के साथ किसानों की धान की 50 फीसदी राशी तुरंत भुगतान कि जायेगी। एवं किसान समान्य श्रेणी की धान 2050/ रुपए प्रति क्विंटल एवं ऐ ग्रेड श्रेणी के धान 2070/ रुपए प्रति क्विंटल बेच सकेंगे । एक किसान अधिकतम 200 क्विंटल धान बेच सकेंगे। किसानों की धान की खरीदारी की पूरी राशि 3 महीनों के अंदर भुगतान सरकार के द्वारा करा दिया जाएगा। इस धान अधिप्राप्ति केंद्र का लाभ सभी आम किसान ले । इस मौके पर मुख्य रूप से जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, किसको 20 सूत्री अध्यक्ष सामूल अंसारी, पेशरार 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, असलम अंसारी, लैम्पस अध्यक्ष, एजीएम एवं सभी किसान धान अधिप्राप्ति के लिए उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा का कोलेबिरा दौरा 17 को, उद्घाटन सहित कई कार्यक्रम में लेंगे भाग

**कोलेबिरा।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा का एक दिवसीय कोलेबिरा दौरा दिनांक 17 दिसम्बर को सुनिश्चित हुआ है। जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री के जिले के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बताया की केंद्रीय मंत्री दोपहर 1:00 बजे कोलेबिरा में सांसद मद से निर्मित शहीद नीलांब- पितांबर की मूर्ति का अनावरण करेंगे साथ ही सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। तत्पश्चात एसके बागे कॉलेज कोलेबिरा के गोल्डन जुबली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे साथ ही जिले में चल रहे केंद्रीय योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे। इसको लेकर कोलेबिरा में भाजपा कार्यकर्ता एवं भोक्ता समाज के लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

### चंद्रवंशी समाज ने अटार्नी जनरल वेंकटरमणी बनयान विरोध प्रदर्शन जारी

# जब भी कोई चंद्रवंशी समाज के खिलाफ कदम उठायेगा उसका करारा जवाब हम सभी देंगे : निश्चय

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा युवा समिति के नेतृत्व मे स्थानीय पावरगंज चौक लोहरदगा मे अटार्नी जनरल वेंकटरमणी का पुतला दहन कर, विरोध प्रदर्शन किया गया । जिसमे भारी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित युवा प्रदेश अध्यक्ष निश्चय वर्मा ने कहा की अटार्नी जनरल वेंकटरमणी के अमर्यादित टिप्पणी जिसमें काले धन और जाली नोटों की तुलना महाराज जरासंध से की गयी थी जिससे देश भर के करोड़ों चंद्रवंशीयों की भावना आहत हुई है जिस कारण पूरे समाज मे अटार्नी जनरल के खिलाफ आक्रोश है। श्री वर्मा ने कहा की जब भी कोई चंद्रवंशी समाज के खिलाफ कदम उठायेगा तो उसका करारा जवाब हम सभी चंद्रवंशी देंगे, इसलिए जब तक अटार्नी जनरल के खिलाफ उचित कदम केंद्र सरकार नही उठाती है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा ' अभी तो ये सुरुवात है, जरूरत पड़ी तो हम सभी आमरण अनसन पर बैठेंगे ' प्रदेश युवा सचिव रितेश कुमार वर्मा ने कहा कि महाराज जरासंध जैसे महान योध्दा के लिए ऐसा टिप्पणी करना पूरे समाज को अपमानित करता है जो कि बर्दास्त नहीँ किया जाएगा, इसका पुरजोर विरोध पूरे प्रदेश में करेंगे। मौके पर राष्ट्रीय सचिव किशोर वर्मा, प्रदेश युवा सचिव रितेश कुमार वर्मा, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, रौशन बर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केन्द्र द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा प्रखंड सिमडेगा के कोचेडेगा में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया है। प्रतियोगिता का दूसरे दिन कार्यक्रम में रोशन कुमार जिला युवा अधिकारी, भगवती देवी पंचायत समिति सदस्य और एडिसन एक्का शिक्षक उपस्थित हुए। रोशन कुमार ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में खेल का विशेष महत्व है और सिमडेगा जिला पुरे भारत में खेल की वजह से ही जाना जाता है । शिक्षा के साथ साथ खेल कूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना बहुत जरुरी है। हॉकी का फाइनल मैच स्वामी विवेकानंद युवा क्लब मांझीटोली और स्वामी विवेकानंद क्लब जामाडोभर के बीच खेला गया, जिसमें जामाडोभर की टीम विजेता रही। वहीं फुटबॉल का फाइनल मैच स्वामी विवेकानंद युवा क्लब लुकीबहार और स्वामी विवेकानंद युवा क्लब बांसबहार के बीच खेला गया, जिसमें लुकीबहार की टीम विजेता रहीं। एथलेटिक्स में 4७100 मीटर रिले दौड़ में प्रशांत कुल्लू ग्रुप ने प्रथम, नीतीश साहू ग्रुप ने द्वितीया और विकास सुरीन ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।400 मीटर दौड़ में रेणुका तिर्की ने प्रथम, रीमा तिर्की ने द्वितीय और निधि पूर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर दौड़ में अनुग्रहीत एक्का ने प्रथम, निधि पूर्ति ने द्वितीया और रेणुका तिर्की ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया।

### बोलबा कच्छुपानी में झारखण्ड पार्टी की हुई बैठक

# बांसजोर के डुमरमुंडा में दर्जनों लोगों ने थामा पार्टी का दामन



नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के कच्छुपानी गाँव में झारखण्ड पार्टी की हुई बैठक इस मौके पर झारखण्ड पार्टी के उद्देश्य के बारे बताया साथ ही उन्होंने कहा झारखण्ड पार्टी माटी की पार्टी है। एनोस एक्का के कार्यकाल में इस क्षेत्र में जो विकास का काम हुआ है उसे भुलाया नहीं जा सकता है ।आप सभी का प्यार और सहयोग रहेगा तो आगामी चुनाव में झारखण्ड पार्टी के उम्मीदवार संदेश एक्का को एक बार फिर से कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र से जिताएं एनोस एक्का के समय जो काम अधूरा है सारा काम जल्द पूरा होगा इस मौके पर पार्टी के कई नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए ।इस मौके पर मतीयस बागे, शशि टोप्पो, बिरसा माँझी, जेम्स सोरेंग, दानिएल डुंग डुंग, बसन्त खलखो, अलमोंन।किड़ो एवं अन्य लोग मौजूद थे। वहीं बांसजोर प्रखंड के तरगा डूमरमुंडा में ग्रामीणों के साथ बैठक हुई जिसमें युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित रहें। उन्होंने भाजपा एवं कांग्रेस के दर्जनों लोगों को पार्टी में शामिल कर उनका स्वागत किया साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी क्षेत्रीय पार्टी है और ऐसे में क्षेत्र का संपूर्ण विकास यही कर सकेगी और ने सभी लोगों को झारखंड पार्टी में आगे आकर विकास कार्य में सहयोग देने एवं आगामी चुनाव में हाथ मजबूत करने की अपील की।

## तामड़ा लैम्पस में धान क्रय केंद्र का हुआ विधिवत उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिले में धान अधिप्राप्ति योजना गुरुवार से शुरू हो गया। सदर प्रखंड के तामड़ा लैम्पस में धान क्रय केंद्र का विधिवत उदघाटन पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला कृषि पदाधिकारी ,सहकारिता पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी एवं पंचायत के मुखिया अंजना एक्का ने किया। मौके पर पाकरटांड जीप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य धान का दिया जाएगा। सरकार किसानों के हित के लिए यह कार्यक्रम चला रही है। किसान केंद्र में धान बेच कर अपनी मेहनत का मुनाफा हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदारी में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतने चाहिए। धान बेचने के लिए लैम्पस आने वाले किसानों की किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही धान किसानों के द्वारा बेचने को लेकर जो भी पेंचीदा नियम कानून है, उसको सरलीकरण करने को लेकर भी उन्होंने वरीय अधिकारियों से वार्ता की। जोसिमा खाखा ने कहा कि जिले में धान फसल पैदा करने में अग्रणी माना जाता है। धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से किसान लागत से भी कम कीमत पर अपने फसल को बिचौलिया के हाथों बेचने को मजबूर थे। पर धान क्रय केंद्र खुलने से अब किसानों की सभी परेशानी खत्म होगी।मौके पर लैम्पस अध्यक्ष सरोजिनी सोरेंग,सचिव संजय केशरी सहित सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित

# चार गोल्ड मेडल जीतने वाले कमलेश उरांव को विद्या मंदिर ने लिया गोद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित 33 में प्रांतीय खेलकूद शिशु वर्ग ऑल ओवर चैंपियनशिप का खिताब जिताने में अहम भूमिका निर्वहन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आयोजित हुआ। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, शोभा देवी, शिव शंकर, मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, सुंदर देवी



सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने संयुक्त रूप से मां भारती ओम एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन वंदना के पश्चात शुभारंभ किया। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल के द्वारा भैया बहनों को मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार प्राप्त करने वाले भैया कमलेश उरांव को विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष एवं विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य द्वारा गोद लिया गया और उसके आगे की पढ़ाई एवं उसे खेलकूद में वह आगे निकले उसके लिए समस्त व्यवस्थाएं देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समारोह के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा अन्य भैया बहनों को यह प्रेरणा मिलती है कि उन्हें अपने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी आगे होना चाहिए तथा भैया बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल योग संगीत शारीरिक शिक्षा सबका मिश्रण आवश्यक है। इस समारोह में नगर के अनेक सम्मानित जन उपस्थित थे तथा भारी संख्या में विद्यालय के अभिभावक बंधु भगिनी उपस्थित थे। मंच पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले भैया बहनों की प्रशंसा पूरे समूह के द्वारा की गई।

**◆प्रधानाचार्य ने समारोह के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा अन्य भैया बहनों को यह प्रेरणा मिलती है।**

## बोलबा अलिंगुड़ गांव में सहिया साथी का किया गया चुनाव



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के आलिंगुड गांव में सहिया साथी का किया गया चुनाव इस मौके पर कुल छह लोगों ने आवेदन दिया जिसमें अंशुलता टेटे का चयन किया गया सहिया साथी का चुनाव के मौके पर सबसे पहले सहिया साथी के कार्य एवं चुनाव प्रक्रिया को बताया गया इसके बाद आवेदन लिया गया ततपश्चात अंशुलता टेटे का चुनाव किया गया ।इस मौके पर समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक, उप मुखिया सियाबर सिंह, ग्राम प्रधान महावीर सिंह, किशोर सिंह, लखन सिंह, गौरीशंकर सिंह के अलावे भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सदर थाना प्रभारी की अगुवाई में तीन दिनों के भीतर बाइक चोरी का किया पदार्फाश

# लोहरदगा में चोरी की बुलेट बाइक के साथ एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**◆पुलिस गिरफ्त में आये चोर की पहचान जाहिर अंसारी, पिता स्व0 बसीर अंसारी, पता-गौस नगर कुटमू थाना एवं जिला लोहरदगा के रूप में किया गया है।**



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** पिछले दिनों रेलवे साईडिंग अमृत पैलेश के पास से चोरी गए बुलेट मोटरसाइकिल को पुलिस ने महज तीन दिनों के भीतर ही बरामद करते हुए इसमें शामिल बुलेट चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये चोर की पहचान जाहिर अंसारी, पिता स्व० बसीर अंसारी, पता-गौस नगर कुटमू थाना एवं जिला लोहरदगा के रूप में किया गया है। पुलिस ने उसके घर से चोरी गए बुलेट बाइक को बरामद किया है। इस संदर्भ में सदर थाना परिसर में थाना प्रभारी मंटू कुमार ने पत्रकारों को बताया कि दिनांक- 10.12.2022 को रात्रि में लोहरदगा थाना अन्तर्गत ग्राम रेलवे साईडिंग अमृत पैलेश के पास से अभिषेक गुप्ता, पिता-रमेश गुप्ता पता-छत्तरबगीचा का बुलेट मोटरसाईकिल नं0-जेएच 01 ईबी - 0450 को अज्ञात चोरो ने चोरी कर लिया था। इस मामले में लोहरदगा थाना काण्ड सं0-294 / 22, दिनांक- 11.12.2022 धारा-379 भा0द0वि० के तहत काण्ड दर्ज किया गया था। कांड दर्ज होने के बाद पुलिस ने टीम गठित कर अनुसंधान शुरू करते हुए इसमें शामिल चोर को सदर थाना क्षेत्र के गौस नगर से गिरफ्तार कर लिया और चोरी गए बुलेट बाइक को उसके घर से बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए चोर का अपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

# न्यूज गैलरी

## वशिष्ठ नारायणचार्य ने संभाला अपने पिता की विरासत

**मेदिनीनगर।** मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी हनुमान मंदिर के पुजारी नारद शुक्ला का निधन 30 नवम्बर को हो गया था। उनके पुजारी पुत्र वशिष्ठ नारायणचार्य को पिता के मृत्यु के बाद स्थानीय लोगों ने पगड़ी पहनाकर दायित्वों के निर्वहन का प्रभार सौंपा। मौके पर वशिष्ठ नारायणचार्य ने कहा कि वह पिता के छोड़े विरासत को संभालने का हर समय प्रयास करेंगे। उनके श्राद्ध कर्म में उप महापौर मंगल सिंह, मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह, धनंजय त्रिपाठी, मनु तिवारी, राजनाथ तिवारी, विनोद तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सरकारी विद्यालय में पढ़ाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है : घूरा

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घूरा ने झारखण्ड शिकायत केंद्र राँची को एक आवेदन के माध्यम से सूचित किया है कि राज्य सरकार के द्वारा संचालित रा.म. विद्यालय, प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। प्रथम वर्ग से पंचम वर्ग के बच्चों को कखहरा, मंत्रा, एक से सौ तक की गिनती सही से नहीं आती है। टीचर सिर्फ स्कूल में आकर खानापूर्ति कर अपने घर चले जाते हैं। स्कूल में बच्चों को मध्यान भोजन सरकारी आदेशानुसार नहीं दिया जाता है। जबकि उक्त विद्यालयों के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा शिक्षण व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु माह में एक दो बार औचक निरीक्षण कराया जाना चाहिए। ताकि विद्यालय के शिक्षकों में सुधार हो। उन्होंने कहा कि शहर में चल रहे प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण होना चाहिए।

## चैनपुर के वाहिद अंसारी ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के मेदिनीनगर स्थित कार्यालय में जिला संयोजक चंद्रबली चौबे की अध्यक्षता में युवा उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार के नेतृत्व में पंचायत समिति वाहिद अंसारी अपने साथियों के साथ पार्टी सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सुधीर कुमार ने किया । मौके पर पंचायत समिति सदस्य वाहिद अंसारी के साथ अंसार खान व नसरुद्दीन अंसारी ने पार्टी की सदस्यता ली। मौके पर चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष सरफराजुल हक चैनपुर युवा अध्यक्ष तोहिद आलम मुकेश दीक्षित उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, राकेश तिवारी, सुधीर कुमार कौशल किशोर बच्चन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

72 वीं पुण्यतिथि पर सरदार वल्लभ को याद किया गया

मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में देश के प्रथम गृहमंत्री लोह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 72 वीं पुण्यतिथी मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि सरदार पटेल स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। मौके पर अनिल राम, विजय कुमार, प्रदुमन तिवारी, प्रभात कुमार, यश्वंत कुमार, राकेश कुमार, अरविन्द कुमार, राम नरेश महतो, अमरजित रवि, प्रदीप राम, दीपक कुमार, प्रवीण कुमार, सूरजमल राम, एवं दीपक कुमार उपस्थित थे।

## रातू के लहना में झामुमो पंचायत कमिटी का गठन

**रातू।** प्रखंड के लहना पंचायत में गुरुवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अनूप गोप को अध्यक्ष व संजय प्रसाद को सचिव चुना गया। इसके अलावा निकेत कुमार व प्रीतम खलखो को उपाध्यक्ष, सनोज उरांव को कोषाध्यक्ष, राजू उरांव को संगठन सचिव तथा किशोर केरकेट्टा व अंकित उराँव को सह सचिव बनाया गया। इसके अलावा राम उराँव, सनी उरॉव संजय तिर्की, नरेश कुमार राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रखंड संगठन सचिव रोहित भगत ,संजय प्रसाद, कृष्णा लोहरा, संजय ऊरॉव, आसिफ अंसारी, मांगा तिर्की एवं पार्टी के दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गूंज महोत्सव तैयारी को लेकर सुदेश महतो ने की बैठक



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में आगामी 18, 19 व 20 दिसंबर को आयोजित तीन दिवसीय गूंज महोत्सव को सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को स्वयंसेवकों की एक बैठक गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता हुई। बैठक में महिला समिति सदस्य, बुद्धिजीवी मंच के सदस्य एवं आजसू कार्यकर्ता शामिल हुए। महोत्सव की रूपरेखा एवं सफल आयोजन को लेकर सुदेश कुमार महतो ने स्वंयसेवकों को कई दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होंने उद्घाटन समारोह के भव्य आयोजन के सम्बन्ध में कहा कि 18 दिसम्बर को महोत्सव के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैश होंगे। मुरी टुंगरी से 5000 छऊ कलाकारों का रोड शो, किया जायेगा। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का सवार्गीण विकास ही गूंज महोत्सव का उद्देश्य है। महोत्सव एक सास्कृतिक मंच ही नहीं बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है। इस बार महोत्सव लोक कल्याणकारी योजनो के साथ ही सिक्षा और स्वास्थ्य पर आधारित होगा। महोत्सव का पहला दिन महिलाओं के दूसरा दिन किसानों को एवं अंतिम दिन युवाओं को समर्पित होगा। मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, पंचायत प्रतिनिधि सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप,मुरी ओपी प्रभारी बबलु कुमार, सिल्ली पोलेटेकनिक, सिल्ली कालेज, उच्च विद्यालय एवं सामुदायिक अस्पताल के प्रतिनिधि समेत गूंज परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## 35 महिलाओं का बंध्याकरण

**धुरकी।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार की देर शाम 35 महिलाओं का बंध्याकरण डॉ गौतम यादव के द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ गौतम ने बताया कि सरकार के निर्देश के अनुसार जनसंख्या नियंत्रण के लिए इच्छुक महिलाओं को बंध्याकरण किया जा रहा है। बंध्याकरण के पूर्व महिलाओं को सभी तरह की जांच एवं उनकी स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए बंध्याकरण के लिए निबंधन किया जाता है। वही बंध्याकरण के बाद महिलाओं को निशुल्क दवा एवं चिकित्सीय सलाह देकर उन्हें वाहन के माध्यम से सुरक्षित घर पहुंचाया जाता है। गौरतलब है कि 2 सप्ताह में करीब 110 महिलाओं का व्याकरण धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया है।

# बेतला नेशनल पार्क के रास्ते को सजाया जाये : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने बेतला फॉरेस्ट (पलामू टाइगर रिजर्व) के प्रवेश स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए बैठक की। मौके पर उन्होंने पर्यटकों की जानकारी एवं सुविधा के लिए पर्यटन स्थल के संबंधित रास्तों में आकर्षक साइनेज लगवाने एवं पर्यटक सुविधा का विस्तार करने, स्थानीय संस्कृति की शोकेसिंग करने आदि सार्थक कदम उठाने का निर्देश दिया। ताकि यहां आने वाले पर्यटक क्षेत्र की खुबसूरती को जान-समझ सकें और उन्हें पर्यटन स्थल तक पहुंचने में आसानी हो। आयुक्त ने पलामू एवं गढ़वा जिले से बेतला नेशनल पार्क जाने वाले संबंधित मार्गों पर जगह-जगह



पर्यटन स्थल बेतला से जुड़ी जानकारी , वहां पाये जाने वाले वन्य जीवों एवं जैविक विविधताओं से संबंधित सूचना , किलोमीटर अंकित करने, स्लोगन आदि से संबंधित साइनेज लगवाने की बात कही। श्री चौधरी ने कहा कि ऐसा करने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ- ही- साथ पर्यटन का संवर्द्धन भी हो सकेगा। पलामू किला के संवर्धन के लिए ऑक्रिलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से भी अनुरोध करने की बात कही। उन्होंने बेतला फॉरेस्ट के समीपस्थ पर्यटन स्थलों को विकसित करने को लेकर पलामू एवं लातेहार जिले के पदाधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपने अपने क्षेत्र में पर्यटन को आकर्षक बनाने का निर्देश दिया। साथ ही केतकी संगम स्थल पर फॉरेस्ट गेस्ट हाउस का एक प्रस्ताव तैयार करने की भी बातें कही। मौके पर प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई के उपनिदेशक आनंद, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, पलामू जिला के खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, लातेहार जिला के खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार, लातेहार जिले के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना आदि उपस्थित थे।

## आप पार्टी जिला कार्यकारणी कमिटी की पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारिणी कमेटी के पुनर्गठन किया गया। जिसमें आमंत्रित वरिष्ठ सदस्य प्रदेश उप्पाध्यक्ष नरेंद्र चौबे, प्रदेश प्रवक्ता ओंकार जयसवाल, प्रदेश सोशल मीडिया सह सचिव सूर्य प्रकाश, प्रदेश कार्यकारी सदस्य किशोर सिन्हा, प्रदेश कार्यकारी सदस्य कौशल किशोर बच्चन, प्रदेश कार्यकारी सदस्य संजय राम, जी उपस्थित रहे। बैठक में राकेश तिवारी को सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में जिला संयोजक चंद्रबलि चौबे, जिला सचिव सुधीर कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष द्वारिका साहू, जिला कमीटी सदस्य पिंटू पासवान, जिला युवा उपाध्यक्ष मुना कुमार, शशिकांत तिवारी, विक्की चौरसिया, तेजमुल अंसारी, पाटन छतरपुर विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, जिला संगठन मंत्री अरुण वर्मा, सुनील चौधरी, नीतू सिंह, शीतल सिंह अनूप कुमार तिवारी, परवेज , बीरेंद्र गुप्ता, मुकेश नारायण दीक्षित, ओमप्रकाश दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कनाडा की रहने वाली महिला पलामू के बच्चियों को दे रही निःशुल्क शिक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के ग्रामीण इलाके में कनाडा की रहने वाली एक महिला लड़कियों को निःशुल्क शिक्षा दे रही हैं। वह एक एनजीओ के साथ जुड़कर बच्चियों को संगीत के माध्यम से अंग्रेजी व कंप्यूटर सिखा रही है। इसका असर भी बच्चों पर दिख रहा है। एक ओर जहां लोग लोकप्रियता के लिए ललायित रहते हैं। वहीं महिला अपने कामों का प्रचार किये बगैर बच्चियों के जीवन में बदलाव लाने में जुटी है। महिला ने बताया कि वह निःस्वार्थ बच्चों को शिक्षा देना चाहती है। जो वह कर भी रही है। इसमें प्रचार करने जैसा कुछ भी नहीं है। दरअसल महिला मूल रूप से कनाडा की ही रहने वाली है। शादी



के बाद कनाडा शिफ्ट हो गई थी। वह अभी तक 26 देशों में घूम-घूमकर बच्चों को पढ़ा चुकी है। कनाडा में उनके बच्चे वेल सेटल्ड हैं। फिलहाल वह पलामू के दुबियाखांड में सेसा प्रशिक्षण केंद्र(एनजीओ) के कार्य से प्रभावित होकर इसके साथ बच्चियों को पढ़ा रही है। पलामू के कौशिक मलिक और डॉक्टर जसबीर बग्गा सोसाइटी फॉर इनवॉर्मेंट एंड सोशल अवेयरनेस(सेसा) के नाम से एक एनजीओ का संचालन कर रहे हैं। जो ग्रामीण इलाके की बच्चियों के आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। इन्हें निःशुल्क शिक्षा देता है। डॉक्टर जसबीर बग्गा ने बताया कि बेटियां पढ़ लिख जाती हैं तो दो परिवार का कल्याण होता है। आज का समय अंग्रेजी व कंप्यूटर है।

## हाई स्कूल नियुक्ति मामले में सुनवाई पूरी

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित सभी जिलों के हाई स्कूक के अभ्यर्थियों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राहत वाली फैसला दिया है। गुरुवार को भी शिक्षक नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया कि बची हुई वेकेंसी को तीन माह में पूरी करें। वेकेंसी मेरिट लिस्ट के आधार पर पूरी करें। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि जिनकी नियुक्ति हो चुकी है। वह सभी अभ्यर्थी सुरक्षित हैं। सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एम आर शाह और सी टी रवि की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। गौरतलब है कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया पिछले पांच साल से चल रही है। जिसमे लगभग 18 हजार की पदों पर नियुक्ति होनी है। जिसमे अनुसूचित और गैर अनुसूचित जिलों में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू भी किया गया। लेकिन मामला कोर्ट में उलझ गया। अब सुप्रीम कोर्ट से अंतिम निर्णय आने के बाद सालों से लंबित प्रक्रिया फिर से शुरू होगी।

## वार्ड आयुक्त ने निगम का जताया आभार

**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 27 के वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने निगम के बैठक में अपने प्रस्ताव पर निगम के द्वारा मुहर लगाने के बाद निगम का आभार जताया है। वार्ड आयुक्त ने अपने वार्ड में अगले माह से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के प्रस्ताव के अलावा सड़को के कालीकरण करने, स्ट्रीट लाइट लगाने, नाली का निर्माण करने का प्रस्ताव रखा जिसे निगम के बैठक में स्वीकृत किया गया है। वार्ड आयुक्त ने बताया कि निगम के संज्ञान में देने के बाद सभी प्रस्ताव पर कार्य शुरू किया जाएगा।

## सीजीएल परीक्षा में फोटो व हस्ताक्षर अपडेट करने की आज अंतिम तिथि

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 05/2021, झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021 के अन्तर्गत वैध आवेदकों द्वारा अपरिहार्य कारणवश अद्यतन फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड किया जाना अनिवार्य किया था। जिसे लेकर आयोग ने सूचना जारी किया। जिसमे अभ्यर्थियों को फोटो एवं हस्ताक्षर पुनः अपलोड करने हेतु वैसे अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। जिनकी अभ्यर्थिता रद्द नहीं की गई है। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए तिथि बढ़ाई गई है। आज रात 12 बजे तक अभ्यर्थियों के द्वारा फोटो व हस्ताक्षर अपलोड किया जा सकता है। ज्ञात हो कि पहले 18 नवंबर से 02 दिसंबर की मध्यरात्रि तक आयोग के अधिकृत वेबसाईट पर लिक उपलब्ध था। लॉगिन करने के पश्चात अभ्यर्थियों द्वारा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के पूर्व आवेदन संख्या के साथ अनिवार्य रूप से नए पासवर्ड का निर्माण किया जाना आवश्यक है। आयोग के अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा अद्यतन फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड नहीं किये जाने की अवस्था में संबंधित अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता पद दी जा सकती है।

## क्षत्रिय महासभा ने किया अटॉर्नी जेनरल के बयान की निन्दा

**मेदिनीनगर।** अभाचक्ष महासभा के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू ने कहा कि नोटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट के एफिडेविट मे अटॉर्नी जेनरल ने जाली नोट पर जरासंध महाराज से तुलनात्मक बयान देकर अपनी विकृत मानसिकता का परिचायक दिया है। इसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है। मगध के सम्राट जरासंध सभी धर्मों का सम्मान करने वाले महाबली थे। इन पर गलत बयानी कर एजी ने अपनी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित किया है। उन्होंने देश के राष्ट्रपति महोदया व प्रधानमंत्री से मांग की है कि एजी को बर्खास्त कर इनके द्वारा दिए गए बयान को वापस ले।

# रेलवे मेंस कांग्रेस के द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मुरी।** गुरुवार को छोटा मुरी रेलवे परिसर में मेंस यूनियन कांग्रेस के द्वारा दो दिवसीय शाखा पार्षदों की बैठक हुई जिसमें 14 दिसंबर की बैठक के बाद मुरी मेंस यूनियन कांग्रेस के सचिव समेत सभी लोग मुरी झालदा सेक्सन का निरीक्षण कर कर्मचारी की समस्याओं को सुना गया और उन्हें पदाधिकारियों के समक्ष रखकर उनका निपटारा करने का आश्वासन दिया गया।इस समारोह में अतिथी के रूप में डिवीजनल कोऑर्डिनेटर नित्यलाल कुमार ,रांची शाखा सचिव पंकज सिंह, मुरी सचिव पी डी तिवारी और शाखा पार्षदों के बीच संगठनात्मक चर्चा करते हुए संगठन के विकास पर विचार करते हुए कर्मचारियों किं समस्याओ को अधिकारियो के समक्ष रख कर उनका निदान करने पर चर्चा हुई।15 दिसंबर को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि डॉक्टर जे कच्छप मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरी रेलवे हॉस्पिटल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। जिसमें रेलवे कर्मचारियों समेत आस पड़ोस के गांव के लोगों ने भी अपनी आंख की जांच करवाई और अपना इलाज करवाया।इस शिविर का आयोजन देवी नेत्रालय मुरी सिंगपुर के डॉक्टर दरोगा नाथ सिंह महापात्रा के द्वारा लगभग 163 लोगों का सफल जांचकर उनको दवाई दी गई।नेत्र शिविर में अतिथि के रूप में अभियंता एके तिवारी ,मुख्य यार्ड मास्टर शाहनवाज खान, सहायक अभियंता पि राउत, स्टेशन मास्टर राज किशोर वर्मा समेत नीतश सिंह , शिव शंकर प्रसाद , संजीत मिस्त्री, के के पासवान, मिलन विश्वास, अमोद पासवान, रविंद्र नाथ महतो, कुंदन दीक्षित, यू एन दुबे , करीम अख्तर समेत दर्जनों रेलकर्मी उपस्थित थे।

# प्रधानाध्यापक ने बच्चे को जमकर पीटा, परिजनों का हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखण्ड अन्तर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार यादव ने एक मामूली गेंद के लिए क्लास चार के कृपा शंकर विश्वकर्मा को मारपीट कर घायल किए जाने पर परिजनों ने जमकर किया हंगामा। प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चे को पीटे जाने से उसका गाल और चेहरा सूज गया है।

**क्या है मामला :** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में पढ़ने वाला क्लास चार का छात्र कृपा शंकर विश्वकर्मा पढ़ाई के दौरान घर से लेकर आए गेंद से खेल रहा था। किसी बच्चे ने इसकी सूचना प्रधानाध्यापक को दे दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उस गेंद को विद्यालय का बताकर बच्चे से मांगा। बच्चे ने गेंद को अपना बताते हुए प्रधानाध्यापक को देने से इनकार कर दिया। बच्चे द्वारा गेंद देने से इनकार करने पर प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार यादव को गुस्सा आ गया और उन्होंने अपने ही विद्यालय के छात्र कृपाशंकर विश्वकर्मा को मारपीट कर घायल कर दिया। प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चे को पीटे जाने से उसका चेहरा और गाल सूज गया। मजेदार बात यह है कि घायल बच्चे कृपा शंकर विश्वकर्मा की मां उसी विद्यालय की उपाध्यक्ष हैं। इसके बावजूद प्रधानाध्यापक ने कोई लिहाज नहीं किया। प्रधानाध्यापक द्वारा पीटे जाने से आहत घायल हुए बच्चे कृपा शंकर विश्वकर्मा के पिता श्यामसुंदर विश्वकर्मा और मां सुशीला देवी ने इस घटना की लिखित शिकायत स्थानीय थाने में और शिक्षा विभाग में करने की बात कही है।

### बच्चों ने प्रधानाध्यापक पर लगाया आरोप

घटना के संबंध में विद्यालय में जानकारी प्राप्त करने के दौरान कक्षा 2 और कक्षा 3 के बच्चे प्रीति कुमारी पायल कुमारी सुदामा सा ऋषिकेश कुमार पूर्णिमा कुमारी अनूप राज गोलू बेटा सूरज कुमार आदि बच्चों ने बताया कि विद्यालय में सही ढंग से खाना नहीं मिलता है। बच्चों ने बताया कि मध्यान भोजन में चावल दाल और सब्जी के अलावा और कुछ नहीं दिया जाता है। जो खाना मिलता है वह भी साधारण होता है।

### क्या कहते है प्रधानाध्यापक

इस घटना के संबंध में पूछे जाने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार यादव ने बताया कि उक्त गेंद विद्यालय का था बच्चे का नहीं था। मैंने जब उस बच्चे से गेंद मांगा तो उसने देने से इंकार कर दिया। जिसके कारण मुझे गुस्सा आ गया। इसे गुस्से में मैंने उसे एक दो थप्पड़ मारा है।

## चाडू में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास

# गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा: विधायक राजेश कच्छप

**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड के चाडू में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास गुरुवार को विधायक राजेश कच्छप ने किया। इसके साथ ही विधायक राजेश कच्छप ने अपने विधानसभा क्षेत्र मे कई योजना का भी शिलान्यास किया जिसमें मुख्य रूप से हाई स्कूल में दो कमरा भवन का शिलान्यास किया भी शामिल है। इस अवसर पर शिलान्यास कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि जिला अन्नावध योजना के माध्यम से अथक प्रयास से योजना स्वीकृत किया गया। पिछले कई वर्षों से चाडू में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन काफी जर्जर स्थिति में था उस समस्या को देखते हुए समस्या को दूर करने के लिए काम किया गया तथा इसी प्रकार पांचा हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई में भवन की कमी के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए दो कमरा निर्माण हेतु योजना स्वीकृत कर जनहित में काम



किया गया। श्री कच्छप ने यह भी कहा कि गुणवत्ता के साथ भवन का निर्माण होनी चाहिए। गुणवत्ता में किसी प्रकार का कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भी कई जगह संयुक्त रूप प्रतिनिधियों के साथ नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने भी अपना विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तुलसी खरवार अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी, रमेश उरांव, सुरेश प्रसाद साहू, प्रो0 प्रेमनाथ मुंडा, कमिश्नर मुंडा जिला परिषद सदस्य पश्चिमी, सरिता देवी जिला परिषद सदस्य, हरी मोहन महतो, दीपा उरांव, राजेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, रामटहल महतो, मुंतजीर अहमद रजा, सफीउल्लाह अंसारी, मुबारक अंसारी, रोजनी लकडा, सूरज पठान, रवि साहू, शोभा देवी, जेठू मुंडा , एते श्याम अली, राजेश नायक सहित कांग्रेसी शामिल थे।

## दुर्गा महादेव मंदिर मे प्रथम यज्ञ वार्षिक महोत्सव को लेकर बैठक

**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में पूजा समिति ओरमांझी द्वारा प्रथम यज्ञ वार्षिक महोत्सव को लेकर विचार-विमर्श से संबंधित आसपास के ग्रामीण महिलाओं बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष सतनारायण तिवारी ने किया। बैठक में दुर्गा महादेव मंदिर का प्रथम यज्ञ वार्षिक महोत्सव की सफलता में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के मध्य नजर महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप रूप से पूजा समिति के संरक्षक पूर्व उपप्रमुख लालू साहू, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, उपाध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष अमोद कुमार साहू, पंचमी देवी रेखा देवी मुन्नी देवी जमुना देवी मीना साहू जमुनादेवीकिरण, ममता देवी, दीपा चौरसिया,अनीता देवी ,रीना देवी, उर्मिला देवी, बसंती देवी, रूपा देवी, सुमित्रा देवी, मंजू देवी, मोनी देवी, सोनी देवी, भीममुंडा उप सचिव, डॉ प्रदीप कुमार मीडिया प्रभारी पूजा समिति उपस्थित थे।

# रातू में चोरी का आरोप लगाकर युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के दलादिली में एक युवक को चार लोगो ने जमकर मारपीट कर दी। घटना बुधवार शाम 5 बजे की बताई जा रही। मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को मारपीट करने वाले से छुड़ाया । मारपीट में घायल युवक का रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। युवक के पैर व कमर में गहरी चोट आई है। युवक इटकी थाना क्षेत्र के बाजारटांड निवासी मो मुस्ताक के 30 वर्षीय पुत्र नसीम अंसारी है। मामले को लेकर युवक नसीम अंसारी ने मारपीट करने वाले 5 लोगो पर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे सलगी उराईन, उसके दो पुत्र राहुल उराँव व अनिल उराँव तथा दो अज्ञात लोग शामिल है।

**क्या है मामला :** जानकारी के मुताबिक युवक नसीम अंसारी रातू के दलादिली स्थित सलगी उराँइन के यहां ड्राइवर का काम करता था। वह चार सालों से वही रहता था। आठ माह पहले नसीम काम छोड़ अपना घर इटकी चला गया। इसी बीच सलगी उराईन नसीम के को ढूंढते हुए उसका घर चली गयी।



नसीम के घर मे नही मिलने पर उसने उसकी पत्नी गजाला परवीन के साथ मारपीट व लूटपाट की थी। जिसे लेकर इटकी थाना में गजाला परवीन में सलगी उराईन पर मारपीट व लूटपाट की प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। घायल नसीम अंसारी ने बताया की वह केस उठाने के लिए एक सप्ताह से लगातार दबाव बना रही थी ।बबातचीत के लिए वह बुधवार को अपने घर बुलाई व अपने बेटे और अन्य लोगो से मुझे पिटवाया।

घटना के बाद दूसरे पक्ष के सलगी उराँइन के पुत्र राहुल उराँव ने भी नसीम पर घर मे घुस कर चोरी करने का प्रयास को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सम्पादक की कलम से...

# सीएम एक्शन में

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने लोहरदगा व गुमला जिला में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति व निपटारे की समीक्षा की। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मनरेगा योजना, छात्रवृति योजना, से संबंधित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, राजस्व न्यायालय, विधि व्यवस्था अंतर्गत अपराध की स्थिति (चोरी, अपहरण, हत्या, लूट, दंगा, बलात्कार, आर्म एक्ट, नक्सल आदि अनुसंधान की स्थिति, वारंट-कुर्की के निष्पादन की स्थिति समेत अन्य पहलुओं की समीक्षा की। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री की संवेदशीलता काम के प्रति हाल के दिनों में काफी बढ़ गयी है। अब जरूरत है कि उनके कामों को जमीन पर उतारा जाये। लेकिन यह सब जैसा दिखना चाहिए,नहीं दिख रहा है। बहुत जगहों पर राज्य में अवैध रूप खनन का काम बदस्तूर जारी है। इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे में तथ्यपरक व ईमानदारी से जांच कर दोषी मिलने पर कंपनी पर एफआईआर करने की जरूरत है। लेकिन सवाल उठता है कि कार्रवाई करने वाले अधिकारी इसे सही अर्थों में कर पायेंगे। समीक्षा के क्रम में गुमला, लोहरदगा सदर थाना, कुडू थाना की क्राइम रेटिंग ज्यादा देखी गयी जिसमें कुडू थानेदार को लाइन हाजिर का सीएम ने निर्देश दिया। यह देखा जा रहा है कि लोहरदगा और गुमला जिला राज्य के ऐसे जिले हैं जहां पलायन और ह्यूमन ट्रैफिकिंग काफी ज्यादा है। पलायन पेट की भूख के कारण है जहां ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को गति देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने ऐसी ही योजनाओं का एक पैकेज बनाया और यहां के लोगों द्वारा अपनायी जा सकने वाली योजनाओं को यहां लागू कराने का कार्य करने की जरूरत है। योजनाओं की समीक्षा सिर्फ राज्य मुख्यालय स्तर तक ही नहीं, बल्कि आनेवाले समय में मंत्री या राज्यस्तर के पदाधिकारियों द्वारा नीचे स्तर पर भी जाकर करने की जरूरत है। ये दोनों जिले ऐसे हैं जहां से विकास की गाथा का असर अन्य जगहों पर पड़ने की पूरी संभावना है। ऐसे में गुमला और लोहरदगा को आधारभूत संरचना मुहैया कराना जरूरी है। बहरहाल जनजातीय बहुल क्षेत्रों में और काम करने की जरूरत है। दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते क्राइम पर भी रोक लगनी चाहिए। कारण लोहरदगा और गुमला जिले में उग्रवाद और अपराध नियंत्रण करना बहुत आवश्यक है। कारण यहां के कई थाना क्षेत्रों में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही है। आपराधिक कांडों के अनुसंधान में विलंब हो रहा है। आपराधिक मामलों का जितना निष्पादन हो रहा है उससे तेज गति से आपराधिक घटनाएं थानों में हो रही हैं। वारंटो और कुर्की जब्ती के मामले में भी शिथिलता बरती जा रही है, यह पुलिस की नाकामी को दर्शाता है। पुलिस पदाधिकारियों को यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए। अपराध को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा कर ही अंकुश लगाया जा सकता है।

## आज का इतिहास

**1681 :** महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
**1901 :** भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
**1943 :** इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
**1947 :** विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
**1955 :** पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
**1769 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
**2006 :** समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
**1938 :** प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
**1995 :** जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
**2013 :** इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
**1556 :** स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
**1581 :** ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
**1966 :** भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
**1989 :** मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।
**1989 :** सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
**2003 :** भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।

# साड़ी की महिला के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका

जी! साड़ी, सिलाई रहित और लपेटकर पहना जाने वाला एक विशिष्ट परिधान है, जो हर भारतीय महिला की अलमारी में निश्चित तौर पर विशेष स्थान रखता है। यह प्राचीन काल से ही धारण किए जाने वाला एक ऐसा पुरातन परिधान है, जो खुद को आधुनिक भारत में महिलाओं की प्राथमिकताओं और जीवन शैलियों में आ रहे बदलावों के अनुकूल कुशलता से ढालकर अपना चलन बरकरार रखे हुए है। साड़ी किसी महिला के जीवन के विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उसे पहनने वाली महिला की उसके साथ अलग-अलग तरह की भावनाएं जुड़ी होती हैं। शहरी भारत में, साड़ी किशोरावस्था से वयस्कता की दहलीज पर कदम रखने का प्रतीक है, जब एक वयस्क युवती अपने स्कूल के विदाई समारोह में साड़ी पहनने को तत्पर होती है। साड़ी किसी दुल्हन के साजो-सामान का महत्वपूर्ण भाग होती है, और संतान के जन्म के अवसर पर भी उपहार में दी जाती है। हाथ से बनी शानदार साड़ियों को उनसे जुड़ी यादों और भावनात्मक लगाव के कारण विरासत के रूप में सहेज कर रखा जाता है, जो दादी-नानी से लेकर मां और बेटियों तक जाती हैं। गरिमापूर्ण अंदाज से बांधी गई साड़ी को पूरे भारत में आतिथ्य, विमानन, स्वास्थ्य सेवा और अन्य उद्योगों में कार्यरत महिलाओं के विशिष्ट यूनिफॉर्म के रूप में भी पहचाना जाता है, जो विनम्रता, कुशलता और सुरुचि का संदेश देती है। भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों की प्रतीक साड़ी राजनीति के क्षेत्र से जुड़ी नेत्रियों की भी पसंदीदा पोशाक है। बहुउपयोगी साड़ी विभिन्न अवतारोंः शक्ति और श्रेष्ठता, आकर्षक और मनोहर, सुरुचिपूर्ण एवं विनम्र, और विरासत व संस्कृति का मूर्त रूप है।

'साड़ी' शब्द की उत्पत्ति दक्षिण-पश्चिमी द्रविड़ शब्द 'सायर' से हुई है। साड़ी के अन्य स्वदेशी नामों में केरल में पुडवा, तमिलनाडु में सेलाई, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में लुगडा, उत्तर प्रदेश में लुगड़ी, उड़ीसा में सारही आदि शामिल हैं। साड़ी एक आयताकार लंबाई वाला कपड़ा होता है, जिसकी लंबाई 4 से 9 गज तक और चौड़ाई लगभग एक गज होती है। अपनी सिलाई रहित गुणवत्ता के कारण साड़ी हिंदू संस्कृति द्वारा निर्धारित शुद्धता के सिद्धांतों के अनुरूप है। अनेक प्रकार के कपड़ों और टेक्स्चर में फ्लूइड साड़ी उपलब्ध है और इसे भारत के विभिन्न राज्यों से उपजी विभिन्न शैलियों में लपेटा (ड्रेप) जाता है। भारत की साड़ियों को क्षेत्र विशेष की विशिष्ट निर्माण तकनीक के अनुसार वगीकृत किया जा सकता है। पारंपरिक साड़ियां विविध प्रकार की होती हैं, जिनमें हाथ से बुनी हुई, कशीदाकारी, रेसिस्ट-डाई या प्रिंटेड शामिल हैं। उत्कृष्ट हथकरघा साड़ियों में उत्तर प्रदेश की बनारस ब्रोकेड, पश्चिम बंगाल की जामदानी, तमिलनाडु की कांजीवरम, महाराष्ट्र की पैठाणी, गुजरात की अश्वली, मध्य प्रदेश की चंदेरी और माहेश्वरी आदि शामिल हैं। कशीदाकारी वाली साड़ियों में उत्तर प्रदेश की चिकनकारी, पश्चिम बंगाल की कांथा और कर्नाटक की इलकल कसुती साड़ी शामिल हैं। परिष्कृत रेजिस्ट-डाइड साड़ियों में गुजरात से पटोला जैसे यार्न रेसिस्ट-डाई से लेकर ओडिशा से बंधा, आंध्र प्रदेश से पोचमपल्ली से लेकर राजस्थान और गुजरात से बंधनी जैसी फैब्रिक रेजिस्ट-डाइड की आकर्षक साड़ियां हैं। इस लपेटे या ड्रेप किए जाने वाले परिधान में आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान जैसे क्षेत्रों की विभिन्न प्रकार की ब्लॉक प्रिंटेड साड़ियों की व्यापक रेंज शामिल हैं। इस बात पर गौर करना दिलचस्प होगा कि पूरे भारत में क्षेत्रीय, जातीय और जनजातीय समुदायों से विभिन्न साड़ी शैलियों और उसे लपेटने या ड्रेप करने की विधियों की उत्पत्ति हुई है। आयताकार साड़ी को तीन भागों में विभाजित किया गया है, फील्ड, लंबाई के मुताबिक बॉर्डर और अंतिम सिरा, इसे विभिन्न तरीकों से लपेटे जाने पर यह टू-डायमेंशनल कपड़े को शानदार ढंग से एक व्यवस्थित परिधान में बदल देता है। एक प्रसिद्ध फ्रांसीसी मानवविज्ञानी, शॉन्तेल बुलॉन्जे ने भारत में प्रचलित 100 से अधिक विभिन्न साड़ी लपेटने (ड्रैपिंग) की शैलियों को सूचीबद्ध किया है। ड्रैपिंग की कुछ लोकप्रिय शैलियों में निवी, जिसमें चुन्नट या प्लीट्स को सामने की तरफ टक किया जाता है और अंतिम सिरे या एंड-पीस को प्लीटेड कर बाएं कंधे पर लपेटकर पीछे की ओर लटकाया जाता है; महाराष्ट्र की काच्छा शैली, जिसमें पीछे की चुन्नट के साथ फोर्क्ड ट्राउजर जैसा प्रभाव उत्पन्न होता है; उत्तरी शैली जिसमें अंतिम सिरे या एंड-पीस को पीछे से आगे की ओर छाती को ढंकते हुए लपेटा जाता है; और द्रविड़ शैली, जिसमें कमर के चारों ओर चुन्नट को झालर की तरह लपेटा जाता है; शामिल हैं। वस्त्र इतिहासकार रता कपूर चिश्ती ने युवा पीढ़ी को साड़ी पहनने के प्रति आकर्षित करने के लिए साड़ी को 108 तरीकों से लपेटने की कला में महारत हासिल की है, जिससे यह गाउन, स्कर्ट या पलाजो की तरह दिखाई देती है।

पारंपरिक परिधान से फैशनेबल पोशाक तक की साड़ी की यात्रा भारतीय वस्त्रकारों द्वारा निर्मित अनेक साड़ियों के साथ देखी जा सकती है, जिन्होंने कपड़े, मूल्य-वर्धन, ड्रेपिंग की शैली और ब्लाउज के साथ प्रयोग किए हैं। कपड़े के आयताकार टुकड़े के साथ प्रयोग करने की काफी संभावनाएं हैं और इसमें हुए प्रभावशाली बदलावों ने युवतियों में इनके प्रति रुचि पैदा की है और वह साड़ी में सहज महसूस कर रही हैं और अपनी खुद की स्टाइल स्टेटमेंट बना रही हैं। परंपरा और आधुनिकता का मिश्रण-साड़ी हमेशा शाश्वत रहेगी और दुनिया के लिए एक प्रतिष्ठित भारतीय पोशाक बनी रहेगी।

> 'साड़ी' शब्द की उत्पत्ति दक्षिण-पश्चिमी द्रविड़ शब्द 'सायर' से हुई है। साड़ी के अन्य स्वदेशी नामों में केरल में पुडवा, तमिलनाडु में सेलाई, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में लुगडा, उत्तर प्रदेश में लुगड़ी, उड़ीसा में सारही आदि शामिल हैं। साड़ी एक आयताकार लंबाई वाला कपड़ा होता है, जिसकी लंबाई 4 से 9 गज तक और चौड़ाई लगभग एक गज होती है। अपनी सिलाई रहित गुणवत्ता के कारण साड़ी हिंदू संस्कृति द्वारा निर्धारित शुद्धता के सिद्धांतों के अनुरूप है। अनेक प्रकार के कपड़ों और टेक्स्चर में फ्लूइड साड़ी उपलब्ध है और इसे भारत के विभिन्न राज्यों से उपजी विभिन्न शैलियों में लपेटा (ड्रेप) जाता है। भारत की साड़ियों को क्षेत्र विशेष की विशिष्ट निर्माण तकनीक के अनुसार वगीकृत किया जा सकता है। पारंपरिक साड़ियां विविध प्रकार की होती हैं, जिनमें हाथ से बुनी हुई, कशीदाकारी, रेसिस्ट-डाई या प्रिंटेड शामिल हैं। उत्कृष्ट हथकरघा साड़ियों में उत्तर प्रदेश की बनारस ब्रोकेड, पश्चिम बंगाल की जामदानी, तमिलनाडु की कांजीवरम, महाराष्ट्र की पैठाणी, गुजरात की अश्वली, मध्य प्रदेश की चंदेरी और माहेश्वरी आदि शामिल हैं।

■ **प्रो. रुबी कश्यप सूद**
**लेखिका**
**वस्त्र डिजाइन राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, भारत**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

ब्रह्मा, विष्णु, महेश, सनक तथा कपिल-ये सभी मायाके वशवर्ती होकर संसार-मार्गमें निरन्तर भ्रमण करते रहते हैं ॥ 3 ॥

लोग मुझे ज्ञानी समझते हैं, किंतु मैं भी एक बार सभी लोगोंकी भाँति भ्रमित हो गया था। मैं अपना पूर्व वृत्तान्त यथार्थरूपसे बता रहा है सुनिये ॥ 4 ॥

हे व्यासजी! स्त्री-प्राप्ति के लिये अपने द्वारा स्वयं उत्पन्न किये गये मोहके कारण मुझे पूर्वकालमें महान कष्टका अनुभव करना पड़ा था ॥ 5 ॥

एक बार में तथा पर्वतमुनि उत्तम भारतवर्षको देखनेके लिये देवलोकसे पृथ्वीलोकपर आये थे ॥ 6 ॥

विभिन्न तीर्थों, पवित्र स्थानों तथा मुनियोंके पावन आश्रमोंको देखते हुए हम दोनों साथ-साथ पृथ्वीतलपर विचरण करने लगे ॥ 7 ॥

देवलोकसे प्रस्थान करते समय हम दोनोने` आपसमें निश्चयपूर्वक सोच-विचारकर यह प्रतिज्ञा की थी कि जिसके मनमें जैसा भी पवित्र अथवा` अपवित्र भाव उत्पन्न होगा, वह उसे कभी गोपनीय नहीं रखेगा ॥ 8-9 ॥

भोजनकी इच्छा, धनकी इच्छा अथवा काम-विषयक इच्छा-इनमेंसे जिस तरहकी भी इच्छा जिसके मनमें होगी, एक-दूसरेको बता दी जानी चाहिये ॥ 10 ॥

ऐसी प्रतिज्ञा करके हम दोनों स्वर्गलोकसे पृथ्वीतलपर आये और एकचित्त होकर मुनिरूपमें इच्छापूर्वक विचरण करने लगे ॥ 11 ॥

इस प्रकार इस लोकमें विचरण करते हुए हम ` दोनों ग्रीष्म ऋतुके समाप्त हो जानेपर राजा संजयके सुरम्य नगर में पहुँचे ॥ 12 ॥

राजा संजयने हम दोनोंकी भक्तिपूर्वक पूजा की तथा अत्यधिक सम्मान दिया। महान आत्मावाले उन्हीं संजयके भवनमें रहकर हम दोनों अपना चातुर्मास्य व्यतीत करने लगे ॥ 13 ॥

वषार्कालके चार महीने मार्गमें बहुत कष्टकारक होते हैं, अतएव विज्ञजनोंको उस अवधिमें एक ही स्थानपर रहना चाहिये-ऐसा सिद्धान्त है ॥ 14 ॥

द्विजको चाहिये कि वह आठ महीनेतकअपने कार्यवश देशान्तरमें प्रवास करे, किंतु सुख चाहनेवाले पुरुषको वषार्कालमें प्रवासके लिये नहीं जाना चाहिये ॥ 15 ॥

ऐसा सोचकर हम दोनों राजा संजयके भवनमें ठहर गये और उन महात्मा नरेशने हमलोगोंका सम्मानपूर्वक आतिथ्य किया ॥ 16 ॥

उन राजा संजयकी परम सुन्दरी तथा मनोहर दाँतोंवाली दमयन्ती नामसे विख्यात एक कन्या थी; उन्होंने उसे हमलोगोंकी सेवाके लिये आदेश दे दिया ॥ 17 ॥

- **क्रमशः**

# पूरे सात करोड़

सर कॉलेज में पढ़ाई करो न करो स्टेटस मेंटेन करना पड़ता है। जिंदगी जब एक बार मिली है तब उसे किश्तों में जीने का क्या मतलब? इक्कीस वर्षीय लड़की जिसके बाल बिखरे हुए थे। मॉडर्न होने के नाम पर टॉर्न जिंस और एक हल्की सी टीशर्ट जिस पर लिखा था- 'आई डोंट केयर व्हाट डू यू थिंक' पहनी हुई थी। पुलिस वाले ने फिर से सवाल दोहराया - 'तुम तो पढ़ी लिखी हो। सामने वाले ने जब किडनी के बदले सात करोड़ देने की बात कही तो तुम्हें दाल में कुछ काला नहीं लगा?' 'अब क्या बताऊं सर। डैड मेरी सेविंग के लिए जब तब रुपए जमा कर रहे थे। काश वह कभी कॉलेज जाते तो पता चलता कि कॉलेज में कितने खर्चे होते हैं। फिल्म, शॉपिंग, किटी पार्टी, सैर सपाटा और न जाने क्या-क्या उफ्फ....। मैंने अकाउंट से अस्सी हजार खर्च कर दिए थे। एक दिन पिताजी ने हिसाब पूछ लिया। मैं घबरा गई। इतना बड़ा अमाउंट लाऊं तो लाऊं कहां से। मुझे पैसों की सख्त जरूरत थी। तभी मुझे समाचार पत्र में किडनी वाला विज्ञापन दिखा। मुझे नहीं पता किडनी की क्या कीमत होती है। जब सामने वाले ने सात करोड़ का ऑफर दिया तो समझी कि होंगे सात करोड़।' 'क्या तुम्हें एक बार के लिए भी नहीं लगा कि इतना बड़ा कदम उठाने से पहले एक बार अकाउंट चेक कर लेना चाहिए? सवाल तुम्हारी किडनी के साथ-साथ तुम्हारी जिंदगी का भी तो था।' 'ऐसा नहीं है सर। वे बड़े पढ़े-लिखे लोग थे। सूट-बूट पहने हुए। चेहरे से उनकी ईमानदारी साफ झलक रही थी। ऑपरेशन थिएटर में जाने से पहले उन्होंने मुझे साढ़े तीन करोड़ रुपए अकाउंट में जमा होने की बात भी कही। मुझे लगा कि वह सच बोल रहे हैं। इतना तो यकीन करना ही चाहिए। मुझे क्या पता था कि वह मुझसे झूठ बोल रहे थे। 'तो अब तुम क्या चाहती हो?' 'मैंने जब किडनी के बदले तय राशि की मांग की तो उन्होंने कहा कि राशि बड़ी है इसलिए सबसे पहले तुम्हें टैक्स के रूप में सोलह लाख रुपए देने होंगे। मुझे लगा कि उनकी बात तो सही है। जब राशि बड़ी है तो टैक्स लगेगा ही। सो मैंने उन्हें जैसे-तैसे जुटाकर सोलह लाख रुपए दे दिए। इतना होने पर भी राशि न मिलने पर मैंने उन्हें दोबारा फोन लगाय। इस बार उन्होंने कहा कि आपका अमाउंट दिल्ली में तैयार है आप तुरंत आकर ले जाएं। मैंने फ्लाइट पकड़ी और सीधे यहां पहुंच गई। उनके बताए पते पर पहुंची। लेकिन वहां पर कोई नहीं था। जब दोबारा फोन लगाने की कोशिश कि तो उन्होंने फोन स्विच ऑफ कर दिया था। मैं आप लोगों के हाथ जोड़ती हूँ। पैर पड़ती हूँ। सात करोड़ भूल जाइये। कम से कम मेरे द्वारा उल्टे खर्च किये गये सोलह लाख रुपए और जो फ्लाइट का अलग से खर्चा हुआ उतनी भर राशि मुझे दिला दें तो मैं आपकी ऋणी रहूंगी।' - किडनी निकाल लेने के बाद जिस जगह पर टांके लगे थे, उन टांकों को सहलाते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की। पुलिस इस पढ़ी-लिखी मूर्ख लड़की पर मन ही मन हंसने लगी और उसे झूठा दिलासा देकर घर भेज दिया।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# नौ सेना की नई ताकत बन रही हैं

उत्तर-पूर्वी हिंद महासागर में कार निकोबार और ग्रेट निकोबार द्वीप के बीच स्थित है कमोर्ता द्वीप। जहां तक इसके इतिहास की बात है तो कमोर्ता में मछुआरों के करीब 1000 घर होंगे और यह एक शांत द्वीप था। कमोर्ता में 1970 के दशक की शुरूआत में भारतीय नौसेना बेस, कारदीप बना। तब से कारदीप में भारतीय नौसेना की मौजूदगी महत्त्वपूर्ण बनी हुई है। नई दिल्ली में भारत के दूरदर्शी सामरिक नेतृत्व ने कमोर्ता को भारत के सुदूर पूर्व तट पर स्थित विशिष्ट स्थल के रूप में देखा, जो अत्यंत महत्वपूर्ण मलक्का जलडमरूमध्य के पास है। जहां से उत्तरी अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी आसानी से पहुंचा जा सकता है। उस समय अमेरिका और सोवियत संघ के बीच चल रहा शीत युद्ध सबसे अधिक महत्वपूर्ण अजेंडा था और हिंद महासागरीय क्षेत्र में संभवतः चीन ने समुद्री मामले में उस समय कुछ बोलना शुरू भी नहीं किया था। कारदीप की कमिशनिंग के बाद और खासकर भारतीय नौसेना के निकोबार द्वीप समूह से ऑपरेशन शुरू करने के बाद से कमोर्ता समुद्री क्षेत्र में भारतीय नौसैनिक चेतना और नौसेना के संस्थापकों की दूरदर्शिता की आधारशिला बन गया है। **नारी शक्ति की पहचान :** जिस तरह से कमोर्ता द्वीप पर अवसर की समयपूर्व पहचान कर ली गई थी, उसी तरह से भारतीय नौसेना, तीनों सेनाओं में संभवतः वह पहली सेना थी, जिसने 'नारी शक्ति' के महत्व की पहचान कर ली। भारतीय नौसेना में महिलाओं की भर्ती नौसेना अधिनियम, 1957 के अप्रचलित और औपनिवेशिक प्रावधानों के कारण प्रतिबंधित थी। 1989 में पहली बार नौसेना सर्विस में महिलाओं की भर्ती की मंजूरी के लिए नेवी ने सरकार को प्रेजेंटेशन दिया। 1992 में सरकार ने कानून, शिक्षा और लॉजिस्टिक्स ब्रांचों में प्रायोगिक तौर पर पांच वर्ष के लिए महिलाओं की भर्ती की इजाजत दे दी। पांच वर्षों के बाद 1997 में नौसेना ने सरकार को बताया कि महिलाएं संतोषजनक ढंग से नौसेना के वातावरण के अनुकूल ढल गई हैं और उनका प्रदर्शन संतोषजनक रहा है।

■ **कैप्टन सचिन धीर**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# साफ-सफाई जरूरी

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है,जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

■ **सौरभ कुमार , मेदिनीनगर।**

# उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा मिले

ऋग्वेद में भाषा के बारे में लिखा है- धीर पुरुष वाणी को चलनी में छने हुए सत्तू के समान परिष्कृत रूप में उच्चारित करते हैं। वाणी से उनका सख्य भाव ज्ञात होता है। वाणी में लक्ष्मी (पवित्र गुण) प्रतिष्ठित होती है। जिस तरह चलनी से अपशिष्ट छानकर खाने योग्य अनाज रख लिया जाता है, वैसे ही भाषा में जो अपशिष्ट रहता है, उसे दूर करके ही भाषा व्यवहार में आती है। इस बारे में देश की आजादी की लड़ाई के दौरान अपनी लेखनी से जनता में जोश भरने वाले आधुनिक तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिवस 11 दिसंबर को 'भारतीय भाषा दिवस' के रूप में उत्सव की तरह मनाने का उपक्रम अभिनंदनीय है। सपने मातृभाषा में ही देखे जाते हैंः विदेशी राज में भारतीय भाषाओं का क्षरण हुआ। दार्शनिक कृष्ण चंद्र भट्टाचार्य ने 1929 के आस-पास ही विचारों में आजादी के लिए भाषा के स्वराज पर जोर दिया था क्योंकि 'स्वराज एक सपना था और सपने मातृभाषा में ही देखे जाते हैं।' भारत की विडंबना यह रही कि आजादी मिलने के बाद सरकारों ने भारतीय भाषाओं के विकास और संरक्षण पर जोर न देकर अंग्रेजी राज का अनुगमन किया। इस अंधानुकरण का नतीजा है कि 'कोस कोस पर पानी बदले चार कोस पर बानी' वाले देश में 50 सालों में लगभग 20 प्रतिशत भाषाएं विलुप्त हुईं। फिर भी स्थानीय भाषाएं हमारी संस्कृति की प्राणवायु बनकर उसे विकसित करने में अतुलनीय योगदान दे रही हैं। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की यह अनुशंसा काबिल-ए-तारीफ है कि 'जहां तक संभव हो, कम से कम ग्रेड 5 तक लेकिन बेहतर यह होगा कि ग्रेड 8 और उससे आगे तक भी शिक्षा का माध्यम घर की भाषा/मातृभाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा होगी। सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के स्कूल इसे मानेंगे।' हाल ही में मध्य प्रदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में शुरू हुई है। माननीय राष्ट्रपति द्वारा उड़िया भाषा में निर्मित अभियांत्रिकी की पुस्तकें, तकनीकी शब्दावली और ई-कुंभ (भारतीय भाषाओं में ज्ञान) पोर्टल का अनावरण भी क्षेत्रीय भाषाओं के विकास के लिहाज से शानदार पहल है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) का 13 भारतीय भाषाओं में आयोजन कर भाषा विकास के क्षेत्र में नया अध्याय जोड़ा है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुवाद का स्तर संतोषजनक जनक नहीं होने से छात्रों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। 'राष्ट्रीय अनुवाद मिशन' को अधिक संपन्न बनाना चाहिए। उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में अभिभावकों के मन में आशंका होगी कि यदि आगे चलकर अंग्रेजी ही शिक्षा का माध्यम होगी तो क्यों न हम अपने बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा भी अंग्रेजी माध्यम में ही दें। इन चिंताओं को समझते हुए शिक्षाविदों और सरकार को समुचित कदम उठाने चाहिए। बहुभाषावाद को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक भारतीय को एक से अधिक भारतीय भाषाएं सीखनी चाहिए, जिससे विविधता में एकता की सनातनी संस्कृति कालजयी बनकर मानवता की सेवा में सदैव संलग्न रहे। संस्कृति की संवाहकः विडंबना है कि जो भारतीय भाषाएं वैश्विक संस्कृति की जननी रही हैं, आज वे स्वयं उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद और बाजारवाद से स्वतंत्र होने के लिए छटपटा रही हैं। इस समस्या को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति से प्रेरणा लेते हुए, अब चिकित्सा और इंजीनियरिंग सहित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों को मातृभाषा में पढ़ाने की कोशिश की जायेगी।' भाषाएं वही जीवित रहती हैं, जिनका प्रयोग जनता करती है। जब प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाएं बनेंगी, तभी भारत अपनी ज्ञान और विचार की समृद्ध परंपरा से परिचित हो पायेगा। आधुनिक चेतना से संपन्न हिंदी कवि भारतेंदु हरिश्चंद्र कहते हैं, 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।' **(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

■ **राघवेंद्र प्रसाद तिवारी**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# कोरोना जाते जाते लोगों के हृदय के साथ बड़ा खिलवाड़ कर गया है, सभी को सचेत रहना होगा

30 साल या इससे अधिक उम्र के कोरोना के संक्रमण में आ चुके लोगों को गंभीर हो जाना चाहिए और समय समय पर जांच करवाते रहना चाहिए। यह कोई भयाक्रांत करने की बात नहीं है अपितु कोरोना राक्षस ही ऐसा रहा है कि उसके दुष्प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। कोरोना भले ही अब अंतिम सांसें गिनने लगा हो पर कोरोना प्रभावित इसके दुष्प्रभाव से अभी तक मुक्त नहीं हो पाये हैं। कोरोना प्रभावितों द्वारा दोनों टीकों यहां तक कि बूस्टर डोज लगवाने वाले भी इन दुष्प्रभावों से बच नहीं पा रहे हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया के 20 करोड़ लोग कोरोना के साइड इफेक्ट से प्रभावित हो रहे हैं। अचानक दिल का दौरा, भूलने की आदत, सरदर्द, अधिक बाथरूम जाना, अचानक डायबिटिक होना, मनोबल में कमी और इसी तरह के साइड इफेक्ट से दो चार हो रहे हैं। कोरोना दुष्प्रभाव के चलते मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है।

हालिया अध्ययनों से यह तो साफ हो गया है कि कोरोना की छाप कहीं जल्दी जाने वाली नहीं है। दरअसल कोरोना का दुष्प्रभाव अब तेजी से सामने आने लगा है। अध्ययनों की मानें तो कोरोना के बाद अचानक हृदय गति रुकने के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है तो दूसरी ओर यह भी साफ हो गया है कि कोरोना से रूबरू हो चुके लोगों में स्मृति लोप या भ्रम की स्थिति भी देखने को मिलने लगी है। हालांकि यह माना जा रहा था कि कोरोना का प्रभाव फेफड़ों पर तेजी से बढ़ते संक्रमण के रूप में देखा गया और इसके कारण कोरोना से अधिकांश मौतें हुई पर पिछले दिनों में कम उम्र में जो साइलेंट अटैक के मामले सामने आए हैं वह अत्यधिक चिंतनीय हैं। पिछले दिनों पारिवारिक फंक्शन में नाचते नाचते मौत हो जाना, जिम में एक्सरसाइज करते करते हार्ट अटैक के कारण मौत या इसी तरह के अनेक मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। एम्स के ताजातरीन अध्ययन ने इसे अतिगंभीर माना है तो विदेशों में कराए गए अध्ययनों की रिपोर्ट भी इसकी पुष्टि करती है।



खासतौर से 30 साल या इससे अधिक उम्र के कोरोना के संक्रमण में आ चुके लोगों को गंभीर हो जाना चाहिए और समय समय पर जांच करवाते रहना चाहिए। यह कोई भयाक्रांत करने की बात नहीं है अपितु कोरोना राक्षस ही ऐसा रहा है कि उसके दुष्प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। फ्रांस के एक शोध के अनुसार कोरोना के बाद अस्पताल के बाहर यानी कि घर पर या अन्य स्थान पर कार्डियक अरेस्ट के मामले लगभग दोगुने हो गए हैं। फिलाडेल्फिया में 700 लोगों पर अध्ययन करने पर भी कुछ इसी तरह के परिणाम सामने आये हैं। इटली में किए गए शोध के अनुसार इस तरह के मामलों में 70 फीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है। अमेरिका में किए गए अध्ययन के भी कमोबेश यही परिणाम देखने को मिल रहे हैं। हमारे देश में भी 357 जिलों के करीब 32 हजार कोरोना प्रभावित रहे लोगों का सर्वे किया गया है और इसके दुष्प्रभाव सामने आये हैं।

एम्स कार्डियोलोजी विभाग के प्रोफेसर राकेश यादव का कहना है कि कोरोना से गंभीर बीमार हुए लोगों के दिल में दौरे का जोखिम अधिक हो गया है। कोरोना के बाद धड़कन आसामान्य होना, दिल की मांसपेशियों के के कमजोर होने और खून के थक्कों का फेफड़ों तक पहुंच जाना आम होता जा रहा है। ऐसे में ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल और शुगर की समय समय पर जांच कराते रहना जरूरी हो गया है। दरअसल कोरोना प्रभावितों के खून के थक्के जमने का खतरा अधिक हो गया हैं वहीं कोरोना संक्रमितों की दिल की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। यहां तक सामने आ रहा है कि दिल की धड़कन असामान्य होने लगी है। कोरोना से प्रभावित हो चुके लोगों पर एक अन्य अध्ययन में भूलने की समस्या भी सामने आ रही है। विशेषज्ञों की मानें तो यह कोरोना का ही परिणाम हो सकता है। माना यह जाता है कि कोरोना श्वसन प्रणाली को ही प्रभावित करता है और लोग इसी थ्योरी को मानकर चल रहे हैं पर हालिया अध्ययनों में यह भी उभर कर आया है कि कोरोना वायरस संज्ञानात्मक कार्य को भी तेजी से प्रभावित करने लगा है। इसमें दोनों ही तरह के उदाहरण सामने आये हैं एक एकाएक भ्रमित होने का तो दूसरा भूलने का। जो कोरोना से अधिक प्रभावित रहे उनमें मेमोरी स्कोर कम होने की संभावना अधिक देखी गई है।

कोरोना मुक्त होने का सपना संजोए लोगों का यह नया साइड इफेक्ट अधिक चिंता का कारण बनता जा रहा है। यदि हमारे देश में ही बात करें तो पिछले दिनों में साइलेंट कार्डिक अटैक के कारण मौत के अधिक मामले सामने आये हैं। खासतौर से युवाओं पर इसका अधिक असर देखा जा रहा है। जिम में एक्सरसाइज करते करते तो रात को सोते सोते या अस्पताल तक पहुंचते पहुंचते मौत के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। यह हमारे यहां ही नहीं अपितु सभी देशों में देखा जा रहा है। इन सब घटनाओं ने चिकित्सा जगत को गंभीर चिंता में डाल दिया है। चिकित्सकों के सामने नई चुनौती आई है पर अब इस सबसे निपटने के लिए प्रभावित लोगों को भी अधिक जागरूक होना जरूरी हो गया है। समय समय पर जांच व चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक हो गया है। कोविड के जो दूरगामी प्रभाव देखने में आ रहे हैं वह कोरोना का आतंक समाप्त होने के बाद का प्रभाव है। ऐसे में इसे गंभीरता से लिया जाना आवश्यक हो गया है। होना तो यह चाहिए कि स्वयंसेवी संस्थाओं को अब अधिक सक्रिय होना चाहिए व गली मौहल्लों में समय समय पर मेडिकल कैंप आयोजित करने चाहिए ताकि अस्पताल या जांच केन्द्र तक नहीं जा सकने वालों तक सुविधाएं सुलभ हो सकें। सरकार को भी मेडिकल शिविरों के प्रति अतिसक्रियता दिखानी होगी ताकि ऐसे हालातों से बचा जा सके। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि कोरोना राक्षस अपना असर इतनी जल्दी छोड़ने वाला नहीं है ऐसे में सजगता और सतर्कता ही केवल और केवल मात्र निदान है, यह हमें ध्यान रखना ही होगा। यह साफ हो जाना चाहिए कि करीब 51 प्रतिशत लोगों का कहना है उनकी जान पहचान के लोगों में एक या एक से अधिक व्यक्ति गंभीर चिकित्सा हालातों से दो चार हो रहे हैं। ऐसे में चिकित्सा विशेषज्ञों को पोस्ट कोरोना पर विशेष ध्यान देना ही होगा।

❖ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

# सिर्फ खांसी ही नहीं बल्कि कई बीमारियों को भी दूर करती है मुलेठी



खांसी या गला खराब होने पर दादी नानी मुलेठी की चाय पीने की सलाह देती थीं। मुलेठी में विटामिन ए, ई, प्रोटीन, कैल्शियम और एंटी ऑक्सीडेंट जैसे कई गुण मौजूद होते हैं जो स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। मुलेठी में कई औषधीय गुण मौजूद होते हैं। यही कारण है कि खांसी या गला खराब होने पर दादी नानी मुलेठी की चाय पीने की सलाह देती थीं। मुलेठी में विटामिन ए, ई, प्रोटीन, कैल्शियम और एंटी ऑक्सीडेंट जैसे कई गुण मौजूद होते हैं जो स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। मुलेठी का सेवन करने से सेहत को कई फायदे होते हैं।

**गले की खराश से राहत :** खांसी और गले की खराश से राहत के लिए मुलेठी का सेवन फायदेमंद माना जाता है। इसमें एंटीबैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लामेटरी गुण मौजूद होते हैं जो खांसी और खराश से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके लिए आप मुलेठी की चाय बनाकर पी सकते हैं यह काढ़ा बनाते समय इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पेट संबंधी समस्याओं में फायदेमंद :** मुलेठी का सेवन हमारे पेट के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसमें ग्लिसराइजिक मौजूद होता है जो पेट संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। मुलेठी का सेवन करने से कब्ज, गैस और अल्सर जैसी पेट संबंधी समस्याओं में आराम मिलता है।

**आर्थराइटिस में फायदेमंद :** आर्थराइटिस की समस्या से छुटकारा पाने के लिए तो मुलेठी का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। मुलेठी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबायोटिक गुण मौजूद होते हैं जिससे अर्थराइटिस की समस्या से छुटकारा मिलता है। मुलेठी का सेवन करने से दर्द और सूजन को कम करने में मदद मिलती है।

**मुंह के छालों से छुटकारा :** मुंह के छालों से छुटकारा पाने के लिए भी मुलेठी का सेवन फायदेमंद होता है। इसके लिए आप मुलेठी के टुकड़े में शहद लगाकर इसे चूसें। ऐसा करने से आपको मुंह के छालों से जल्द राहत मिलेगी।

❖ प्रिया मिश्रा

# मिल्क थिस्ल से करें बॉडी को डिटॉक्स लिवर व किडनी रहेगी सुरक्षित



अगर आप डायबिटीज से परेशान है तो मिल्क थिस्ल आपकी इस परेशानी को काफी हद तक दूर कर सकता है मिल्क थिस्ल में एंटी डाइबिटिक गुण पाए जाते है तो आप मिल्क थिस्ल के उपयोग से डाइबिटीज से होने वाले खतरे को दूर कर सकते है और ब्लड शुगर कंट्रोल में रख सकते है। दोस्तों मिल्क थिस्ल का नाम शायद आप सबने सुना होगा लेकिन बहुत से लोग नहीं जानते मिल्क थिस्ल क्या होता है और इसका सेवन क्यों किया जाता है यह एक प्रकार का औषधीय पौधा है वैसे तो यह विदेशी पौधा है लेकिन इसके बेनिफिट्स को देखते हुए अब इसकी खेती भारत के भी कुछ हिस्सों में की जाने लगी है, इसके फूल और बीजों को हेल्थ प्रॉब्लम्स को दूर करने के लिए यूज किया जाता है हालाँकि यह किसी तरह की बीमारी को दूर तो नहीं करता लेकिन स्वास्थ्य सबंधी कुछ परेशानियों को दूर जरूर करता है।

**डायबिटीज के लिए :** अगर आप डायबिटीज से परेशान है तो मिल्क थिस्ल आपकी इस परेशानी को काफी हद तक दूर कर सकता है मिल्क थिस्ल में एंटी डाइबिटिक गुण पाए जाते है तो आप मिल्क थिस्ल के उपयोग से डायबिटीज से होने वाले खतरे को दूर कर सकते हैं और ब्लड शुगर कंट्रोल में रख सकते हैं।

**अल्जाइमर की परेशानी में :** अगर बढ़ती उम्र के कारण आप भी भूलने की बीमारी से परेशान हैं तो मिल्क थिस्ल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है मिल्क थिस्ल में सिलिबिनिन पाया जाता है जोकि मेमोरी तेज करने में हेल्प करता है। मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए भी मिल्क थिस्ल फायदेमंद साबित हुआ है।

**यूवी रेज से बचाने में सहायक :** कभी कभी तेज धूप में देर तक रहने से हमारी स्किन में बहुत सी दिक्क्तें हो जाती है जैसे स्किन में एलर्जी और इचिंग की प्रॉब्लम, यूवी रेज से होने वाली प्रॉब्लम में भी मिल्क थिस्ल हेल्प करता है इसके पाउडर को चाय में डालकर पीने से आप खुद को सूरज की हानिकारक किरणों से बचा सकते है। मिल्क थिस्ल एंटी ऑक्सीडेंट का भी काम करता है।

**अच्छे डाइजेशन के लिए :** फास्ट फूड और गलत लाइफ स्टाइल से अक्सर डाइजेशन खराब हो जाता है। मिल्क थिस्ल में फाइबर होता है जो पेट को क्लीन करने के साथ ही आपका डाइजेशन भी ठीक रखने का काम करता है, आप इसके बीजों को पीसकर शेक बना सकते है और इसके पत्तों को सलाद के रूप में भी खा सकते है इसको रूटीन डाइट में भी शामिल किया जा सकता हैं लेकिन बहुत ज्यादा इसका सेवन नहीं करना है।

**इम्युनिटी को करे स्ट्रांग :** मिल्क थिस्ल डाइजेशन को मजबूत करने के साथ ही इम्युनिटी को मजबूत करने के लिए भी बेस्ट है साथ ही यह रोजमर्रा में होने वाली छोटी-मोटी बीमारियों को भी दूर रखने में हेल्पफुल है इसमें फ्लेवोनॉइड नाम का तत्व होता है जो आपको संक्रमण से बचाता है।

**मिल्क थिस्ल के साइड इफेक्ट**

- कुछ लोगों को मिल्क थिस्ल सूट नहीं करता इसके ज्यादा इस्तेमाल से एलर्जी की परेशानी हो जाती है वैसे तो ऐसा बहुत कम लोगो के साथ ही होता है लेकिन अगर किसी को ऐसी कोई समस्या होती है तो उसको मिल्क थिस्ल का सेवन बंद कर देना चाहिए और डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।
- अगर आप मिल्क थीस्ल को 250 -600 mg सेवन करते है तो यह सेफ है लेकिन इससे ज्यादा इसके प्रयोग से आपको एलर्जी की प्रॉब्लम हो सकती है।
- मिल्क थीस्ल आपको मार्किट में टेबलेट और पाउडर दोनों ही रूपों में मिल जायेगा।

# किडनी फेल होने से पहले शरीर देने लगता है ऐसे संकेत, एक्सपर्ट से जानिए कैसे रखें गुर्दे का ख्याल

लाखों लोग किडनी से जुड़ी बीमारियों के साथ जीवन जी रहे हैं और उन्हें इस बात की बिलकुल भी जानकारी नहीं है। मानव शरीर में दो किडनी यानी गुर्दे होते हैं जिनका मुख्य काम यूरिया, क्रिएटिनिन, ऐसिड्स जैसे खराब तत्वों को रक्त से फिल्टर करना यानी निकालना और पेशाब बनाना होता है। किडनी ही हमारे शरीर में पानी का संतुलन बरकरार रखती है और कई ऐसे हॉर्मोन्स का उत्पादन व नियंत्रण करती है जो ब्लड प्रेशर, हड्डियों का स्वास्थ्य और हीमोग्लोबिन बनाने के लिए आवश्यक होते हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के एडिशनल डायरेक्टर व हेड नेफ्रोलॉजी व किडनी ट्रांसप्लांट विभाग की डॉ. अनुजा पोरवाल ने जनसत्ता डॉट कॉम से बातचीत में बताया कि, ह्लऐसे कई सारे चेतावनी संकेत होते हैं जो किडनी की बीमारी की ओर इशारा करते हैं लेकिन अधिकतर मामलों में इन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है या फिर कुछ और मान लिया जाता है।

## किडनी फंक्शन में खराबी होने पर शरीर में दिखते हैं ये 10 संकेत

**कमजोरी या जल्दी थकना :** दुनियाभर में यह किडनी से जुड़ी बीमारियों का लक्षण है। जैसे-जैसे रीनल डिस्फंक्शन यानी किडनी में खराबी बढ़ती है यह लक्षण भी अधिक गंभीर हो जाता है। इसकी मुख्य वजह ब्लड में टॉक्सिन्स व अशुद्धियों का जमा होना है।

**भूख कम होना :** टॉक्सिन्स के जमा होने से व्यक्ति की भूख कम हो जाती है। इसके अलावा, किडनी से जुड़ी बीमारी की गंभीरता बढ़ने के साथ ही व्यक्ति का स्वाद भी बदलता है और मरीज अक्सर इसे मेटॅलिक बताते हैं जिससे उनकी भूख कम होती चली जाती है।

**सुबह उल्टी होना या उबकाई आना :** किडनी के खराब होने के शुरूआती संकेतों में से एक है सुबह उठते ही उल्टी होना या उबकाई आना। इससे मरीज



की भूख भी कम होने लगती है। बीमारी के एंड स्टेज में मरीज को दिन में कई बार उल्टी होती है और उसकी भूख पूरी तरह खत्म हो जाती है।

**एनीमिया :** शरीर में अकारण एनीमिया होना किडनी की बीमारी का सबसे आम लक्षण है। एनीमिया होने की गई वजहें हो सकती हैं जैसे किडनी में बनने वाले एरीथ्रोप्रोटीन का लेवल कम होना, आयरन का लेवल घटना या शरीर में टॉक्सिन्स का जमा होना।

**हाई ब्लड प्रेशर :** किडनी की बीमारी होने का एक संकेत हाइ ब्लड प्रेशर भी होता है। हाइपरटेंशन से पीड़ित किसी भी व्यक्ति को अपनी किडनी की गहन जांच करानी चाहिए और हाइपरटेंशन से किडनी प्रभावित नहीं हो रही हो इसकी जांच के लिए किडनी इमेजिंग करानी चाहिए।

**बार-बार पेशाब जाना :** पेशाब की मात्रा घट सकती है या फिर आपको विशेष तौर पर रात में बार-बार पेशाब करने जाना पड़ सकता है। इसके अलावा पेशाब में झाग आना या पेशाब व ब्लड में प्रोटीन लीक होना, त्वचा का रुखा होना व उसमें खुजली होना, पीठ में या पेट के निचले हिस्से में दर्द होना, एड़ियों, पैरों या टांगों में सूजन दिखना या आंखों के आसपास या नीचे सूजन आना किडनी में समस्या होने के सबसे शुरूआती संकेतों में से एक है।

## अपनी किडनी को कैसे स्वस्थ बनाए रखें

डॉक्टर अनुजा ने बताया कि किडनी की बीमारी होने के जोखिम से बचने और किडनी का स्वास्थ्य बेहतर बनाए रखने के कई तरीके हैं। जैसे अपने वार्षिक चेकअप में किडनी फंक्शन और यूरीन यानी पेशाब टेस्ट नियमित आधार पर कराते रहें। अगर आपको डायबिटीज, हाइपरटेंशन, मोटापा है या फिर आपकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है तो किडनी फंक्शन टेस्ट्स, रीनल इमेजिंग और यूरीन एनालिसिस नियमित आधार पर होना चाहिए। अगर पेशाब में थोड़ी मात्रा में भी प्रोटीन आता है तो सुनिश्चित करें कि आप किसी नेफ्रोलॉजिस्ट से अवश्य मिलें। डायबिटीज के मरीजों को इसका विशेष तौर पर ध्यान रखना चाहिए।

## इसके अलावा भी इन चीजों का ध्यान रखें

ढेर सारा पानी पीएं और कम सोडियम/नमक वाला भोजन करें।

उचित शारीरिक वजन बरकरार रखें और दिन में करीब 45 मिनट हल्के व्यायाम कर चुस्त व स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखें।

नियमित आधार पर ब्लड शुगर लेवल की जांच करें और उन्हें सही स्तर पर बरकरार रखें। क्योंकि डायबिटीज के मरीजों में किडनी को नुकसान पहुंचना बहुत आम बात है और जल्दी पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है।

नियमित रूप से ब्लड प्रेशर पर नजर रखें और इसे नियंत्रित रखें

धूम्रपान छोड़ दें और रात में कम से कम 8 घंटे की अच्छी नींद लेकर अपनी जीवनशैली को संतुलित बनाएं।

चेतावनी संकेतों की पहचान करना व उनके बारे में जानकारी रखने और समय पर कदम उठाने से किडनी से जुड़ी बीमारियों या किडनी फेल्यर को जल्द पहचानकर इसका इलाज किया जा सकता है वरना मरीज को डायलिसिस या फिर किडनी ट्रांसप्लांट कराना पड़ता है यहां तक कि मौत भी हो सकती है।

# हड्डियों की सेहत है जरूरी, आजमायें ये योगासन

मेडिकल साइंस में माना जाता है कैल्शियम और विटामिन डी स्वस्थ और मजबूत हड्डियों के लिए जरुरी है। हड्डियों की मजबूती के लिए हम कैल्शियम सप्लीमेंट्स का प्रयोग करते है। इन कैल्शियम युक्त आहार के साथ कुछ योगासन के द्वारा भी आप अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं। योग के द्वारा हड्डियों की डेंसिटी को कम किया जा सकता है। मजबूत हड्डियां अच्छे स्वास्थ्य की निशानी होती हैं लेकिन आजकल बदलती लाइफ स्टाइल और गलत खान-पान के चलते कम उम्र में ही कमजोर हड्डियों की शिकायत होने लगी है खासकर महिलाओं में। जिसका असर डेली रूटीन में भी देखने को मिलता है। कैल्शियम सप्लीमेंट्स और कैल्शियम से भरपूर डाइट आपकी इस समस्या का दूर करते है लेकिन कुछ योगासन भी आपकी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं। आइये जानते हैं इन योगासनों के बारे में

**त्रिकोणासन :** इस आसान में आपकी मुद्रा त्रिकोण के समान हो जाती है। अगर आप कमर दर्द से परेशान है तो यह आसन आपकी इस समस्या से छुटकारा दिला सकता है। त्रिकोणासन मोटापा दूर करने के साथ ही आपको डाइबिटीज की परशानी को भी बैलेंस रखता है। यह हड्डियों को मजबूती देने के साथ ही आपको एक्टिव रखता है। इस आसन में आप सीधे खड़े हो जाएं दोनों हाथों को कंधे की बराबरी में सीधा रखें अब दायी तरफ झुकते हुए पैरो के तलवो तक हाथ ले जाए इस मुद्रा में आप दो से तीन मिनट तक रहें। वापस आप रिलेक्स की अवस्था मे आएं।

**भुजंगासन :** अगर आपकी कलाइयों या फिंगर्स के जॉइंट्स में दर्द रहता है तो आपको यह आसन जरूर करना चाहिये। इससे आप अपने लोअर बैक के दर्द से भी मुक्ति पा सकते हैं। भुजंगासन आपकी डबल चिन की परेशानी को भी जड़ से खत्म कर देता है। आप पेट के बल लेट जाए दोनों हाथों को कंधे के पास रखें दोनों पंजे साथ जुड़े रहे। अपने शरीर का पूरा भार हाथों पर रखे और अपने हाथों की सहायता से अपने शरीर का ऊपरी हिस्सा ऊपर उठायें। शरीर को स्ट्रेच करें कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद रिलैक्स की मुद्रा में आएं। शुरूआत में आप यह दो से तीन बार दोहराएं

**वृक्षासन :** इस आसन को करने से आपकी हड्डिया मजबूत बनती हैं साथ आपको मानसिक एकाग्रता की प्राप्ति होती है इससे मन शांत होता है। इस आसन के लिए आप सीधे खड़े हो जाये। दाएं पैर को मोड़ कर बाएं घुटने से लगाएं दोनों हाथों को ऊपर की ओर प्रार्थना की मुद्रा में जोड़ कर रखें। शरीर सीधा रखें और खुद को स्ट्रेच करें। शुरू में आप पांच मिनट तक इस मुद्रा में रहें धीरे-धीरे इस आसन को बीस मिनट तक करें।

**ऑस्टियोपोरोसिस के लिए योगासन :** अगर आप ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या से परेशान हैं तो आपको प्राणायाम, वज्रासन और वीरभद्रासन लाभकारी होंगे।

**वज्रासन :** इस आसन की सहायता से आप हड्डियों की कमजोरी को दूर कर सकती हैं। इसके लिए आप दोनों पैरों को मोड़ कर घुटनो के बल बैठ जाएं। एड़ियों को अपने हिप्स पर टिका दें। दोनों हाथों को अपने घुटनो पर रखें और सिर को सीधा रखें। लम्बी सांस लें और इस मुद्रा में आप दस मिनट तक रहें। वापस रिलेक्स की मुद्रा में आ जाए।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आय में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। बाहर जाने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**वृष राशि :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जीवन सुखमय गुजरेगा।

**मिथुन राशि :** लोगों के व्यवहार से आत्मसम्मान बना रहेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क राशि :** व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी कार्य से प्रसन्न रहेंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**सिंह राशि :** बोलचाल में ध्यान रखें कि किसी का सम्मान कम न हो। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में गति बनी रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है।

**कन्या राशि :** मान-सम्मान मिलेगा। डूबी हुई रकम थोड़े प्रयास से ही प्राप्त हो सकती है। व्यापार में वृद्धि के आसार नजर आएंगे। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**तुला राशि :** नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक राशि :** व्यवसाय वृद्धि के योग हैं। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। बिगड़ते कार्यों में पूर्णता आएगी।

**धनु राशि :** नए काम मिल सकते हैं। नए मित्र बनेंगे। व्यापार से लाभ बढ़ेगा। नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी। चिंता रहेगी।

**मकर राशि :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपके कार्य से उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। काम में मन लगेगा।

**कुंभ राशि :** मनपसंद भोजन का आनंद उठा पाएंगे। व्यापार में उन्नति होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। थकान रह सकती है। आराम का समय नहीं मिलेगा। आय बनी रहेगी।

**मीन राशि :** आय में निश्चितता रहेगी। उच्चाधिकारी की नाराजी झेलना पड़ सकती है। धनहानि के योग हैं। लेन-देन में सावधानी बरतें। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बोलचाल में सावधानी बरतें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है।

# कुलदीप-सिराज के आगे बांग्लादेशी बल्लेबाज पस्त



**चट्टोग्राम (एजेंसी)।** स्पिनर कुलदीप यादव की फिरकी के चलते भारतीय टीम ने चटोग्राम के मैदान पर खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश के 133 रन पर आठ विकेट ले लिए हैं। यादव ने इस दौरान 33 रन देकर 4 तो मोहम्मद सिराज ने 14 रन देकर 3 विकेट लिए। बांग्लादेश अभी भी 271 रन से पीछे चल रही है।

इससे पहले दिन के खेल की शुरूआत में श्रेयस अय्यर 86 रन पर ही आऊट हो गए थे। लेकिन इसके बाद अश्विन और कुलदीप यादव ने पारी को संभाला। अश्विन ने 113 गेंदों में 58 तो कुलदीप ने 114 गेंदों में 40 रन बनाए। अंत में उमेश के बल्ले से भी 15 रन निकले जिसके चलते स्कोर 404 पर आ खड़ा हुआ। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 133 रन देकर 4 तो मेहदी हसन ने 112 रन देकर 4 विकेट लिए। बांग्लादेश की शुरूआत ही खराब रही थी। पहले ही गेंद पर नजमुल शंटो सिराज की गेंद पर पंत को कैच थमा बैठे थे। चौथे ही ओवर में उमेश यादव ने यासिर अली को भी पवेलियन की राह दिखा दी। जाकिर हसन और लिटन दास ने कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन वह भी सिराज की गेंदों से बच नहीं पाए। हसन ने 20 तो लिटन ने 24 रन बनाए। इसके बाद मुशफिकुर रहीम 28 तो कप्तान शाकिब अल हसन 3 रन बनाकर आऊट हो गए। दोनों को कुलदीप ने आऊट किया।

नरुल हसन ने 15 रन बनाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मेहंदी मिराज 16 तो इबादत हुसैन 14 रन बनाकर खेल रहे थे।

## लिटन दास-सिराज के बीच 'जंग', भारतीय गेंदबाज ने आउट कर कोहली संग चिढ़ाया



**चटगांव** में पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने भारत को 404 पर रोक दिया, हालांकि इसके जवाब में भारत ने भी जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम के 102 रन पर आठ विकेट गिरा दिए। हालांकि इस दौरान लिटन दास और मोहम्मद सिराज के बीच कहा सूनी हुई जिसके बाद बाद में सिराज ने दास ने भी बदला लिया। हालांकि इस सब के बीच पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली भी शामिल हो गए जिनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बांग्लादेश की पहली पारी के 13वें ओवर की पहली गेंद पर हुई। सिराज नये स्पैल का अपना दूसरा ओवर फेंक रहे थे, जब वह दास के साथ भिड़ गए हालांकि दोनों सिर्फ बातों और इशारों से एक दूसरे पर हावी थी। सिराज ने दास से कुछ कहा जिसके बाद बाद भारतीय तेज गेंदबाज को ताना मारते हुए कान पकड़े। अंपायर ने बीच में आकर दोनों खिलाड़ियों को शांत रहने को कहा। अगली ही गेंद पर सिराज ने दास को आउट कर दिया। सिराज की गेंद दास के बल्ले के किनारे से लगी गया और स्टंप्स पर लगी। जैसे ही बांग्लादेश के बल्लेबाज ने डगआउट में वापसी की, सिराज ने जोरदार अंदाज में जश्न मनाया जैसे कि लिटन दास ने पहले किया था, सिराज ने वैसे ही अपने कानों को सहलाया, जबकि इस दौरान कोहली ने भी वही इशारा दोहराया।

## महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनीं हरमनप्रीत कौर



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गईं हैं। कौर ने बुधवार को मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कौर ने अपना 140वां टी20 मैच खेला। उन्होंने 140 टी-20 मैचों की 125 पारियों में 27.36 की औसत से 2,736 रन बनाए हैं। उन्होंने 103 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ प्रारूप में एक शतक और आठ अर्धशतक लगाए हैं। सर्वाधिक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर सूजी बेट्स (न्यूजीलैंड, 139 टी20आई), तीसरे पर डैनी व्याट (इंग्लैंड, 136 टी20आई), चौथे पर एलिसा हीली (ऑस्ट्रेलिया, 135 टी20आई) और पांचवें पर एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया, 129 टी20आई) हैं। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 172 रन बनाए। एलिसे पेरी ने 47 गेंदों में 75 रनों की विस्फोटक पारी खेली जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल थे। पेरी के अलावा बेथ मूनी ने 30 और ग्रेस हैरिस ने 18 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाए।

## विलियमसन ने न्यूजीलैंड टेस्ट टीम के कप्तान पद से दिया इस्तीफा, टिम साउदी को सौंपी गयी कमान



**ऑकलैंड (एजेंसी)।** केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड टेस्ट टीम के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसके बाद टिम साउदी को टीम की कमान सौंपी गई है। हालांकि विलियमसन एकदिवसीय और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में कीवी टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। साउदी, जिनके नाम पर 346 अंतरराष्ट्रीय मैच हैं, ने 22 मौकों पर टी20 टीम का नेतृत्व किया है, इस महीने पाकिस्तान के टेस्ट दौरे पर टीम का नेतृत्व करने पर वह न्यूजीलैंड के 31वें टेस्ट कप्तान बन जाएंगे। सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम को टेस्ट उप-कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया है।

विलियमसन ने 2016 में ब्रेंडन मैकुलम की जगह कप्तानी संभाली थी, तब से उन्होंने 38 टेस्ट मैचों में (22 जीत, 8 ड्रॉ, 10 हार) टीम की कप्तानी की है।

विलियमसन ने कहा, मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट में ब्लैक कैप्स की कप्तानी करना अविश्वसनीय रूप से विशेष सम्मान रहा है। मैंने इस प्रारूप में टीम का नेतृत्व करने की चुनौतियों का आनंद लिया है।करियर के इस पड़ाव पर मुझे लगता है कि इस फैसले के लिए यह सही समय है। एनजेडसी के साथ विचार-विमर्श के बाद, हमने महसूस किया कि अगले दो वर्षों में दो विश्व कप के साथ व्हाइट-बॉल प्रारूपों में कप्तानी जारी रखना बेहतर था। मैं कप्तान के रूप में टिम और उप-कप्तान के रूप में टॉम का समर्थन करने के लिए उत्साहित हूं। मेरे करियर के अधिकांश समय में इन दोनों के साथ खेलने के बाद, मुझे विश्वास है कि वे बहुत अच्छा काम करेंगे। ब्लैक कैप्स के लिए खेलना और तीनों प्रारूपों में योगदान देना मेरी नंबर एक है प्राथमिकता रही है।

एनजेडसी के सीईओ डेविड व्हाइट ने कहा, केन हमारे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं और हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि वह अपने क्रिकेट का आनंद लें और यथासंभव लंबे समय तक न्यूजीलैंड के लिए खेलें। वह एक शानदार लीडर हैं और टीम ने उनके समय में सबसे लंबे समय तक और यकीनन सफलता हासिल की है। सांख्यिकीय रूप से, केन अब तक के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं - जिसकी परिणति 2021 की शुरूआत में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक टीम की ओर बढ़ने और उस वर्ष जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतने के साथ हुई।

## पीएसएल के आगामी सत्र के लिए पेशावर जाल्मी के कप्तान बने बाबर आजम

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के आगामी सत्र के लिए वहाब रियाज की जगह पेशावर जाल्मी के कप्तान होंगे।
ईसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, शोएब मलिक और हैदर अली के बदले में कराची किंग्स से बाबर को प्राप्त करने के बाद, क्लब ने एक परिवर्तन शुरू किया जो 2021 में एक नया कोर बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू हुआ। 2016 में लीग की शुरूआत के बाद से, जाल्मी की तुलना में किसी भी टीम के पास अधिक समर्पित प्रशंसक आधार नहीं था। डैरन सैमी, हसन अली, कामरान अकमल और वहाब रियाज ने पिछले साल तक इसी टीम का हिस्सा थे। जाल्मी ने 2017 में चैंपियनशिप जीती थी और 2018, 2019 और 2021 के फाइनल में पहुंचने के साथ-साथ 2020 और 2022 में एलिमिनेटर तक पहुंचने के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वहाब ने टीम के लिए काफी शानदार प्रदर्शन किया था। लीग के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के बावजूद उन्हें इस साल की शुरूआत में प्लेटिनम से डायमंड पीएसएल प्लेयर कैटेगरी में डाउनग्रेड किया गया था, जबकि 40 साल के अकमल को रिलीज कर दिया गया है। जाल्मी को कराची में 15 दिसंबर को होने वाले पीएसएल ड्राफ्ट के लिए 11 खिलाड़ियों की तलाश है।

## आईसीसी महिला अंडर-19 विश्व कप के लिए यूएसए महिला टीम के कोच पद पर बने रहेंगे एस चंद्रपॉल



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के दिग्गल बल्लेबाज और हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए शिवनारायण चंद्रपॉल दक्षिण अफ्रीका में अगले महीने होने वाले आईसीसी महिला अंडर 19 विश्व कप के लिए यूएसए महिला टीम के कोच पद पर बने रहेंगे। स्टार ऑलराउंडर गीतिका कोडाली 14 जनवरी से शुरू होने वाले 15 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान यूएसए की कप्तानी करेंगी, विकेटकीपर/बल्लेबाज अनिका कोलन को उप-कप्तान बनाया गया है। चंद्रपॉल ने कहा, दुबई के शानदार दौरे के बाद, हम खिलाड़ियों और यूएसए के लिए इस ऐतिहासिक विश्व कप की अंतिम तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमने पूरे साल दिखाया कि हम किस तरह का क्रिकेट खेल सकते हैं। विश्व कप अविश्वसनीय रूप से विशेष हैं और मैं वास्तव में इस शानदार मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। यूएसए को विश्व कप के लिए एक कठिन समूह सौंपा गया है, जिसका पहला मैच 14 जनवरी को बेनोनी के विलोमूर पार्क में श्रीलंका के खिलाफ होगा। इसके बाद अमेरिकी टीम 16 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और इसके दो दिन बाद टीम का सामना बांग्लादेश से होगा। यूएसए की टीम इस प्रकार हैः गीतिका कोडाली (कप्तान), अनिका कोलन (विकेटकीपर) (उपकप्तान), अदिति चुडासमा, भूमिका भद्रिराजू, दिशा ढींगरा, इसानी वाघेला, जीवाना अरास, लास्य मुल्लापुडी, पूजा गणेश (विकेटकीपर), पूजा शाह, रितु सिंह, साई तनमयी आईयुन्नी, स्निग्धा पॉल, सुहानी थडानी, तरनम चोपड़ा। रिजवर्ः चेतना प्रसाद, कस्तूरी वेदांतम, लिसा रामजीत, मिताली पटवर्धन, त्या गोंजाल्विस।

## हिजाब विरोधी प्रदर्शन में शामिल होने का आरोप में ईरान में फुटबॉलर को फांसी की सुनायी सजा



**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने हिजाब विरोधी प्रदर्शन और महिलाओं के अधिकार का समर्थन करने के आरोप में एक फुटबॉलर को फांसी की सजा सुनाई है। आमिर नस्त्र-आजादानी नाम का यह फुटबॉलर ईरान की राष्ट्रीय अंडर-16 टीम के लिए खेल चुका है। इस फुटबॉलर को बचाने के लिए ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान समेत कई खेल सितारों ने अपील की थी। इसके बावजूद ईरानी सरकार ने आमिर नस्त्र-आजादानी की सजा माफ नहीं की है। ईरानी सरकार का दावा है कि फुटबॉलर आमिर नस्त्र-आजादानी को एक सशस्त्र दंगे में भाग लेने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सुरक्षा बलों के तीन सदस्य मारे गए थे। 26 साल के आमिर नस्त्र-आजादानी ईरानजवन बुशहर एफसी टीम में डिफेंडर के तौर पर फुटबॉल खेलते हैं। कोर्ट में पेशी के दौरान ईरानी सरकार ने आमिर नस्त्र-आजादानी पर देश के खिलाफ विद्रोह करने, सशस्त्र गिरोहों का सदस्य होने, देश की सुरक्षा को कमजोर करने में विदेशी ताकतों की सहायता करने का आरोप लगाया। ऐसे में कोर्ट में उनके खिलाफ मोहराबेह का आरोप साबित हुआ। मोहराबेह का अर्थ ईश्वर के खिलाफ युद्ध छेड़ना है। ईरान में इस गुनाह की सजा मौत है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों ने सरकार की जड़ें हिला दी है। जिसके बाद तेहरान ने इस महीने दो प्रदर्शनकारियों को फांसी पर लटकाया है। इन सभी लोगों पर मोहराबेह का आरोप लगाया गया है।

### अब तक 11 को सुनाई जा चुकी है मौत की सजा

**एमनेस्टी** इंटरनेशनल का दावा है कि विरोध प्रदर्शनों के लिए 11 लोगों को पहले ही मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, अब भी कम से कम 8 अन्य लोगों को मौत की सजा का सामना करना पड़ सकता है। सितंबर में तेहरान की नैतिकता पुलिस की हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद विरोध शुरू होने के बाद से हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ईरान की न्यायपालिका ने मंगलवार को कहा कि अकेले राजधानी में 400 लोगों को विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने पर 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई गई है। तेहरान की न्यायपालिका के एक प्रवक्ता ने कहा कि तेहरान प्रांत में दंगाइयों के मामलों की सुनवाई में, 160 लोगों को पांच से 10 साल की जेल, 80 लोगों को दो से पांच साल और 160 लोगों को दो साल तक की सजा सुनाई गई। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के संघ ने कहा कि वह ईरानी सरकार के फैसले से हैरान हैं।

## न्यूज गैलरी

### हॉकी विश्व कप में भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश करेगा आस्ट्रेलिया: अजीत पाल



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** महान हॉकी खिलाड़ी अजीत पाल सिंह का मानना है कि घरेलू सरजमीं पर होने वाले विश्व कप में भारत के लिये सबसे बड़ा खतरा आस्ट्रेलियाई टीम होगी जिससे मेजबानों को उनसे मिलने वाली कड़ी चुनौती से निपटने के लिये अपनी पूरी क्षमता से खेलना होगा। आस्ट्रेलिया ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक मैच में भारत को 7-0 से शिकस्त दी थी। सिंह ने कहा कि मेजबान एकजुट खेलकर ही आस्ट्रेलिया की चुनौती से पार पा सकते हैं। विश्व कप विजेता (1975) टीम के कप्तान सिंह ने कहा, भारतीय टीम को प्रत्येक मैच को अति महत्वपूर्ण मुकाबले के तौर पर लेना चाहिए। हां, आस्ट्रेलिया मुश्किल टीम है, लेकिन उन्हें अपनी पूरी क्षमता से खेलना होगा। जीतना या हारना खेल का हिस्सा है, लेकिन आप हर वक्त अपना सर्वश्रेष्ठ करते हो।" विश्व कप 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जायेगा जिसमें 16 टीमें ट्राफी के लिये एक दूसरे से भिड़ेंगी। भारत को पूल डी में वेल्स, स्पेन और इंग्लैंड के साथ रखा गया है।

### फ्रांस : विश्व कप जीत के जश्न के दौरान कार की टक्कर लगने से लड़के की मौत



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस की विश्व कप सेमीफाइनल में जीत का जश्न मनाने के दौरान दक्षिण फ्रांस में मोंटपेलियर शहर में एक कार ने एक लड़के को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हेरॉल्ट के अधिकारियों ने बताया कि कार का चालक मौके से भाग गया लेकिन उन्हें समीप से गाड़ी मिल गई और पुलिस दुर्घटना के संभावित कारणों की जांच कर रही है। ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में दिखाया गया है कि बुधवार रात मोरक्को के खिलाफ सेमीफाइनल में फ्रांस की राष्ट्रीय टीम की जीत के बाद लोग सड़कों पर जश्न मना रहे थे तब एक कार उनके समीप बड़े ही खतरनाक तरीके से आई। लड़के को अस्पताल ले जाया गया लेकिन चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। फ्रांस की मीडिया के अनुसार लड़का 14 साल का था लेकिन उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी बुधवार देर रात लगभग 100 लोगों को हिरासत में लिया गया जब फुटबॉल प्रशंसकों की ओर आतिशबाजी की और मध्य ब्रसेल्स में कारों को नुकसान पहुंचाया। पुलिस प्रवक्ता इल्से वान डि कीरे ने यह जानकारी दी।

### पाक के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए ईश सोढ़ी की न्यूजीलैंड टीम में वापसी

**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। केन विलियमसन की जगह टिम साउदी को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में लेग स्पिनर ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान की मेजबानी में दो टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। सोढ़ी आखिरी बार नवंबर 2018 में सबसे लंबे प्रारूप में खेले थे। सोढ़ी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 88 मैचों में 279 विकेट लिए हैं। सोढ़ी टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में हाल ही में 100 विकेट क्लब में शामिल हुए हैं।

## मैरीकॉम के पति ने मुक्केबाज की प्रतिमा पर जताया असंतोष, विवाद



**इम्फाल (एजेंसी)।** दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम के पति ओनलेर करोंग ने विवाद खड़ा कर दिया है क्योंकि उन्होंने यहां एक पार्क में हाल में लगाई गई अपनी पत्नी की प्रतिमा पर असंतोष जताया है। मैरीकॉम सहित राज्य के 19 ओलंपियन की प्रतिमा हाल में यहां मणिपुर ओलंपिक पार्क में लगाई गई थी। ओनलेर ने एक स्थानीय समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में दावा किया कि पार्क में लगाई गई प्रतिमा छह बार की महिला मुक्केबाजी विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम जैसी नजर नहीं आती। लगातार प्रयास करने के बावजूद ओनलेर या मैरीकॉम से संपर्क नहीं हो पाया है। हालांकि मैरीकॉम के भाई जिम्मी कॉम ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें आश्वासन दिया है कि पार्क के उद्घाटन से पहले प्रतिमा को बदल दिया जाएगा। अभी पार्क के उद्घाटन की तारीख तय नहीं हुई है। संपर्क करने पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने पीटीआई को कहा कि वे इस मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। जिम्मी ने कहा, यह उसका (ओनलेर) निजी नजरिया है।' जिम्मी ने कहा कि उनकी पहले दौरे से लौटी है और बुधवार को ही उन्हें इन चीजों के बारे में पता चला। उन्होंने ने कहा, ऐसी चिंता है कि ओनलेर के बयान का गलत अर्थ निकाला जा सकता है क्योंकि हमारे राज्य के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए प्रतिमाओं को लगाया गया है।' इस मामले के सामने आने से दो दिन पहले मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर कहा था कि पार्क उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार है। हर कोई अब हमारे महान ओलंपियन की प्रतिमाओं को देख सकता है जो हमारे राष्ट्र का गौरव हैं।' उन्होंने एक अलग बयान में कहा, मणिपुर ओलंपियन पार्क का निर्माण मणिपुर के हमारे ओलंपियनों के सम्मान में किया गया था, जिन्होंने देश के लिए गौरव हासिल किया है।

## एनआईएस पटियाला में पांच महीने के पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरेगी चोटिल भारोत्तोलक मीराबाई चानू



**पटियाला (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेल की स्वर्ण पदक विजेता मीराबाई चानू अपने कंधे और पीठ की चोटों के इलाज के लिए एनआईएस पटियाला में पांच महीने के पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरेंगी। अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ, 2022 सीजन चानू के लिए शानदार रहा है। पीठ की परेशानी और सितंबर में एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान उन्हें लगी कलाई की चोट के कारण वह अक्टूबर में एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले सकीं। 28 वर्षीय मणिपुर की मूल निवासी चानू एनआईएस पटियाला में रहने के दौरान सबसे पहले अपने कंधे और रोटेटर कफ को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। एनआईएस पटियाला में, मीराबाई चानू को एशियाई चैंपियनशिप से पहले अपनी फिटनेस हासिल करने की उम्मीद है, जो कि मई में होने वाली ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। बता दें कि मीराबाई ने कोलंबिया के बोगोटा में 2022 विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। उन्होंने कुल 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाया। चीन की होउ झिहुआ (198 किग्रा) ने कांस्य और जियांग हुइहुआ (206 किग्रा : 93 113) ने स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई का यह दूसरा विश्व चैम्पियनशिप पदक था, इससे पहले उन्होंने 2017 के चैम्पियनशिप इवेंट में 194 किग्रा (85 किग्रा प्लस 109 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता था। वह 2019 संस्करण में चौथे स्थान पर आई थीं।



## न्यूज गैलरी

### महिंद्रा 10 हजार करोड़ के निवेश से पुणे में लगायेगी ईवी विनिर्माण संयंत्र

**नयी दिल्ली।** वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने ईलेक्ट्रिक वाहन के बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश से पुणे में ईवी विनिर्माण संयंत्र लगाने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि महाराष्ट्र सरकार की ईलेक्ट्रिक वाहन के लिए औद्योगिक संवर्धन योजना के तहत इस संयंत्र का निर्माण किया जायेगा। उसने कहा कि अगले सात से आठ वर्षों में यह निवेश किया जायेगा। कंपनी यह निवेश अपनी सहायक इकाई के माध्यम से करेगी जहां महिंद्रा के बोर्न ईलेक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण किया जायेगा। ये वाहन अत्याधुनिक आईएनजीएलओ ईवी प्लेटफॉर्म पर बनाये जायेंगे जिसमें ई एसयूवी भी शामिल है। ये एसयूवी एक्सयूवी ब्रांड के तहत निर्मित होंगे।

### कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के भाव स्थिर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख लगातार जारी है। कारोबार की शुरूआत में ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96 .72 रुपये, डीजल 89 .62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106 .31 रुपये, डीजल 94 .27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 92 .76 रुपये, डीजल 92 .76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102 .63 रुपये और डीजल 94 .24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 82 .03 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 76 .53 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, 22 मई के बाद से क्रूड ऑयल सस्ता होने के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर हैं।

### वित्त मंत्रालय ने नये साल का कैलेंडर छपवाने पर लगी रोक हटाई

**नई दिल्ली।** नए साल के कैलेंडर को मंत्रालय और विभाग अब छपवा सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने मंत्रालयों और विभागों के कैलेंडर छपवाने पर बीते दो साल से लगी रोक को हटा दी है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है। दरअसल मंत्रालय ने कोरोना महामारी के कारण सितंबर, 2020 में कैलेंडर (दीवार पर टांगने और मेज पर रखने वाले), डायरी, त्योहारों के बधाई कार्ड, कॉफी टेबल बुक तथा अन्य सामग्री के प्रकाशन पर रोक लगा दी थी। तब वित्त मंत्रालय ने विभागों से कहा था कि वे इस प्रकार की सामग्री के लिए डिजिटल या ऑनलाइन तरीकों को अपनाएं। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने अपने पहले के निर्देश में आंशिक बदलाव करते हुए नया निर्देश जारी किया है। मंत्रालय की ओर से जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि अब मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त इकाइयों तथा सरकार के अन्य संस्थानों को नए साल का कैलेंडर छपवाने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है।

### एलन मस्क का ऐलान, सभी ट्विटर अकाउंट से हट जायेगा ब्लू टिक

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने 11 दिसंबर को ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन सर्विस रिलॉन्च किया था। इस सर्विस के लॉन्च होने के बाद कोई भी यूजर्स पैसे देकर ब्लू टिक ले सकता है। लेकिन अब एलन मस्क ने ब्लू टिक को लेकर बड़ा ऐलान किया है। एलन मस्क ने कहा कि कुछ महीनों में पहले से वेरिफाइड सभी अकाउंट्स का ब्लू टिक हट जायेगा। एक ट्वीट के रिप्लाई में मस्क ने लिखा कि कुछ महीने में सभी लीगेसी ब्लू चेक को हटा लिया जायेगा. आसान भाषा में समझाये तो जिन लोगों के पास पहले से ब्लू टिक था वो अकाउंट पहले वेरिफाइड था। लेकिन अब वेरिफाइड नहीं है। इस वजह से आने वाले समय में जिन लोगों के पास पहले से ब्लू टिक है, उनके नाम के आगे से यह हट जायेगा।

# 25% तक सस्ता हुआ आलू, चावल और खाने का तेल, आम आदमी को राहत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी को पिछले 15 दिन के दौरान थोड़ी राहत मिली है। चावल, खाने का तेल और आलू की कीमतों में पिछले एक पखवाड़े में 25 पर्सेंट तक की गिरावट देखने को मिली है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। साथ ही, पॉम ऑयल सस्ता होने से आने वाले समय में बिस्किट और साबुन की कीमतों में भी नरमी देखने को मिल सकती है, क्योंकि इन दोनों इंडस्ट्री में पॉम ऑयल रॉ मैटेरियल के तौर पर प्रयोग किया जाता है। सरकार की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया है, 'नवंबर 2022 में महंगाई घटने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, मूल धातुओं, कपड़ा, रसायन एवं रासायनिक उत्पाद, कागज एवं इससे बने उत्पादों के दामों में गिरावट आना है।' नवंबर में सब्जियों की महंगाई शून्य से नीचे 20.08 फीसदी पर आ गई, जो अक्टूबर में 17.61 प्रतिशत पर थी। खाद्य वस्तुओं में फलों, सब्जियों विशेषकर टमाटर और आलू के दामों में कमी आई है। सरकार के कंज्यूमर अफयेर्स डिपार्टमेंट की तरफ से जारी किए आंकड़े के अनुसार एक महीने पहले टमाटर 39.01 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। जो कि अब घटकर प्रति किलो 32.12 रुपये के लेवल पर आ गया है। यानी प्रति किलो करीब 7 गिरावट टमाटर की कीमतों में देखने को मिली है। बता दें, एक साल पहले एक किलो टमाटर का भाव 54.55 रुपये था। सरकार के कंज्यूमर अफयेर्स डिपार्टमेंट की तरफ से जारी किए आंकड़े के अनुसार एक महीने पहले टमाटर 39.01 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। जो कि अब घटकर प्रति किलो 32.12 रुपये के लेवल पर आ गया है। यानी प्रति किलो करीब 7 गिरावट टमाटर की कीमतों में देखने को मिली है। बता दें, एक साल पहले एक किलो टमाटर का भाव 54.55 रुपये था। बाजार में आलू की नई फसल आ गई है। यही वजह है की बीते एक एक महीने में आलू का भाव प्रति किलो 29.38 रुपये से गिरकर 26.87 रुपये के लेवल पर आ गया है। पिछले एक महीने में प्याज भी 3 रुपये से अधिक सस्ता हुआ है। हालांकि, इस दौरान दूध, गेहूं की कीमतों में तेजी देखने को मिली है।

### नवंबर में खाद्य तेलों का आयात 34% बढ़कर 15.29 लाख टन पर

कच्चे पामतेल (सीपीओ) और रिफाइंड पाम तेल के आयात में तेज उछाल के कारण भारत का खाद्य तेल आयात नवंबर में 34 प्रतिशत बढ़कर 15.29 लाख टन हो गया। उद्योग संगठन एसईए ने यह जानकारी दी। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को तेल विपणन वर्ष 2022-23 के पहले महीने नवंबर के लिए खाद्य तेल और गैर-खाद्य तेल सहित कुल वनस्पति तेलों के आयात के आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, नवंबर, 2022 में वनस्पति तेलों का आयात 32 प्रतिशत बढ़कर 15,45,540 टन हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 11,73,747 टन था। एसईए ने कहा कि कुल वनस्पति तेल आयात में से खाद्य तेलों का हिस्सा इस साल नवंबर में बढ़कर 15,28,760 टन हो गया, जो 2021 के इसी महीने में 11,38,823 टन था। अखाद्य तेलों का आयात नवंबर में 52 प्रतिशत घटकर 16,780 टन रह गया, जो एक साल पहले की अवधि में 34,924 टन था। एसईए ने कहा कि इसके अलावा खाद्य तेलों की श्रेणी में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात एक महीने में सबसे अधिक रहा। भारत ने नवंबर, 2022 में रिकॉर्ड 9,31,180 टन सीपीओ का आयात किया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4,77,160 टन रहा था। सीपीओ आयात का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर, 2015 में 8,78,137 टन का था।

### प्रवासी करदाताओं को टीडीएस लाभ के लिये मार्च तक 10 एफ फॉर्म हाथ से भरने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने स्थायी खाता संख्या (पैन) नहीं रखने वाले प्रवासी करदाताओं को 31 मार्च, 2023 तक हाथ से फॉर्म 10एफ भरने की अनुमति दे दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जुलाई में प्रवासी करदाताओं के लिये कम टीडीएस के लाभ का दावा करने के लिये 10 एफ इलेक्ट्रॉनिक रूप से भरना अनिवार्य कर दिया था। हालांकि, करदाताओं को फॉर्म को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भरने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि आयकर पोर्टल उन करदाताओं को 10एफ भरने की अनुमति नहीं दे रहा था, जिनके पास पैन नहीं है। सीबीडीटी ने एक अधिसूचना में कहा कि ऐसे करदाताओं की समस्याओं को दूर करने के लिये यह निर्णय किया गया है कि 31 मार्च, 2023 तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से 10एफ भरने से छूट दी जाती है।

### कोल इंडिया की सात परियोजनाएं का विकास करेंगे एमडीओ



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने खदान विकासकर्ता और परिचालकों (एमडीओ) द्वारा सात कोयला खानों के विकास के बारे में आदेश जारी किया है। महारत्न कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि खुली वैश्विक निविदाओं के जरिए एमडीओ को जोड़ने का उद्देश्य घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाना और आयात पर निर्भरता को यथासंभव कम करना है। सीआईएल ने बयान में कहा कि कंपनी ने खान विकासकर्ता और परिचालकों की नियुक्ति के जरिये आगे बढ़ने के लिए सात कोयला परियोजनाओं को स्वीकृति पत्र जारी किए हैं। इन सात परियोजनाओं में से तीन सीआईएल की इकाई सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की और दो उसकी अन्य अनुषंगी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की हैं।

## जियो की 5जी सेवा मध्यप्रदेश के उज्जैन से प्रारंभ




**उज्जैन (एजेंसी)।** संचार के क्षेत्र में अग्रणी माने जानी वाली जियो ने आज मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित श्रीमहाकाल लोक में भगवान शिव को समर्पित करते हुए "जियो ट्रू 5जी" सेवा प्रारंभ की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने औपचारिक तौर पर "जियो ट्रू 5जी" और "जियो ट्रू 5जी पावर्ड" वाई फाई सेवा लांच किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि आज का दिन मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास के लिए ऐतिहासिक है। रिलायंस जियो समूह की 5जी सेवा एक नयी क्रांति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत निर्माण का लक्ष्य रखा है और इसी के अनुरूप मध्यप्रदेश में भी काम किए जा रहे हैं। इस अवसर पर बताया गया कि 4जी सेवा में हमें 100 एमबीपीएस की स्पीड मिलती है और अब 5जी में हमें 1500 एमबीपीएस की स्पीड मिलेगी। नयी सेवा का उपयोग गुड गवर्नेंस में भी किया जा सकेगा। इस बीच जियो की तरफ से बताया गया कि यहां महाकालेश्वर मंदिर और श्री महाकाल लोक में भगवान शिव को समर्पित करते हुए जियो ट्रू5जी सेवा प्रारंभ की गयी है। कंपनी की ओर से कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में 5जी के फायदे बताते हुए जियो कम्युनिटी क्लिनिक और एआर-वीआर डिवाइस जियो ग्लास का प्रदर्शन (डेमो) भी किया गया। इसके जरिए मध्यप्रदेश के लोगों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। श्री चौहान ने कहा कि "उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर और श्री महाकाल लोक धार्मिक महत्व के स्थल हैं। देश और दुनिया भर से लाखों भक्त भगवान शिव का आशीर्वाद लेने के लिए हर दिन इस मंदिर में आते हैं। मध्यप्रदेश और उसके लोगों के लिए ये लॉन्च एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो जियो की ट्रू 5जी सेवाओं से अत्यधिक लाभान्वित होंगे। मुझे बताते हुए ये खुशी हो रही है कि 30 दिन से भी कम समय में जनवरी 2023 के महीने में इंदौर में भी जियो ट्रू 5जी सेवाओं की शुरूआत हो जाएगी। ट्रू 5जी के साथ आम आदमी, छात्र, व्यवसायी, आईटी, स्वास्थ्य पेशेवर के साथ कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, सूचना प्रौद्योगिकी और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में नए अवसरों और अतिरिक्त रोजगार के साथ बदलाव आएगा।

### छंटनी-नुकसान के बीच बायजू की नई कटौती खत्म करेगी बीसीसीआई की स्पॉन्सरशिप डील



**नई दिल्ली।** एडटेक स्टार्टअप कंपनी बायजू भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) के साथ अपने जर्सी स्पॉन्सरशिप डील करने की मांग कर रही है। दरअसल, नुकसान झेल रही कंपनी अब अपने अतिरिक्त खर्च में कटौती करना चाह रही है। इसके लिए मीडिया खर्च को तर्कसंगत बनाने की दिशा में काम रही है। यह बात इकोनॉमिक्स टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताई है। ईटी की खबर के मुताबिक, बायजू ने बीसीसीआई से कहा है कि वह स्पॉन्सरशिप डील पर कुछ समय देना चाहता है। कंपनी मार्च 2023 तक एक प्रायोजक के रूप में जारी रह सकती है। बायजू बीसीसीआई के साथ स्पॉन्सरशिप डील से बाहर निकलना चाहता है क्योंकि कंपनी भारत में अपने मीडिया खर्च में कटौती कर रहा है। बता दें कि ग्लोबल आर्थिक मंदी के कारण न्यू ऐज टेक कंपनियां नई फंडिंग की कमी से जूझ रही है। ऐसे में ये कंपनियां अपनी अतिरिक्त खर्च में कटौती करने का फैसला किया है। बता दें कि हाल ही में खबर आई थी कि बायजू करीबन 2500 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। साथ ही नई हायरिंग भी फ्रीज कर दी गई है। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एडटेक कंपनी बायजू ने मार्च 2023 तक फिर मुनाफे में आने की योजना पर काम कर रही है। बायजू ने हाल ही में वित्त वर्ष 2021 के परिणामों की घोषणा की थी। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2021 में घाटा 20 गुना बढ़कर 4,588 करोड़ रुपये हो गया था। वहीं, रेवेन्यू 4% बढ़ा था और यह 2,280 करोड़ रुपए हो गया। इतना ही कंपनी का विज्ञापन और स्पॉन्सर खर्च 150 पर्सेंट तक बढ़ गया है और यह 899 करोड़ रुपये के मुकाबले 2,251 करोड़ रुपये हो गया।

### एसबीआई ने एमसीएलआर दर में 0.25 फीसदी का किया इजाफा

## स्टेट बैंक की लोन पर नई ब्याज दरें 15 दिसंबर, गुरुवार से लागू




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने भी लोन पर ब्याज दरों को बढ़ा दिया है। एसबीआई ने सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में 0.25 फीसदी का इजाफा किया है। बैंक के एमसीएलआर में इस वृद्धि से लोन की ईएमआई बढ़ जाएगी। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई है। स्टेट बैंक की वेबसाइट के मुताबिक एमसीएलआर की नई दरें 15 दिसंबर 2022 से प्रभावी हो जाएंगी। इस बढ़ोतरी के बाद एसबीआई की एक दिन की अवधि वाली एमसीएलआर 7.60 फीसदी से बढ़कर 7.85 फीसदी हो गई है। एक महीने और तीन महीने की अवधि के लिए एमसीएलआर 7.75 से बढ़कर 8 फीसदी हो गई है। इसी तरह बैंक की 6 महीने और एक साल की अवधि के लिए एमसीएलआर 8.05 फीसदी से बढ़कर 8.30 फीसदी हो गई है। दो साल की अवधि के लिए एमसीएलआर 8.25 फीसदी से बढ़कर 8.50 फीसदी हो गई है, जबकि तीन साल की अवधि वाली एमसीएलआर 8.35 फीसदी से बढ़कर 8.60 फीसदी हो गई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई के रेपो रेट में 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी करने के बाद सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कई बैंकों ने लोन पर ब्याज दरें एमसीएलआर में इजाफा किया है। आरबीआई ने हाल ही में लगातार पांचवीं बार रेपो रेट में इजाफा किया है, जो बढ़कर 6.25 फीसदी हो गई है।

## रुपया 15 पैसे की तेजी के साथ 82.45 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बुधवार को 15 पैसे की तेजी के साथ 82.45 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी तथा मुद्रास्फीति दबाव के कम होने से निवेशकों की धारणा सुधरने के साथ रुपए में तेजी आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल कीमतों में गिरावट आने से भी रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.60 के स्तर पर लगभग अपरिवर्तित रुख के साथ खुला और कारोबार के अंत में यह 15 पैसे की तेजी के साथ 82.45 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 82.40 के उच्चस्तर और 82.71 के निचले स्तर को छुआ। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.60 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 प्रतिशत घटकर 103.69 रह गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.26 प्रतिशत घटकर 80.47 डॉलर प्रति बैरल रह गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 144.61 अंक बढ़कर 62,677.91 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने मंगलवार को 619.92 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

### पूनावाला फिनकॉर्प बेच रही हाउसिंग इकाई में पूरी हिस्सेदारी, 3900 करोड़ रुपये में डील



**दिल्ली।** पूनावाला फिनकॉर्प ने विगत बुधवार को अपनी हाउसिंग सब्सिडियरी पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सेल की घोषणा की है। पूनावाला फिनकॉर्प अपनी हाउसिंग इकाई पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस को टीपीजी ग्लोबल की इकाई Perseus SG Pte को बेच रही है। यह डील 3900 करोड़ रुपये की है। पूनावाला फिनकॉर्प के शेयर बुधवार को बीएसई में 302.10 रुपये पर बंद हुए हैं। सायरस पूनावाला ग्रुप प्रमोटेड नॉन-बैंक लेंडर ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा है कि यह ट्रांजैक्शन लॉन्ग टर्म में शेयरहोल्डर्स की वैल्यू को बढ़ाएगा, क्योंकि पूनावाला फिनकॉर्प कंज्यूमर और टरटए (माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज) फाइनेंसिंग में लीडरशिप पोजिशन हासिल करने के साथ डिजिटल फर्स्ट फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी बनने पर फोकस करेगी। हाउसिंग फाइनेंस सब्सिडियरी अफॉर्डेबल हाउसिंग मार्केट में ऑपरेट करती है। 31 मार्च 2022 तक के डेटा के मुताबिक, कंपनी के 46000 से ज्यादा कस्टमर्स हैं और एवरेज टिकट साइज 11 लाख रुपये का है। पूनावाला फिनकॉर्प ने कहा है कि वह स्टैंडअलोन लेवल पर अपने विजन 2025 को हासिल करने की दिशा में काम करेगी और उसका फोकस ग्रोथ, एसेट क्वॉलिटी और प्रॉफिटैबिलिटी पर होगा।

## पेज एक के शेष

### झारखंड में आईएएस ...

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त बनाए गए हैं। अनुसूचित जनजाति जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन अपने कार्यों के साथ परिवहन सचिव के अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे। उत्पाद आयुक्त कमलेश्वर प्रसाद सिंह को श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। आदिवासी कल्याण आयुक्त मुकेश कुमार श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के निदेशक बनाए गए हैं। इसके साथ मुकेश कुमार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में निदेशक और रांची क्षेत्र विकास प्राधिकार के उपाध्यक्ष के अतिरिक्त प्रभार पर भी रहेंगे।भू अर्जन भू अभिलेख एवं परिमाप के निदेशक उमाशंकर से जेप-आईटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे। नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के निर्देशक नेहा अरोड़ा अब पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में अपर सचिव नियुक्त की गई हैं।योजना एवं विकास विभाग के अपर सचिव संजीव कुमार बेसरा श्रम आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। दुमका के उप विकास आयुक्त करण सत्यार्थी उत्पाद आयुक्त बनाए गए हैं। लोहरदगा के उपायुक्त गरिमा सिंह उच्च शिक्षा में निदेशक बनाई गई है। रांची के उप विकास आयुक्त विशाल सागर सूचना प्रौद्योगिकी में निदेशक बनाए गए हैं।कोडरमा के उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा आदिवासी कल्याण आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत सिन्हा अपने कार्यों के साथ झारखंड मेडिकल एवं हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के प्रभार पर रहेंगे। श्रम नियोजन विभाग में संयुक्त सचिव ऋतुराज को कोडरमा उपविकास आयुक्त नियुक्त किया गए है। मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त संविदा एस लोहरदगा के उप विकास आयुक्त बनाई गई हैं। अनुसूचित जनजाति जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव रवि आनंद पलामू के उप विकास आयुक्त बनाए गए हैं. अपने कार्यों के साथ में मेदिनीनगर निगम के नगर आयुक्त रहेंगे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव दिनेश कुमार यादव रांची के उप विकास आयुक्त बनाए गए हैं।

### खूंटी में दो पीएलएफआई...

गिरफ्तार उग्रवादियों में रनिया के रंगरुड़ी सरना टोली निवासी सुलेमान सुरीन उर्फ सुले (23) व मुरहू थाना क्षेत्र के तुरंग निवासी बुधराम मुण्डु उर्फ बासु (20) हैं। दोनों कई मामलों में वांछित हैं। बुधराम मुण्डू उर्फ बासु के खिलाफ तोरपा थाना में एक तथा तपकरा थाना में दो मामले दर्ज हैं। सभी मामले आर्म्स एक्ट व 17 सीएलए के तहत 2018 में दर्ज हुए थे। सुलेमान सुरीन उर्फ सुले के खिलाफ मुरहू थाना में आर्म्स एक्ट व सीएलए के तहत 2020 में मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में दोनों जेल जा चुके थे। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह, रनिया थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार यादव, मीडिया सेल से सत्यजीत कुमार और तोकेन पिकेट तथा रनिया पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### 32 देशों की फिल्मों ....

और स्मृति सिन्हा एवार्ड फंक्शन में उपस्थित रहेंगे। परितोष त्रिपाठी, अभिनेता अंकुश राजा, अभिनेत्री शिखा मल्होत्रा, मिस युनाइटेड नेशंस अर्थ अंजिल मेरीना तिर्की और इंपा के अध्यक्ष अभय सिन्हा इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। मुंबई के मशहूर एक्टिंग स्किल ट्रेनर और कास्टिंग डायरेक्टर प्रवीन चंद्र इच्छुक लोगों के लिए दो दिन के फ्री वर्कशॉप का आयोजन करेंगे। बॉलीवुड कलाकारों सहित झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख और संगीत नाटक अकादमी के झारखंड से एकमात्र सदस्य नंदलाल नायक अपनी प्रस्तुति देंगे। फिल्मों का चयन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कनाडा की कंपनी फिल्मफ्रीवे ने किया है। जूरी सदस्यों में कोलकाता के प्रसिद्ध फिल्मकार गौतम घोष, रांची के अजय मलकानी, अमेरिका की डॉक्टर रानू सिन्हा और मुंबई के अमित अग्रवाल थे । आयोजन में सहयोग झारखंड के कला संस्कृति एवं पर्यटन विभाग तथा जोहार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और इंपा का मिला है।

### बिस्किट लाने जा रहा ...

बारे में कुछ भी पता नहीं चला। सुबह में तुरी टोला स्कूल के बगल में विक्रम का कपड़ा और शव के अवशेष को देखा गया। कपड़े से ही परिजनों ने विक्रम का पहचान किया । प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती जिला परिषद सदस्य हेमंती देवी, प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी देवी, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर, पंचायत सचिव प्रभु दयाल राम मृतक के घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दिया। वहीं 5000 नगद व 50 किलो चावल उपलब्ध कराया।

## डाबर का एग्रोफॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने की पहल

> प्राकृतिक अवयवों से बने प्रोडक्ट की व्यापक रेंज के साथ हम हर परिवार को अच्छा स्वास्थ्य देने के लिए लगातार काम करते रहे हैं।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज सेंटर फॉर इंटरनेशनल फॉरेस्ट्री रीसर्च एवं वर्ल्ड एग्रोफॉरेस्ट्री के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, औडिशा, आन्ध्र प्रदेश, असम और तमिलनाडु में एग्रोफॉरेस्ट्री का उपयोग करते हुए वनों के बाहर और खेतों में पेड़ों एवं पौधों में सुधार लाने के लिए अभियान की शुरूआत की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस अभियान के द्वारा मेडिसिनल एवं एरोमेटिक पौधों और फलों वाले पौधों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। डाबर द्वारा शुरू किया गया यह अभियान वनों के बाहर एवं खेतों में पेड़ों की संख्या बढ़ाने में कारगर साबित होगा, जिससे वानिकी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन में कमी लाने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। साथ ही आस-पास के समुदायों को आजीविका के स्थायी अवसर भी मिलेंगे। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा डाबर में प्रकृति हमारे कारोबार का मुख्य आधार है। प्राकृतिक अवयवों से बने प्रोडक्ट की व्यापक रेंज के साथ हम हर परिवार को अच्छा स्वास्थ्य देने के लिए लगातार काम करते रहे हैं। साथ ही हम प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने के लिए भी काम करते हैं और अपनी मूल्य श्रृंखला के बाहर भी इस तरह के प्रयासों को अंजाम देते हैं। डाबर के लिए गर्व की बात है कि वनों के बाहर एग्रोफॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने का मौका मिला है। यह पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करने की दिशा में हमारा एक ओर कदम है, जिससे भूमि के क्षरण एवं जैव विविधता के नुकसान को कम किया जा सकेगा। योजना के तहत चिकित्सकीय गुण वाले चुनिंदा पौधों पर ध्यान दिया जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### पीएम मोदी ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित और देश के लिए उनके अभूतपूर्व योगदान को याद किया। श्री मोदी ने ट्वीट किया, मैं सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और भारत में उनके चिरस्थायी योगदान को याद करता हूं, खासकर हमारे राष्ट्र को एकजुट करने और सर्वांगीण विकास को गति देने में उनके अभूतपूर्व योगदान रहा। भारत के पहले गृह मंत्री पटेल को राष्ट्र में सैकड़ों रियासतों के विलय का नेतृत्व करके देश को एकजुट करने का श्रेय दिया जाता है। उनका निधन आज ही के दिन दिसंबर 1950 हुआ था।

### हिमाचल के राज्यपाल अर्लेकर ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति सचिवालय ने मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी।

### पाक के वजीरिस्तान में आत्मघाती हमला, तीन लोगों की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में उत्तरी वजीरिस्तान के कबाइली जिले के सरगर्दन इलाके में हुए आत्मघाती हमले में तीन नागरिकों की मौत हो गई और नौ सुरक्षाकर्मियों सहित 14 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को सुरक्षा बलों का एक काफिला दत्ता खेल तहसील से मीरामशाह जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल पर सवार आत्मघाती हमलावर ने सेना के काफिले में घुसकर मोटरसाइकिल को वाहन से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल मीरामशाह में भर्ती कराया गया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने सेना के हवाले से अपनी रिपोर्ट में जानकारी दी है कि घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है। सुरक्षाबलों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ खुफिया अभियान शुरू किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया कड़ा प्रहार, कहा

# लादेन को पनाह देने वाला पाक को प्रवचन देने का अधिकार नहीं

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिस देश ने आतंकवादी संगठन अल-कायदा के नेता ओसामा बिन लादेन की मेजबानी की और पड़ोसी मुल्क की संसद पर हमला किया, उसके पास संरा में प्रवचन देने का अधिकार नहीं है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने यह टिप्पणी पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा सुधारित बहुपक्षवाद पर परिषद की बहस में बोलते हुए कश्मीर मुद्दे को उठाने के बाद की है। डॉ. जयशंकर ने कहा, हम स्पष्ट रूप से आज बहुपक्षवाद में सुधार की तात्कालिकता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे पास स्वाभाविक रूप से हमारे विशेष विचार होंगे, लेकिन कम से कम यह बात सामने आ रही है कि इसमें और देरी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, संरा की विश्वसनीयता हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों के प्रभावी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है, चाहे वह महामारी हो, जलवायु परिवर्तन हो, संघर्ष हो या आतंकवाद हो। जब हम सर्वोत्तम समाधान खोजते हैं, तो हमारे प्रवचन को कभी भी इस तरह के खतरों




को लेकर सामान्यीकरण नहीं करना चाहिए।

विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा, दुनिया जिसे अस्वीकार्य मानती है, उसे सही ठहराने का सवाल ही नहीं उठना चाहिए। यह निश्चित रूप से सीमा पार आतंकवाद के देशों के प्रायोजन पर लागू होता है। न ओसामा बिन लादेन की मेजबानी करना और न ही पड़ोसी मुल्क की संसद पर हमला करना इस परिषद के सामने उपदेश देने के लिए प्रमाण के रूप में काम कर सकता है।

डॉ. जयशंकर मंगलवार को संरा सुरक्षा परिषद में भारत की वर्तमान अध्यक्षता के तहत आयोजित आतंकवाद और सुधार बहुपक्षवाद पर दो हस्ताक्षर कार्यक्रमों की अध्यक्षता करने के लिए यहां पहुंचे।

गौरतलब है कि अमेरिका में 11 सितंबर 2001 के हमलों का मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के एबटाबाद में रह रहा था और अमेरिकी नौसेना के जवानों ने उसके ठिकाने पर छापेमारी कर उसे मार गिराया था। वहीं, पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद के आतंकवादियों ने 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हमला किया था, जिसमें नौ लोग मारे गये थे।

### फ्रांस-ब्रिटेन ने फिर दिया भारत का साथ

**फ्रांस** और ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का एक बार फिर समर्थन किया है। में अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा तथा बहुपक्षीय सुधार के लिए नयी दिशा' विषय पर खुली बहस के दौरान संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राजदूत निकोलस डी. रिविएरे ने कहा, फ्रांस स्थायी सदस्यों के रूप में जर्मनी, ब्राजील, भारत और जापान की उम्मीदवारी का समर्थन करता है। वह स्थायी एवं गैर-स्थायी दोनों सदस्यों के बीच अफ्रीकी देशों की मजबूत उपस्थिति भी देखना चाहता है।" इस बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की। रिविएरे ने कहा कि सुरक्षा परिषद हमेशा हमारे सामूहिक सुरक्षा ढांचे का मुख्य आधार रहेगा। ब्रिटेन के राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने कहा कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लीवरली ने इस सप्ताह सार्वजनिक रूप से यह बात दोहराई थी कि हम ब्राजील, जर्मनी, भारत तथा जापान की स्थायी सदस्यता और अफ्रीकी देशों की स्थायी उपस्थिति का समर्थन करते हैं। वुडवर्ड ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया 1945 के मुकाबले अब काफी बदल गई है, जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी।

चीन में तेजी से बढ़ रहे कोरोना मामलें

## क्लीनिकों के बाहर तक लगी मरीजों की लंबी कतारें



**बीजिंग (एजेंसी)।** व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद कोविड-19 से जुड़ी बड़ी पाबंदियों को चीन द्वारा वापस लेने के लगभग एक पखवाड़े बाद देश बड़े पैमाने पर कोरोना वायरस की लहर से जूझ रहा है। वहीं एक चीनी राजनयिक ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के लिए विदेशी ताकतों" को दोषी ठहराया है। चीन के सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दिखाया गया है कि बीजिंग और कुछ अन्य शहरों में क्लीनिक में मरीजों की भीड़ है और फुटपाथ तक मरीजों की कतार लगी हुई हैं। लोग कड़ाके की ठंड में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि कई लोग अपनी कारों में और क्लीनिक के बाहर पार्किंग में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। तेज बुखार वाले लोग क्लीनिक के बाहर इंतजार कर रहे हैं। अधिकांश अपार्टमेंट ब्लॉक में ओमीक्रॉन से संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस वायरस की चपेट में आने से कोई भी बच नहीं पा रहा है। चाहे वे चीनी विदेश मंत्रालय के अधिकारी हों, बीजिंग स्थित राजनयिक हों या पत्रकार। इस बीच, चीन के एक वरिष्ठ राजनयिक ने आरोप लगाया है कि पिछले महीने कोविड-19 रोधी सख्त पाबंदियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन स्थानीय सरकार की महामारी का प्रबंधन करने में विफलता के कारण थे, लेकिन जल्द ही इसका 'फायदा' 'विदेशी ताकतों' द्वारा उठाया गया। हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग' पोस्ट में गुरुवार को प्रकाशित खबर के अनुसार बीजिंग, शंघाई, ग्वांगडोंग और अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शनों के बाद फ्रांस में चीन के राजदूत लू शाए की टिप्पणी किसी चीनी अधिकारी द्वारा की गई पहली टिप्पणी है। सात दिसंबर को एक स्वागत समारोह में लू द्वारा की गई टिप्पणी चीनी दूतावास की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शुरूआत में, चीनी जनता ने स्थानीय सरकारों द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों को पूरी तरह से लागू करने में विफलता के खिलाफ अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए विरोध प्रदर्शन शुरू किया लेकिन जल्द ही विदेशी ताकतों द्वारा विरोध का फायदा उठाया गया।"

एनडीए शासन में एमबीबीएस सीटों में 87 प्रतिशत वृद्धि

## पीजी में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई : मंडाविया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को कहा कि पिछले आठ साल में एमबीबीएस की सीटों की संख्या में 87 प्रतिशत और स्नातकोत्तर (पीजी) की सीटों में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंडाविया ने इस बात पर जोर दिया कि 2014 के बाद से देश में युवा पीढ़ी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच को आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनी है, शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव हुआ है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सभी राज्य और सभी वर्गों में बहुत सराहना हो रही है। कोविड के दौरान भी शिक्षा रुके नहीं इसके लिए भी कई पहल की गयी। दीक्षा पोर्टल से कोई भी बुक क्यूआर कोड के आधार पर आप पढ़ सकते हो। स्वयं प्रभा टीवी चैनल की शुरूआत की गयी



ताकि पहली से 12वीं तक के छात्रों को टीवी के माध्यम से शिक्षा मिले। लड़कियों के बीच में पढ़ाई छोड़ने की संख्या में गिरावट का उल्लेख करते हुए कहा कि ढाई लाख स्कूलों में 4.5 लाख से अधिक शौचलाय बनाएं गए। जिससे बेटियों में ड्राप आउट अनुपात 17 प्रतिशत से कम होकर 13 प्रतिशत हो गया है। मेडिकल शिक्षा को लेकर मंडाविया ने कहा कि जब मोदी प्रधानमंत्री बनें तब देश में मेडिकल की 31,000 पीजी सीट थी, जो अब बढ़कर 63,000 हो गयी हैं। यानी की 105 प्रतिशत बढ़ोतरी पिछले 8 वर्षों में हुई है। शासन के तहत की गई कई पहलों के प्रभाव को रेखांकित किया और कहा, परिवर्तन देश के हर नुक्कड़ पर देखा जा सकता है। इस गति और हितधारकों के बीच समन्वय के साथ, देश में शिक्षा का एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए, मंडाविया ने कहा कि 2014 में भारत में सीमित संख्या में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन सिस्टम बहुत अधिक समस्याओं से भरा हुआ था। मोदी सरकार के तहत इनपुट-आधारित से परिणाम-आधारित दृष्टिकोण और सुधारों के लिए एक आदर्श बदलाव है। नतीजतन, अब हमारे पास 2022 में 648 मेडिकल कॉलेज हैं, अकेले सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) की संख्या में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। और 2014 के बाद से निजी क्षेत्र में 42 फीसदी की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सभी को शिक्षा के लिए अवसर मिले उसके लिए मोदी सरकार ने प्रयास किया है और उसकी देशभर में सराहना हो रही है।

### हमीरपुर में सिलेंडर में लगी आग से 22 झुलसे

**हमीरपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र में बुधवार देर रात शादी समारोह में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से हलवाई समेत 22 लोग झुलस गये। गंभीर हालत में आठ लोगो को झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के लीगा गांव में अर्जुन अहिरवार के लड़के हेमराज की कल बारात जानी है। आज प्रीति भोज का कार्यक्रम चल रहा था। घर के बाहर खाना बनाया जा रहा था कि तभी अचानक सिलेंडर में रिसाव होने के चलते आग पकड़ ली। आग की चपेट में आकर राठ कस्वा निवासी हलवाई महीपत के अलावा पार्वती, कस्तूरी, थर्मपाल, अरबिंद, पुनीत, कृष, सुनील व उसकी पत्नी शशि, उसकी दो साल की बच्ची शिवानी व अमित, कृपाल, विनोद के अलावा कस्वा राठ निवासी मासूम रचित, आयुष,आनंद, आशीष आदि 22 लोग घायल हो गये। जिसमे महीपत कस्तूरी, पार्वती ताररानी, शशि लाड़कुवर, आनंद समेत आठ लोगो को झांसी रेफर कर दिया गया है। शेष का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में किया जा रहा है।

श्रद्धा मर्डर केस में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## महरौली के जंगलों से मिली हड्डियां श्रद्धा के पिता के डीएनए से मिला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** श्रद्धा मर्डर केस में एक बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली के महरौली के जंगलों से मिली हड्डियां का मिलान श्रद्धा के पिता के डीएनए से हो गया है। इससे साफ हो गया कि जंगल से बरामद हड्डियां श्रद्धा की थीं। दिल्ली पुलिस ने महरौली और गुरुग्राम के जंगलों से ये हड्डियां बरामद की थी। इस सैंपल्स को सीएफएसएल भेजा गया था। ये तमाम हड्डियां आरोपी आफताब की निशानदेही पर बरामद की गई थी।



महरौली के जंगलों में वालकर के शव के टुकड़ों की तलाश करते समय दिल्ली पुलिस को 13 हड्डियां बरामद हुई थीं। वालकर के लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने कथित तौर पर उसकी हत्या कर शव के 35 टुकड़े कर दिए थे और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में फेंका था। एक सूत्र ने कहा, पुलिस को बरामद हड्डियों की डीएनए रिपोर्ट मिल गई है। इन हड्डियों का डीएनए वालकर के पिता के डीएनए के नमूने से मेल खाता है। डीएनए जांच के लिए हड्डी के नमूने सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी भेजे गए थे। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने बुधवार को पूनावाला के पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट पुलिस को सौंपी थी।

### तीन दिन से चट्टानों में फंसा व्यक्ति जिंदा निकाला गया

**तेलंगाना।** कामारेड्डी जिले के एक जंगली इलाके में चट्टानों के बीच एक संकरी जगह पर फंसे व्यक्ति को लगभग 24 घंटे लंबे अभियान के बाद बृहस्पतिवार को सुरक्षित निकाल लिया गया। रेड्डीपेट गांव निवासी सी. राजू मंगलवार को फिसलकर चट्टानों के बीच फंस गया था। इस दौरान वह हिल भी नहीं पा रहा था। राजू अपने दोस्त के साथ इलाके में घूम रहा था। इस दौरान उसका फोन चट्टानों के अंदर गिर गया, जिसे निकालते समय यह घटना हुई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन ने उसे बचाने का प्रयास किया और जब सफलता नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी।

# क्या सरकार जजों की नियुक्ति 1993 के पहले की तरह खुद करना चाहती है?

## संविधान के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट के साथ हाईकोर्ट्स में नियुक्ति सरकार का काम था, 1993 के बाद से ये स्थिति बदल गई -रिजिजू

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संविधान के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट के साथ हाईकोर्ट्स में नियुक्ति सरकार का काम था, 1993 के बाद से ये स्थिति बदल गई है । उनके इस कहे को लेकर विपक्षी सांसदों ने तरह -तरह की आशंका जताना शुरू कर दिया है। कई सांसदों ने आपसी बातचीत में कहा कि लगता है केन्द्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के जजों की नियुक्ति पूरी तरह अपने हाथ में लेना चाहती है । इसलिए घुमा फिराकर इस तरह की बात कर रही है और कॉलेजियम का नाम ले रही है।

सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति में हो रही देरी और कॉलेजियम द्वारा भेजे नाम में से कुछ की नियुक्ति पर मंजूरी सरकार द्वारा किया जाना कुछ पर नहीं किया जाना या लंबे समय तक लटकाये रखे जाने के सवाल पर किरेन रिजिजू ने राज्य सभा में कहा कि पांच करोड़ मामले (केस)पेंडिंग हैं। सरकार को उनकी चिंता है। इसी वजह से वो जजों की नियुक्ति का मामला उठा रही है। सर्वोच्च न्यायालय में दखल के आरोप पर संसद में कानून मंत्री बोले कि जजों की नियुक्ति में सरकार का रोल बहुत कम होता है। हालांकि ये चीज संविधान की भावना के अनुरूप नहीं है।




उनका कहना था कि सरकार सर्वोच्च न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय से कई बार कह चुकी है कि उनकी सिफारिशों में कई चीजें नहीं होतीं। जो नाम भेजे जाते हैं उनमें क्वालिटी नहीं दिखती। कई बार जेंडर रेशियो को भी ध्यान में रखा नहीं जाता। वो बोले कि संविधान के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट के साथ हाईकोर्ट्स में नियुक्ति सरकार का काम था। लेकिन 1993 के बाद से ये स्थिति बदल गई।

कानून मंत्री के इस कहे पर कई सांसदों का कहना है कि मौजूदा समय में कानून मंत्री के बयान से फिर से सरकार की जिद दिखी कि वो जजों की नियुक्ति के मामले में अपने स्टैंड पर कायम है। सर्वोच्च न्यायालय से सरकार का विवाद लंबे समय से चल रहा है। कोर्ट ने हाल ही में सरकार से कहा था कि वो कानून की अवहेलना न करे। कॉलेजियम का प्रावधान सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हुआ है। अगर लोग अपनी मर्जी से कानून को मानेंगे तो इससे गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। कोर्ट ने लॉ सेक्रेट्री को आदेश दिया था कि वो कॉलेजियम की सिफारिशों को लागू करने में हो रही देरी की वजह बताएं।मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने 8 दिसंबर को कहा था कि जजों की नियुक्ति के लिए पहले से चली आ रही कॉलेजियम प्रणाली इस देश का कानून है। इसके खिलाफ बयानबाजी करना ठीक नहीं है। कोर्ट ने कहा कि उसका कानून सभी के लिए बाध्यकारी है। इसका पालन होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने ये बात कॉलेजियम के तरफ से भेजे गए नामों को मंजूर करने में केंद्र की तरफ से हो रही देरी का जिक्र कर ये बात कही थी।जस्टिस एसके कौल ने कहा कि इस अदालत की तरफ से घोषित कोई भी कानून सभी के लिए बाध्यकारी है। मैं केवल यह संकेत करना चाहता हूं। बेंच ने कहा कि अदालत को इस बात से परेशानी है कि कई नाम महीनों और सालों से लंबित हैं जिनमें कुछ ऐसे हैं जिन्हें कॉलेजियम ने फिर से भेजा है। बेंच ने कहा कि जब सर्वोच्च न्यायालय का कॉलेजियम नाम भेजता है , तो कई चीजों को ध्यान में रखता है। बेंच इस मामले में 6 जनवरी को सुनवाई करेगी